वर्ष- 12 अंक - 348 लखनऊ
शनिवार 09 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी के थानों में अवांछनीय तत्वों के प्रवेश पर पूरी तरह लगे रोक : डीजीपी 03

बारिश से कच्चा मकान हुआ धराशाई, गृहस्थी का सामान नष्ट 12

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,03,460/ |
| 22 कैरेट | = 94,850/ |
| 18 कैरेट | = 77,610/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,17,000/ |



**सूचना**

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 09 अगस्त को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 11 अगस्त को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

# सीएम योगी ने काकोरी ट्रेन एक्शन के वीरों को किया नमन

**सीएम ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद परिजनों को किया सम्मानित**





समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन कार्यक्रम है। आज से 100 वर्ष पहले 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से उस समय के महान क्रान्तिकारियों ने भारत की जनता के खून-पसीने की कमाई को इंग्लैंड ले जाने का कुत्सित प्रयास करने वाली ब्रिटिश हुकूमत के खजाने को अपने कब्जे में लेकर क्रान्तिकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाया था।

मुख्यमंत्री यहां काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ में 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह एवं वीरों को नमन' कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने काकोरी शहीद स्मारक में स्थित शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने पुस्तक 'काकोरी ट्रेन एक्शन-साहस, बलिदान एवं आजादी की कहानी' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने यूपी राज्य अभिलेखागार, यूपी राज्य ललित कला अकादमी एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गयी काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने शहीद स्मारक प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने फोटो बूथ पर सेल्फी ली तथा बालिकाओं से राखी बंधवाई।

**स्मरण का महान दिवस है काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे अभियान को नेतृत्व प्रदान करने वाले पं राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठा रोशन सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी सहित क्रान्तिकारियों की एक लम्बी श्रृंखला थी, जिन्हें ब्रिटिश हुकूमत ने अलग-अलग जेलों में बन्द करके, बिना सुनवाई का अवसर दिये ही फांसी के फंदे पर पहुंचाने का काम किया था। पं राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। अन्य क्रान्तिकारियों को गोण्डा, फैजाबाद और नैनी जेल में फांसी दी गई। चन्द्रशेखर आजाद ब्रिटिश हुकूमत के हाथ नहीं पड़े, बल्कि उन्होंने मुकाबला करते हुए स्वयं वीरगति प्राप्त की। आज का यह शताब्दी महोत्सव उन महान क्रान्तिकारियों के स्मरण का एक महान दिवस है। यह वर्तमान पीढ़ी के लिए एक नई प्रेरणा भी है। सीएम ने कहा, क्रान्तिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के मात्र 4,600 रुपए के खजाने को अपने कब्जे में लिया था, जबकि इन क्रान्तिकारियों को पकड़ने और बिना सुनवाई उन्हें फांसी देने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने 10 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की थी।

# बस पर गिरा विशालकाय पेड़ चालक सहित पांच की मौत

समृद्धि न्यूज



**बाराबंकी।** बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही परिवहन निगम की अनुबंधित यात्रियों से भरी बस पर गूलर का पेड़ गिर गया। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षिका व एडीओ समेत चार महिलाओं व बस चालक कुल पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बारिश के बीच बस में फंसे यात्री चीख पुकार मचाते रहे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मदद का हाथ बढ़ाया, वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत व बचाव कार्य शुरु कराया। हादसा बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे तेज बारिश के बीच हुआ।

जिला मुख्यालय से यात्रियों को लेकर रोडवेज की अनुबंधित बस हैदरगढ़ के लिए निकली, बस हरख चौराहा के निकट राजाबाजार से होकर गुजर ही रही थी कि अचानक पुराना व जर्जर गूलर का पेड़ बस पर जा गिरा। बस के जिस हिस्से पर पेड़ गिरा वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, बस में आगे बैठे यात्री गंभीर रूप से दब गए जबकि पिछले हिस्से में चीख पुकार मच गई। आनन फानन में पेड़ हटवाकर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया लेकिन प्राथमिक विद्यालय कादीपुर में तैनात शिक्षिका शिखा मल्होत्रा 45 पत्नी विजय कुमार मल्होत्रा निवासी गुलरिया गार्दा कोतवाली नगर, बस चालक संतोष कुमार सोनी, रफीकुन निशा पत्नी मो अली निवासी ग्राम भोजीपुर थाना इन्हौना जिला अमेठी, हरख ब्लॉक में सांख्यिकी अधिकारी पद पर तैनात जूही सक्सेना 30 पुत्री मदन मोहन सक्सेना निवासी संतोषी माता मंदिर निकट राजकमल कोतवाली शहर, इसी ब्लाक में एडीओ पद पर तैनात मीना श्रीवास्तव 55 निवासी कस्बा बंकी कोतवाली नगर को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि शैल कुमारी 36 निवासी ग्राम कोटवा पोस्ट इनायतपुर, कोठी हादसे में घायल हो गई। उधर बारिश के बीच डीएम शशांक त्रिपाठी दल बल के साथ पहुंच गए। उन्होने बताया कि घटना अत्यंत दुखद है। पांच लोगों की मौत हुई है।

**सीएम ने किया सहायता का ऐलान**

मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

संबंधित खबर पेज 8 पर

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगी 300 रुपए सब्सिडी

**केन्द्रीय कैबिनेट में लिया गया फैसला**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर सब्सिडी देने को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत प्रति व्यक्ति खपत (पीसीसी) 2019-20 में केवल लगभग 3 रिफिल थी, जो 2022-23 में 3.68 रिफिल और 2024-25 में बढ़कर लगभग 4.47 रिफिल हो गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई ) मई 2016 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देशभर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। एक जुलाई, 2025 तक देश में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों को सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज़, डोमेस्टिक गैस कंज़्यूमर कार्ड (डीजीसीसी) पुस्तिका और इंस्टॉलेशन शुल्क सहित निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन मिलता है।

उज्ज्वला 2.0 की मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी निःशुल्क दिया जाता है। लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन, पहला रिफिल या चूल्हे के लिए कोई भुगतान नहीं करना पड़ता, क्योंकि इनकी लागत भारत सरकार/तेल विपणन कंपनियां वहन करती हैं। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में तेज़ उतार-चढ़ाव के प्रभाव से पीएमयूवाई लाभार्थियों को बचाने और उन्हें सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने, साथ ही इसके निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई, 2022 में 200 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (अधिकतम 12 रिफिल प्रति वर्ष, और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए अनुपातिक) की लक्षित सब्सिडी शुरू

**असम-त्रिपुरा से जुड़ी विशेष परियोजना में अतिरिक्त घटक जोड़ने को मंजूरी**

केंद्र सरकार ने असम और त्रिपुरा के विकास के लिए बनी विशेष योजना में अतिरिक्त घटक जोड़ने का निर्णय लिया है, जिस पर कुल 4,250 करोड़ का परिव्यय होगा। । यह लोग अभी तक केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत पर्याप्त लाभ हासिल नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने बताया कि मंजूर परिव्यय में से 500-500 करोड़ रूपये असम के आदिवासी क्षेत्रों के गांवों तथा उत्तरी गोचर पहाड़ी स्वास्थ्य परिषद और दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी/दिमासा पीपल्स सुप्रीम काउंसिल के बसावट वाले गांव के विकास के लिए तय किए गए हैं। विकास कार्यों के लिए असम को तीन हजार करोड़ रूपये मिलेंगे। 250 करोड़ रूपये त्रिपुरा में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित किये गये हैं।

**तमिलनाडु में 4-लेन मरक्कानम-पुडुचेरी हाईवे परियोजना मंजूर**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को तमिलनाडु में 46 किलोमीटर लंबे 4-लेन के मरक्कानम-पुडुचेरी हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। परियोजना की कुल लागत 2,157 करोड़ रुपये तय की गई है और इससे क्षेत्र में संपर्क सुविधाओं के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। यह परियोजना सीधे तौर पर लगभग 8 लाख व्यक्ति-दिवस और परोक्ष रूप से 10 लाख व्यक्ति-दिवस के रोजगार का अवसर उत्पन्न करेगी। इस परियोजना के क्रियान्वयन से एक तरह क्षेत्रीय परिवहन बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और दूसरी तरफ आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

## सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक

**यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था, केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया**

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है। 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए और मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति दी। शर्त यह थी कि अधिग्रहित भूमि ठाकुरजी के नाम पर पंजीकृत होगी। इसके बाद 26 मई को यूपी सरकार ने अध्यादेश- 2025 जारी किया। इसमें मंदिर की देखभाल के लिए ट्रस्ट (न्यास) बनाने की व्यवस्था की गई। मंदिर का प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जिम्मेदारी श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास द्वारा संभाली जानी थी। 11 सदस्य मनोनीत होने थे, जबकि 7 सदस्य पदेन हो सकते हैं। इसके खिलाफ 27 मई को देवेंद्र गोस्वामी, सोहन मिश्रा, रजत गोस्वामी और व्यापारियों की तरफ से 4 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थीं। एडवोकेट एनके गोस्वामी के मुताबिक, चौथी तारीख में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक समिति को स्थगित रखा जाएगा। मंदिर की सुचारू व्यवस्था के लिए एक और समिति का गठन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे।

## संभल हिंसा मामले में सांसद जियाउर रहमान बर्क को मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल हिंसा मामले में सांसद जियाउर रहमान बर्क को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने सांसद बर्क द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। बर्क ने अपनी याचिका में पुलिस द्वारा दायर चार्जशीट सहित पूरे मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी। मामला 24 नवम्बर 2024 का है, जब संभल मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा के बाद पुलिस ने सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ हिंसा भड़काने सहित कई आरोपों में मुकदमा दर्ज किया था।

## घुसपैठियों को मतदाता सूची से किया जाएगा बाहर : अमित शाह

एजेंसी



**पटना/सीतामढ़ी ।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माँ सीता के बनने वाले मंदिर की आधारशिला रखी। इस मौके पर गृहमंत्री ने एक सभा को भी संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए संकल्पित हैं। हर हाल में बांग्लादेश या अन्य देशों से आए घुसपैठिओं को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। जो भारत में जन्मा नहीं, उसको मतदान का अधिकार संविधान नहीं देता है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को मतदान का अधिकार नहीं है। इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। आने वाले दिनों में पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने वाली है। चुनाव आयोग को एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, यह तय करने का अधिकार उन्ही का है न कि किसी राजनीतिक दल का।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी की सुनवाई टली अगली तारीख 22

**सुलतानपुर।** यूपी के सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गयी है। कोर्ट ने अगली तिथि 22 अगस्त तय की है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि साक्षी के नहीं आने से सुनवाई नहीं हो सकी। हालांकि वादी मुकदमा भाजपा नेता के अधिवक्ता संतोष पांडेय का कहना है कि गवाह मौजूद था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हुई। विशेष अदालत ने अब 22 अगस्त को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था।

# रेलवे ने 4.5 किमी लंबी मालगाड़ी का किया सफल संचालन

**पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि**

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** माल ढुलाई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से गुरुवार को भारतीय रेल की अब तक की सबसे लंबी मालगाड़ी 'रूद्रास्त्र' का सफलतापूर्वक चलाया गया।

करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी इस विशेष मालगाड़ी में छह खाली बॉक्सन रेक को आपस में जोड़कर कुल 354 वैगन तैयार किए गए, जिसे सात शक्तिशाली इंजनों की सहायता से चलाया गया। 'रूद्रास्त्र' ने औसतन 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पांच घंटे में 200 किलोमीटर की दूरी तय की। यह गंजख्वाजा स्टेशन से चलकर गढ़वा रोड स्टेशन तक पहुंची। इस ऐतिहासिक परिचालन में गंजख्वाजा से सोननगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर और आगे गढ़वा रोड तक भारतीय रेल के सामान्य ट्रैक पर इस सुपर-लंबी ट्रेन का संचालन किया गया। यह प्रयोग न केवल एक तकनीकी नवाचार है बल्कि सुव्यवस्थित संचालन, उत्कृष्ट समन्वय और समय की बचत का एक आदर्श उदाहरण भी है।

डीडीयू मंडल के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय रेल के सबसे व्यस्त और रणनीतिक मंडलों में से एक है, जो धनबाद मंडल को कोयला और अन्य माल लदान के लिए समय से खाली वैगनों की आपूर्ति करता है। यहां मालगाड़ियों के डिब्बों की जांच व मरम्मत का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाता है। डीडीयू मंडल की इस अभिनव पहल से एक साथ कई रेक चलाकर जहां चालक दल और संसाधनों की बचत हुई, वहीं ट्रैफिक कंजेशन में भी कमी आएगी। अलग-अलग छह रेक को चलाने की तुलना में एकीकृत 'रूद्रास्त्र' से रेल नेटवर्क पर दबाव घटेगा, और अन्य ट्रेनों के संचालन के लिए मार्ग भी उपलब्ध होंगे। डीडीयू मंडल के अधिकारियों ने बताया कि 'रूद्रास्त्र' जैसी पहल से माल ढुलाई में दक्षता, गति और क्षमता तीनों में सुधार होगा, जिससे रेलवे की राजस्व वृद्धि और ग्राहकों को बेहतर सेवा सुनिश्चित होगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि डीडीयू मंडल भारतीय रेल की नई सोच, तकनीकी नवाचार और बेहतर प्रबंधन का नेतृत्व कर रहा है।



## खबरें एक नजर में

### रक्षाबंधन पर इस बार भद्रा का साया नहीं, सुबह 5:28 से दोपहर 1:23 तक श्रेष्ठ मुहूर्त

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** रक्षाबंधन का पावन पर्व इस वर्ष 9 अगस्त शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार पूर्णिमा तिथि दोपहर 1:23 बजे तक रहेगी, जिसके चलते राखी बांधने का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह सूर्योदय 5:28 बजे से दोपहर 1:23 बजे तक रहेगा। विशेष बात यह है कि इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा, जिससे पर्व पर किसी भी प्रकार का दोष नहीं माना जाएगा। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन का संपूर्ण दिन और रात्रि शुभकारी है। हालांकि, श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 5:28 से दोपहर 1:23 तक का ही रहेगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रक्षा, विश्वास और संस्कार का प्रतीक है। महंत जी ने बहनों से अपील की है कि वे भाइयों की दीर्घायु और समृद्धि के लिए संकल्प लें। भद्रा-मुक्त इस पर्व को हर दृष्टि से मंगलकारी और कल्याणकारी माना जा रहा है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

**ईसानगर, खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार वैन्यू कार (संख्या 23 बीएच 42100) ने बैबहा गांव के पास बाइक (संख्या यूपी 34 सीबी 5821) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल, ओयल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। युवक के दाहिने हाथ पर 'पप्पू' लिखा हुआ है। पुलिस उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कृषि छात्रों ने दी तिरंगे को कला की नई उड़ान

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत, राष्ट्रभक्ति से प्रेरित गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह आयोजन तीन चरणों में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक संपन्न होगा। पहले चरण (2 से 8 अगस्त) में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को दो टीमों में बाँटा गया। दोनों टीमों ने महाविद्यालय की दीवारों और शिक्षण कक्षाओं के बोर्डों पर तिरंगे से प्रेरित चित्रों और आकृतियों से सजावट की, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह प्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने की। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. राजकुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रणधीर कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार सहित श्री राजकिशोर व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्रों की रचनात्मकता और देशप्रेम की भावना ने माहौल को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चिंतापुरवा गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। खेत में गन्ने की बधाई करने गए 35 वर्षीय उत्तम पुत्र परवन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तम खेत में एक नाली से दूसरी नाली में जाने के लिए तालाब के किनारे से निकला, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों को शक हुआ। तलाश के दौरान जब उसे पानी से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### मिलावटी मिठाइयों का गोरखधंधा जारी, खाद्य विभाग बना मूकदर्शक

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** श्रावण मास के चलते बाजारों में मिठाइयों की मांग बढ़ गई है, लेकिन इसी मौके पर मिलावटखोरों ने मिलावटी लड्डुओं का कारोबार बेखौफ जारी रखा है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना ने खाद्य एवं रसद आयुक्त को भेजे पत्र में इस गोरखधंधे की पोल खोली है। शिकायत में बताया गया कि विकास चौराहे के पास स्थित एक मकान में कुंतलों की संख्या में मिलावटी बूंदी के लड्डू बनाए जा रहे हैं, जहां पहले भी गंदगी के हालात पाए गए थे। बावजूद इसके, फूड विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। जिला प्रभारी ने मांग की है कि औचक निरीक्षण कर ऐसे कारखानों और दुकानों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़ रोका जा सके।

### गोला में युवक पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर में एक युवक पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। मुहल्ला मुन्नूगंज निवासी ऋषि कुमार गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सात अगस्त की रात 10 बजे वह अपने दोस्त के साथ मोहम्मदी रोड पर आ रहा था, तभी गौरव गुप्ता, सौरभ गुप्ता और उनके साथियों ने उस पर जान से मारने के इरादे से गाड़ी चढ़ा दी। ऋषि के अनुसार, गाड़ी चढ़ाने के बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से भी मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। ऋषि का आरोप है कि आरोपियों के पास हथियार और असलहे भी थे। पुलिस ने ऋषि की तहरीर पर आठ नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### भाजपा की बैठक में हर घर तिरंगा अभियान पर चर्चा

**मितौली खीरी।** भारतीय जनता पार्टी की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष मन्नालाल राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले से आए मुख्य अतिथि कमलेश शुक्ला ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य पर विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मन्नालाल राठौर, रामगोपाल अर्कवंशी, मंडल महामंत्री अनूप यादव (मितौली), नितेश गुप्ता (मितौली), विश्राम लाल मौर्या (मितौली), सुधीर कुमार सोल्जर भार्गव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### बजाज समूह के शिशिर बजाज को मिला वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान




**बलरामपुर।** बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज को मुंबई के प्रतिष्ठित होटल सहारा स्टार में आयोजित एक भव्य समारोह में बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन और बजाज समूह के वरिष्ठ मार्गदर्शक शिशिर बजाज को सर्वोत्तम नागरिक सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मिलने पर बजाज ग्रुप के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। महाराष्ट्र केराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस सम्मान समारोह में महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति श्रीराम शिंदे तथा सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ सम्मान मूर्तियों का सत्कार किया गया।सर्वोत्तम नागरिक सम्मान, मेघा श्रेय फाउंडेशन और श्रीमती सीमा सिंह द्वारा उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में अपने निःस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मिसाल कायम की है। इस वर्ष के समारोह में पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोडकर, पद्मभूषण डॉ. विजय भटकर, पद्मश्री डॉ. शंकर महादेवन, फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली, पद्मभूषण अनुपम खेर और पद्मश्री विजेंदर सिंह जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री शिशिर बजाज ने कहा कि हमारे मूलभूत सामाजिक प्रयास 1926 से शुरू हुए, जब मेरे दादाजी श्री जमनालाल बजाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन देने के लिए बजाज समूह की स्थापना की। उन्होंने बताया कि 1932 में उत्तर प्रदेश में हमारी पहली शुगर फैक्ट्री स्थापित की गई, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। तब से समूह ने व्यवसाय और सीएसआर दोनों क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण और भारतीय गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य किया है। बजाज चीनी मिल उतरौला यूनिट इकाई प्रमुख राकेश यादव ने बताया कि बजाज फाउंडेशन जनहित के अनेक सराहनीय कार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज के दिशा निर्देश में कर रहा है।

# 30 मीटर बांध बहा, हजारों की आबादी पर मंडराया पानी का सैलाब

- बांध टूटा, खतरा विकराल, चेतावनी के बावजूद भी प्रशासन नहीं हुआ सक्रिय

**धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



मूसलाधार बारिश और नदियों में छोड़े गए पानी ने धौरहरा तहसील का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लखपेड़ा के दक्षिण बने शारदानगर बाढ खंड से निर्मित बांध के कटने से लखपेड़ा, खनवापुर, फत्तेपुर, खंडवा, लाखुन, सुजावलपुर समेत कई गांव अब बाढ़ की जद में आने की कगार पर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कई महीनों से जर्जर बांध चिल्ला-चिल्ला कर चेतावनी दे रहा था मुझे सही करवा लो, वरना मैं टूट जाऊंगा लेकिन प्रशासन ने कान बंद कर लिए। नतीजा, लखपेड़ा का करीब 30 मीटर बांध बहकर नदी में समा गया, जिससे खतरा विकराल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि जानकारी पहले से थी, लेकिन सिर्फ कागज़ी खानापूर्ति और अस्थायी मिट्टी डालने का काम कर मामला टाल दिया गया। सवाल उठता है, जब समस्या पहले से मालूम थी, तो समय रहते स्थायी मरम्मत क्यों नहीं की गई, और अब जब पानी सर पर आ चुका है, तो जवाबदेही कौन लेगा । वही जानकारी के अनुसार लखपेड़ा (आबादी 1500), फत्तेपुर (1300), खनवापुर (1400), खंडवा (3200), सुजावलपुर (1600) और लाखुन (6000) के ग्रामीण पानी के बढ़ते स्तर से दहशत में हैं। इनमें से लखपेड़ा, खनवापुर, खंडवा और फत्तेपुर की फसलें पहले ही बर्बाद हो चुकी हैं। ग्रामीण चेतावनी दे रहे हैं अगर अधीनस्थ समय रहते नहीं चेते, तो अबकी बार खेतों के साथ-साथ घरों से भी हाथ धोना पड़ सकता है। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक तिवारी, ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप, अम्बुज सिंह, धीरज सिंह, दिनेश सिंह और गोविंद शुगर मिल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, हालात देखे और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। मगर गांवों में गुस्सा अब उबाल पर है, अगर राहत और बचाव में तुरंत तेजी नहीं आई, तो आने वाले दिनों में कई गांव पूरी तरह तबाह हो सकते हैं। फिलहाल ज़मीनी हकीकत यह है कि गांवों में बाढ़ और प्रशासनिक अनदेखी, दोनों का कहर एक साथ टूट रहा है, और अगर अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में नुकसान कई गुना बढ़ सकता है। वहीं, इस मामले को लेकर एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा इस विषय में मेरी बात एक्सईएन अजय कुमार (बाढ़ खंड) से हुई है, अभी फिर संपर्क करता हूँ। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि समस्या न होने पाए।

## खुले ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



**मोहम्मदी खीरी।** कस्बे के रामलीला मैदान स्थित पूर्वी लखपेड़ा मोहल्ले में शुक्रवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही युवक बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गगन गुप्ता (35) पुत्र श्रीकृष्ण कुमार गुप्ता निवासी रामलीला मैदान, पूर्वी लखपेड़ा, के रूप में हुई है। उनके घर के सामने बिजली का खंभा और ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। शुक्रवार को किसी काम के दौरान वह ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। परिजन और मोहल्लेवाले आनन-फानन में गगन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरवाकर सील किया और आवश्यक कार्यवाही के बाद मोर्चरी हाउस, जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं मोहल्ले के लोग भी इस दर्दनाक घटना से गमगीन हैं। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान में जीआरपी पुलिस की बड़ी सफलता

- कर्तव्यनिष्ठ जीआरपी पुलिस खीरी ने दिखवाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, एसपी रेलवे ने किया सम्मानित
- सराहनीय कार्य के लिए इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल को मिला प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार

**लखीमपुर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक रेलवे महोदय के कुशल नेतृत्व में चलाए गए वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। जनपद लखीमपुर के अनुभाग में कुल 12 वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर कानून व्यवस्था की दिशा में अहम योगदान दिया गया।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे सबसे बड़ा योगदान प्रभारी निरीक्षक राम सहाय का रहा, जिन्होंने अपनी सूझबूझ, रणनीतिक नेतृत्व और सतर्क निगरानी से पूरे अभियान को सफलता की ओर अग्रसर किया। राम सहाय ने जिस संजीदगी और कर्मठता के साथ अभियान का संचालन किया, वह पुलिस सेवा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है।अभियान को सफल बनाने में हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह यादव और हेड कांस्टेबल हेमंत कुमार ने भी अभूतपूर्व भूमिका निभाई। दोनों कर्मियों ने अपने कार्य में न केवल गति और प्रतिबद्धता दिखाई, बल्कि अपने साहस और सतर्कता से कई वारंटियों को गिरफ्तार कर दिखाया कि पुलिस बल में सच्चे मायनों में कर्मवीर मौजूद हैं।रेलवे द्वारा चलाए गए वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत जनपद लखीमपुर में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 12 वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान में जीआरपी थाना लखीमपुर खीरी प्रभारी निरीक्षक राम सहाय, हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह यादव एवं हेड कांस्टेबल हेमंत कुमार की विशेष भूमिका रही।पुलिस अधीक्षक महोदय ने अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह यादव एवं हेमंत कुमार को नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपराध गोष्ठी के दौरान सभी थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखा जाएगा, और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह दायित्व है कि समाज में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रूप से कार्य करते रहें।यह अभियान जनपद में अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आम जनता में सुरक्षा की भावना को और बल मिलेगा।

### महिला से अश्लील हरकत व मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धौरहरा (खीरी)।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर लहबड़ी की एक महिला ने गांव के तीन युवकों पर अश्लील हरकत, फोटो खींचने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, 7 अगस्त की दोपहर करीब 3:30 बजे वह अपने भतीजे की छट्टी में लड्डू बांटने गई थी। तभी नसरु, बाबर और वारिश पुत्रगण बदरुद्दीन ने बुलाया, लेकिन न जाने पर जबरन खींचकर घर ले गए, कपड़े खोलकर नसरु ने फोटो खींच ली। शोर मचाने पर पिता और भाइयों के पहुंचने पर आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज कर लाठी से पीटा। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## काकोरी कांड के शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज़ादी के महानायक काकोरी कांड के शहीदों की स्मृति में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करने के क्रम में, विकासखंड मितौली सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन परिचय व देश की आज़ादी में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कास्ता निवासी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बनवारी लाल शुक्ल के पुत्र रमेश शुक्ला, भीखमपुर निवासी अमर शहीद राजनरायन मिश्र के भतीजे दीपू मिश्रा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माखनलाल मिश्र के भतीजे राजाराम मिश्र तथा मगही निवासी सेनानी अयोध्या प्रसाद वर्मा के पौत्र पंकज वर्मा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद कुमार, एपीओ राजकुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेंद्र कुमार वर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित समस्त विकासखंड मितौली के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में खंड विकास अधिकारी ने शहीदों के परिजनों के साथ विकासखंड प्रांगण स्थित शहीद पार्क में वृक्षारोपण भी किया।

## तीर्थ क्षेत्र की उपेक्षा पर पुरोहितों का फूटा आक्रोश, कहा- समिति को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



पुरोहित कल्याण समिति ने तीर्थ क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक उपेक्षा को लेकर तीव्र नाराजगी जताई है। समिति अध्यक्ष अशोक जोशी के नेतृत्व में पुरोहितों ने विधायक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। समिति का कहना है कि श्रावण मास के दौरान प्रशासन द्वारा उच्चाधिकारियों की जो बैठकें आयोजित की गई, उनकी जानकारी समिति को नहीं दी गई। यदि दी जाती तो पुरोहित तीर्थ की समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते थे। पुरोहितों ने बताया कि तीर्थ परिसर में अवैध रूप से दुकानें लगाई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ और स्नान में भारी कठिनाई हो रही है। विरोध करने पर बात विवाद तक पहुँच गई, लेकिन प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। अशोक जोशी ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में समिति की उपेक्षा जारी रही तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी पीड़ा साझा करेंगे। बैठक में पं. कृष्ण कुमार, पं. दीनानाथ, पं. सुनील कुमार शास्त्री, पं. संजय कुमार, पं. मनोज कुमार, पं. श्यामू शास्त्री, पं. कृष्ण कुमार भट्ट, पं. शिवशंकर भट्ट, पं. मुन्नालाल समेत अनेक पुरोहित उपस्थित रहे।

## त्योहार से ऊपर ड्यूटी: रक्षाबंधन पर इंस्पेक्टर महेश चंद्र ने खुद संभाली चौराहे की कमान



**निघासन (खीरी)।** रक्षाबंधन के पर्व पर जहां एक ओर बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांध रही थीं, वहीं निघासन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए पूरा दिन ड्यूटी में बिताया। त्योहार के मद्देनज़र कस्बे में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैनात रहा। निरीक्षक महेश चंद्र स्वयं निघासन चौराहे पर मौजूद रहे और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह देते रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि नियमों का पालन कर न केवल अपनी, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें, ताकि त्योहार शांति और उल्लास के साथ मनाया जा सके। इंस्पेक्टर की इस सक्रियता से लोगों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ। त्योहार के दिन भी ड्यूटी के प्रति उनका समर्पण समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## भाजपा की नगर मंडल कार्ययोजना बैठक सम्पन्न, हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की बनी रणनीति

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल की कार्ययोजना बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता देवानंद गुप्ता और उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ, जहां नगर मंडल के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष फरिंद्र गुप्ता ने की। बैठक में हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। नगर अध्यक्ष फरिंद्र गुप्ता ने बताया कि रविवार को तिरंगा यात्रा दुःख हरण नाथ मंदिर से प्रारंभ की जाएगी, जिसमें भाजपा के पदाधिकारी, सभासद और सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लोगों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया जाएगा। मुख्य अतिथि देवानंद गुप्ता ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के प्रति सम्मान और एकता का प्रतीक है। वहीं विधायक राम प्रताप वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। कार्ययोजना बैठक में तय किया गया कि नगर के सभी वार्डों में कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से भी अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा। बैठक में नगर महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, वार्ड संयोजक, सभासद और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। यह अभियान न केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को विशेष बनाएगा, बल्कि नगर में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश भी फैलाएगा।

## रक्षाबंधन पर सजी बाजारों में रौनक, राखी और मिठाइयों की खरीद में उमड़ी भीड़

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन आज (9 अगस्त) पूरे देश के साथ-साथ बलरामपुर जनपद में भी हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रही हैं, वहीं भाई बहनों को जीवनभर सुरक्षा का वचन दे रहे हैं।

त्योहार को लेकर उतरौला बाजार में सुबह से ही जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। राखियों की दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक डिजाइन की राखियों की सजावट लोगों का ध्यान खींच रही थी। बच्चों से लेकर युवतियों और महिलाओं तक में राखी खरीदने का उत्साह साफ नजर आया।

रक्षाबंधन पर मिठाइयों का महत्व देखते हुए मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने भाइयों और प्रियजनों के लिए रसगुल्ला, गुलाब जामुन, बर्फी, लड्डू सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयां खरीदते दिखे। कई दुकानों पर तो सुबह से ही मिठाइयों के पैकेट बुकिंग के ऑर्डर मिलने लगे थे।

इस बार रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि पर विशेष संयोग में मनाया जा रहा है। दुःख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी के अनुसार, पूर्णिमा तिथि पूरे दिन और रात तक रहेगी, वहीं राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 10:45 बजे से शाम 7:15 बजे तक रहेगा। इस दौरान राखी बांधना विशेष रूप से फलदायी माना गया है। ग्रामीण इलाकों से लेकर नगरों तक, घर-घर में त्योहार की तैयारियां जोर-शोर से हुईं। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी, भाइयों के लिए तिलक, मिठाई और राखी की थाल सजा रही हैं। घर-घर में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास, हंसी-खुशी और उत्साह का वातावरण है। रक्षाबंधन का यह पावन पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि परिवार और समाज में प्रेम, विश्वास और एकता का संदेश भी देता है।

### आज मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व, बहनें बांधेंगी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस बार कल, 9 अगस्त को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी, वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा करने का वचन देंगे। सादुल्लानगर में रक्षाबंधन को लेकर रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियों की बहार दिखाई दे रही है। बच्चों से लेकर महिलाओं तक में राखियों को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ गई है।



इस बार का रक्षाबंधन विशेष संयोग में मनाया जाएगा, क्योंकि पूर्णिमा तिथि पूरे दिन और रात तक रहेगी, जिससे बहनों को पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगरों तक रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर हैं। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भाइयों के लिए तिलक, मिठाई और राखी की थाल सजा रही हैं।

# युवाओं की पहली पसंद बना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है।

इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के चार माह में अब तक प्रदेश भर में करीब दो

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

लाख आवेदन आ चुके हैं जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य 1 लाख 50 हजार रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर लखनऊ है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,200 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष पिछले चार माह में 4,598 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 3,623 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है।

### चार माह में करीब दो लाख युवाओं ने किया आवेदन

पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है बल्कि उन्हें एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष चार माह में पूरे प्रदेश से 1,96,004 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं जबकि 1,58,595 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 45,463 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है जबकि 42,128 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। वहीं, अगर पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की करें तो एक लाख लक्ष्य के सापेक्ष 1,78,662 आवेदन प्राप्त हुए जबकि 1,44,273 आवेदन बैंकों को फॉरवर्ड किये गये। इनमें से 40 हजार से अधिक आवेदन बैंक ने स्वीकृत किये और 28 हजार से अधिक युवाओं को लोन वितरित किया। इसके लिए एमएसएमई विभाग की ओर से 113 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी स्वीकृत की गयी।

> मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देने के लिए हर माह बैंकों से साथ बैठक की जा रही है ताकि योजना से संबंधी जो कोई समस्या आने पर उसे तत्काल दुरुस्त किया जा सके। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में लखनऊ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।
> विशाख अय्यर, डीएम, लखनऊ

## पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई, आए 38 शिकायती मामले

समृद्धि न्यूज

▸ पेंशन में देरी, अवैध कब्जे जैसे मामलों पर आयोग का कड़ा रुख

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 38 शिकायती प्रकरणों पर जनसुनवाई की गई।

इस जनसुनवाई में पेंशन भुगतान में देरी, अवैध कब्जे, अधिकारी अनुपस्थिति जैसे गंभीर मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया। राम आसरे सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त पेंशन, ग्रेच्युटी और राशिकरण भुगतान में 63 दिन की देरी पर आयोग ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सहायक कोषाधिकारी, जवाहर भवन ने सूचित किया कि देयकों का भुगतान कर दिया गया है, परन्तु शासनादेश के अनुसार अधिकतम तीन दिन में भुगतान होना चाहिए था। आयोग ने दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की।फूलकेसरी कश्यप के मामले में नगर निगम लखनऊ का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर अध्यक्ष ने गम्भीर असंतोष जताते हुए चेतावनी दी कि अगली तिथि पर सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति की स्थिति में नगर आयुक्त के विरुद्ध शासन को कार्यवाई हेतु लिखा जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### हर्षोल्लास से मनाया गया डॉ भारती गांधी का जन्मदिन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी का 92वाँ जन्मदिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आध्यात्मिकता व ईश्वरीय एकता के सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाया गया। सी.एम.एस. हेडक्वार्टर में आयोजित इस विशेष समारोह में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, डा. सुनीता गाँधी, विनय गाँधी, श्रीमती मोना गाँधी, राबर्ट गाँधी एवं सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं के अलावा साहित्यकार श्री हरि ओम शर्मा व अन्य प्रमुख हस्तियों ने डा. भारती गाँधी को जन्मदिवस की बधाईयाँ देते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में सी.एम.एस. की सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्री सुष्मिता घोष के साथ विद्यालय के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों ने डा. भारती गाँधी को बधाईयाँ देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इसके अलावा, आज दिन भर डा. भारती गाँधी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस में अध्ययनरत 63000 छात्रों ने भी अपने-अपने विद्यालय प्रांगण में अपनी आध्यात्मिक अभिभावक एवं प्रेरणास्रोत डा. गाँधी का जन्मदिन मनाया और बधाई कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को उकेरा।

### लखनऊ पुलिस ने 86 लोगों के मोबाइल बरामद किए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कमिश्नरेट की दक्षिणी जोन पुलिस ने 86 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए। शुक्रवार को मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लोगों ने कहा कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस ने मोबाइल बरामद करके रक्षाबंधन का गिफ्ट दिया है। डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि दक्षिणी जोन के थाना क्षेत्रों में जिन लोगों के मोबाइल गुम या चोरी हो रहे थे, उनकी जांच सर्विलांस सेल कर रही थी। सर्विलांस सेल के विशेषज्ञ हर रोज खोए मोबाइलों की लोकेशन खोजने की कोशिश करते थे। उनकी मेहनत रंग लाई और धीरे-धीरे उन्हें सफलता मिलने लगी। कुछ ही दिनों में सर्विलांस सेल ने खोए हुए 86 मोबाइल वापस खोज निकाले। दक्षिणी जोन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीसीपी और एडीसीपी ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन लौटाए। ये गुम हुए फोन लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, दिल्ली जैसे अन्य राज्यों से भी बरामद किए गए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 13 लाख रुपए है।

### गोमती में दीपदान व रक्षासूत्र देकर गोमती की रक्षा का भी संकल्प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या की श्रावण पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम एवं 141वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचों से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी व पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व श्रावण पूर्णिमा पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर गोमती नदी व वृक्षों की रक्षा का संकल्प लिया गया और इसके बाद समाजसेवी सविता दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया गया और श्री गणेश वंदना के साथ नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया।

### कोतवालेश्वर मंदिर में महिलाओं ने महादेव को बांधी राखी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने महादेव को राखी बांधकर अपनी रक्षा का आशिर्वाद लिया। शुक्रवार को चौक कोतवाली स्थिति कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर महादेव को महिलाओं ने राखी बांधी। यह कार्यक्रम श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महंत विशाल गौड ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के बीच कर्तव्य के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। भगवान ही सबके माता पिता, भाई, मित्र और पीड़ा हरने वाले होते हैं। इस वर्ष से यहां मंदिर में महादेव को राखी बांधकर रक्षा का आशिर्वाद लेने की नयी परंपरा शुरु की गयी है। उन्होने बताया कथाओं के अनुसार देवों और दानवों के बीच युद्ध के दौरान इंद्राणी ने देवराज इंद्र की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा था, जिससे देवताओं की विजय हुई थी। भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया था कि वे पाताल लोक में रहेंगे। देवी लक्ष्मी जो भगवान विष्णु के साथ नहीं रहना चाहती थीं, ने राजा बलि को राखी बांधकर उनसे अपने पति को वापस भेजने का अनुरोध किया।

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है। यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता व सद्भाव की भावना का प्रतीक है। रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व तो है ही, यह भारत की गुरु-शिष्य परम्परा का त्योहार भी है। रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण मास में आश्रम परम्परा में अध्ययन और यज्ञ आदि कर्म के उपरान्त यजमानों और शिष्यों को रक्षासूत्र बांधने की प्रथा थी, जिसका पालन रक्षाबंधन के रूप में भी किया जाता है।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मातहतों को दिए निर्देश

# यूपी के थानों में अवांछनीय तत्वों के प्रवेश पर पूरी तरह लगे रोक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मातहतों के पेंच कसे हैं। उन्होंने कहा है कि थानों की कार्यप्रणाली इस प्रकार विकसित की जाए कि जनता का कोई भी व्यक्ति बिना किसी हिचकिचाहट के थाने आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। थानों में अवांछनीय तत्वों का प्रवेश पूरी तरह रोका जाए।

इस दौरान डीजीपी ने अपनी 10 प्राथमिकताओं को दोहराते हुए सभी प्राथमिकताओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 10 प्राथमिकताओं के लक्ष्य को तीन आधार स्तंभों, एक तकनीक, प्रशिक्षण और तीसरा, प्रतिभा विषेषज्ञता के माध्यम से प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। जन शिकायतों के निस्तारण पर चर्चा के दौरान डीजीपी ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण का मूल्यांकन सूचनाओं और आंकड़ों के आधार पर करना होगा। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के तुलनात्मक आंकड़ों पर उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं आईजीआरएस मामलों की नियमित समीक्षा करें। साथ ही साथ वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यों का भी मूल्यांकन जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के आधार पर होगा। इसी प्रकार, जिला प्रभारी भी अपने-अपने जिलों के थाना प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन जन शिकायतों के निस्तारण के आधार पर करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण पर चर्चा के दौरान पुलिस महानिदेशक ने कहा प्रशिक्षण प्रतिदिन की प्राथमिकता है, यह एक न?जरिया है। वरिष्ठ अधिकारी जिलों व पीएसी इकाइयों में भ्रमण के दौरान वहां दिये जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। फील्ड व पीएसी इकाइयों में नियुक्त कर्मियों को भी आपरेशनल एवं सिचुएशनल प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

### सभी थानों में साइबर सेल को करें और सुदृढ़

डीजीपी ने कहा कि कोविड के बाद से साइबर अपराधों के मामलों में वृद्धि हुई है। ऐसे में पुलिस को भी अपनी क्षमता को उसी प्रकार उन्नत करने की आवश्यकता है। थानों में गठित साइबर सेल और उनके कार्यों को सुदृढ़ बनाने के संबंध में पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इन्हें पूरा करते हुए, वरिष्ठ अधिकारी अगले 15 दिनों के भीतर सभी थानों में साइबर सेल को सुदृढ़ करें और यह सुनिश्चित करें कि साइबर सेल में केवल कुशल एवं जानकार कार्मिक ही नियुक्त हों। डीजीपी ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र गृह मंत्रालय के साइबर प्रशिक्षण पोर्टल साइट्रेन पर अधिक से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नामांकन कराकर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाए। इस दिशा में भी अगले 15 दिनों के भीतर परिणाम दिखने चाहिए। थाना स्तर एवं जिला स्तर के साइबर सेल को सुदृढ़ किया जाए तथा पीड़ितों की शिकायतों से संबंधित पोर्टल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल का तत्परतापूर्वक अधिकतम उपयोग किया जाए। इस पोर्टल के माध्यम से जो निर्धारित कार्यवाही की जानी है, उसको अतिशीघ्र सुनिश्चित करें। आगामी दिनों में मुख्यालय से इस पोर्टल की कार्यवाही से संबंधित एसओपी भी जारी की जाएगी।

## रक्षाबंधन को लेकर यूपी पुलिस अलर्ट, मनचलों पर रहेगी पैनी नजर

**लखनऊ।** भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन शनिवार को उत्तर प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार को मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। सादी वर्दी में महिला एवं पुलिस बल के साथ एंटी रोमियो दल को भी सक्रिय किया गया है। पुलिस की मनचलों पर पैनी नजर रहेगी। पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने सारे इंतजाम पहले से कर रखे हैं। बाजार, शापिंग माल में भीड़ को देखते हुए सादी वर्दी में महिला एवं पुरुष पुलिस मुस्तैद हैं, जो हर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में गश्त की जा रही है।

# खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान, हो रही है कालाबाजारी

समृद्धि न्यूज

▸ न सहकारी समितियों पर मिल रही समुचित खाद न अधिकृत दुकानों पर

**लखनऊ ।** किसानों को खाद और बीज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। सरकार बराबर दावा कर रही है कि प्रदेश में न उर्वरक की कमी है न ही उन्नत किस्म के बीजों की।दावे हैं दावों का क्या, किये जाते हैं लेकिन धरातल पर हालात विषम और विपरीत हैं। न सहकारी समितियों पर पर्याप्त उर्वरक है और न ही खाद बीज के विक्रेताओं के पास पर्याप्त उर्वरक है।

जिस भी दुकान पर खाद है, वो मनमानी कीमतों पर बेंच रहे हैं।निर्धारित दर पर बिक्री के केवल दावे किए जा रहे हैं। दुकानदार यूरिया के साथ कोई कीटनाशक या फिर जिंक अथवा कोई और रसायन जबरन महंगी दर पर बिना जरूरत खरीदने को मजबूर करते हैं। कृषि महकमे के आला ओहदेदार दफ्तरों से बाहर आने को राजी नहीं है। उर्वरक विक्रेताओं के यहां चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति होती है। शिकायतें आती हैं जरूर लेकिन उन्हें तरजीह ही नही मिलती। सच यह है कि विभाग के जिम्मेदार हकीकत से वाकिफ हैं लेकिन मौन साधे रहते हैं। कालाबाजारी पर नियंत्रण नहीं है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही बराबर दौरे कर रहे हैं।

### बिना उपभोक्ता सहमति मीटर परिवर्तन अधिनियम का उल्लंघन

**लखनऊ ।** पावर कारपोरेशन मानों मनमानी पर उतर आया है। नियम कानून को ताक पर रखकर मनमर्जी करने वाला पावर कारपोरेशन अब सीधे उपभोक्ताओं के साथ दादागिरी कर रहा है। बिना उपभोक्ताओं के मर्जी के मीटरों में बदलाव किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। जो मीटर परिवर्तन किये जा रहे है वह अधिकाधिक तेज चल रहे है। उपभोक्ता परिषद ने चेतावनी दी है कि उपभोक्ता परिषद ऐसे मामले में चुप नही बैठगा। उत्तर प्रदेश में लगभग 32 लाख स्मार्ट प्रीपेड मी. प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर पर लगाए जा चुके हैं और बिना उपभोक्ताओं की अनुमति लिए बिना 1 अगस्त तक लगभग 254000 विद्युत उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्रीपेड मी. को प्रीपेड मोड में कन्वर्ट कर दिया गया है।

# काकोरी कांड की वर्षगांठ पर कांग्रेस ने निकाली यात्रा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''क्रांति दिवस'' की पूर्व संध्या पर हरदोई रोड़ स्थित काकोरी शहीद स्मारक लखनऊ में कांग्रेसजनों द्वारा जयहिन्द यात्रा निकाली गई। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, उप्र प्रभारी अविनाश पाण्डेय मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए एवं अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने की।

जयहिन्द यात्रा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता अराधना मिश्रा ''मोना'', राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी धीरज गुर्जर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवननाथ पासवान, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संयुक्त रूप से प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में एकत्रित हुए हजारों लोग हाथों में तख्तियाँ व तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए शहीद स्मारक पहुँचे, जहाँ सभी सम्मानित नेताओं ने अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला, रोशन सिंह व राजेन्द्र लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्षगण दिनेश कुमार सिंह, शरद मिश्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ.प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता डॉ.उमा शंकर पाण्डेय, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह उर्फ बब्लू, महानगर दक्षिण अध्यक्ष डा. शहजाद आलम, महानगर उत्तरी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव अंकित तिवारी, राजेश सिंह काली, आसिफ रिजवी रिंक आदि मौजूद रहे।

# 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में लखनऊ छावनी स्थित 2 एमटी बटालियन एएमसी सेंटर एवं कॉलेज में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 7 अगस्त 2025 को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगोत्री पाठक एवं लेफ्टिनेंट कर्नल कविता रामदेवपुत्र भी उपस्थित रहे।

29 जुलाई 2025 से चल रहे दस दिवसीय शिविर कैंप कमांडेंट एवं बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक के नेतृत्व में तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा की देख-रेख में आयोजित किया गया था। कैंप के समापन पर अपने संबोधन में कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक ने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी से प्राप्त प्रशिक्षण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कर्नल (डॉ.) पाठक ने कहा कि आवश्यकता है प्राप्त शिक्षा को आत्मसात करने और व्यवहारिक जीवन में लागू करने की ऐसा करके विकसित भारत की संकल्पना को सार्थक किया जा सकता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को कैडेटों ने मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं - तत्क्षण वाक् प्रतियोगिता, मानचित्र का अध्ययन, फील्ड सिगनल्स, फायरिंग, ड्रिल, लाईन एरिया, एकल नृत्य व गान, समूह नृत्य व गान के विजेता कैडेटों को सम्मानित किया गया। कैंप को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों, केयर टेकर ऑफिसर्स, सैन्य एवं सिविल स्टाफ को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अल्फा कंपनी को शील्ड प्रदान की गई। एनसीसी गान व राष्ट्र गान तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सपा राज में शिक्षा व्यवस्था थी तुष्टिकरण का शिकार : संदीप सिंह

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद, नकल माफिया और लापरवाहियों की शिकार थी, जबकि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता, निवेश और सोच के साथ इसे बदलने का कार्य किया है। उन्होंने 2015 के अखबार की कटिंग दिखाते हुए कहा कि सपा के राज में 3.45 करोड़ बच्चे स्कूल से दूर थे। जब से भाजपा आई तभी पढ़ाई में जान आई। उन्होने कहा कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश सरकार में एक भी ऐसा मॉडल स्कूल नहीं बना, जिसे राज्य गौरव से दिखा सके। उन्होंने कहा कि सपा ने सिर्फ शिक्षा ही नहीं, संस्कृति का भी अपमान किया।

### केजीएमयू को मिला नैक से ए-प्लस ग्रेड



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्याल ने 08 अगस्त को एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए++ ग्रेड प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय को यह मान्यता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध कार्य एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उस दिशा में एक बड़ा कदम है। जिसकी नींव दो वर्ष पूर्व 09 अगस्त 2023 को प्रो. सोनिया नित्यनंद के कुलपति पद ग्रहण करने के साथ ही रखी गई थी। उस समय किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए+ ग्रेड प्रदान किया गया था। प्रो. नित्यनंद ने पदभार संभालते ही यह संकल्प लिया था कि विश्वविद्यालय को ए++ ग्रेड की ओर अग्रसर करना है, और अपने दूरदर्शी नेतृत्व व अटूट समर्पण से उन्होंने यह सपना साकार कर दिखाया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यनंद ने इस सफलता के लिए सम्पूर्ण किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए, कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति भी आभार प्रकट किया। जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हो सकी। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए गौरव का विषय है।

# समस्याओं के निराकरण के लिए प्रमुख सचिव से मिले रोडवेज नेता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व इसके कर्मचारियों की समस्याओं,मांगों पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ.प्र. के प्रतिनिधिमंडल की प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अमित कुमार गुप्ता से बापू भवन, सचिवालय में आज लंबी वार्ता हुई।

इस वार्ता में परिषद द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर हो रही डग्गामारी, अखिल भारतीय पर्यटक परमिट लेकर चलने वाली गाड़ियों द्वारा परमिट की शर्तों का उल्लंघन, निजी बसों व परिवहन निगम की बसों के अतिरिक्त कर की दरों में असमानता, वर्ष 2001 तक के संविदा चालकों-परिचालकों व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का नियमितीकरण, बकाया महंगाई भत्ते का देय दिनांक से भुगतान, गंभीर वेतन विसंगतियों का निवारण, प्रदेश से बाहर तैनात कर्मियों का मकान किराया भत्ते का पुनरीक्षण एवं सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती आदि मुद्दों को प्रमुख सचिव के समक्ष रखकर उनका समाधान करने का अनुरोध किया गया।

रोडवेज परिषद के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया की प्रमुख सचिव द्वारा प्रतिनिधि-मण्डल को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अनाधिकृत संचालन, डग्गामारी पर रोक लगाने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है तथा अखिल भारतीय पर्यटक परमिट लेकर चल रही वाहनों द्वारा परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही की जाएगी।

### वरिष्ठ पत्रकार शब्बन खान गुल का निधन

**लखनऊ।** करीब दशक पूर्व खबरों की दुनिया में धाक जमाने वाले क्राइम सीरियल इंडियाज मोस्ट वांटेड से रिपोर्टिंग की शुरुआत करने वाले वरिष्ठ खोजी पत्रकार शब्बन खान गुल 62 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह गए। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर उनके जानने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पत्रकार पीयूष त्रिपाठी, राजेश शर्मा, पीके गोस्वामी, आर बी सिंह, अब्दुल हफीज, विवेक दीक्षित, राजेश राय, अज़ीज़ सिद्दीकी, राकेश श्रीवास्तव, दिनेश प्रताप सिंह, दीपक अग्निहोत्री, अनिल शर्मा, अनूप गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, वीरेंद्र मिश्र, अजीज अहमद, शिव मनोहर पांडेय, राजेश कुमार पांडेय, लालित मोहन श्रीवास्तव, के सी शर्मा, नवेद सिद्दीकी कुल बहादुर श्रेष्ठ, अरुण हरदेनिया, लालमणि त्रिपाठी, बीबी सिंह नेगी आदि ने शोक जताया।

# किसकी जेब में गया श्रमिकों का एक करोड़ बीस लाख

▸ नगर निगम कार्यदायी कार्मिकों के मानदेय में मनमानी कटौती

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** तत्कालीन नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के कार्यकाल में पटरी पर लौट रही नगर निगम की सभी व्यवस्थाएं अब एक बार फिर बेपटरी हो चली है। नए नगर आयुक्त द्वारा फिलहाल कार्यप्रणाली को देखने तथा आए दिन होने वाले कार्यो में उलझे रहने के बीच अब एक मामला फिर नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ ने उठा दिया है।

संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने कार्यदायी संस्था के कार्मिकों के मानदेय से 1000 से 1200 रूपये की कटौती की जांच किए जाने की मांग के लिए महापौर और नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। सूत्रों के अनुसार निगम में लगभग 12000 कार्यदायी संस्था के कार्मिक है। नियमानुसार इन कार्मिकों को 388 रूपये प्रतिदिन यानि मासिक मानदेय 10506 रूपये मिलना चाहिए।

उक्त कार्मिकों के ईपीएफ खाते में 303 रूपये और ईएसआई के लिए 25.22 पैसे का भुगतान होना चाहिए। लेकिन कार्यदायी संस्था के कार्मिकों को 8800 या 8900 रूपये का भुगतान किया जा रहा है। यानि प्रति कार्मिक लगभग 1000 से 1200 रूपये कम दिये जा रहे है। यही नहीं जब हो हल्ला मचा तो कुछ कार्मिकों को 400-400 रूपये अलग से दिये गए। अब सवाल यह उठता है कि अगर इसी त्यौहार के मानदेय में 12000 कार्मिकों से लगभग एक करोड़ बीस लाख की कटौती की गई तो इस राशि की कहां बंदरबाट की गई।

नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ महापौर एवं नगर आयुक्त से मांग करता है कि आर आर विभाग के चालकों के पारिश्रमिक से नियम विरुद्ध की गई कटौती की जांच करा कर चालकों को न्याय दिलाने का कष्ट करें। तथा सभी श्रमिकों को रक्षा बंधन पर्व से पूर्व सम्पूर्ण नियमानुसार पारिश्रमिक का भुगतान एवं ई पी एफ तथा ई एस आई की कटौती को भी समय से जमा कराने का कष्ट करें।

रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
सन स्टैम्प एण्ड एडवरटाइजिंग
सभी प्रकार की मोहरे व नेम प्लेट अजेन्ट मोहरें तुरन्त प्राप्त करें।
भैसा कुण्ड रोड तिराहा हजरतगंज मार्ग गोमती तटबन्ध, लखनऊ
मो. 9336479227

अजीत सिंह चौहान
उपसभापति राज्य निर्माण उत्तर प्रदेश
मो. 9456814993

Rudra Enterprises Manufacture
All Tipes of Sport Wear
Mob- 8192004400
Meerut, Uttar Pradesh

बीमा केन्द्र
हमारे यहाँ सभी प्रकार के बीमा उपलब्ध है। जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, वाहन बीमा (कार, बाइक)
पता- 212, शेखूपुरा कालोनी, अलीगंज, लखनऊ -226022
मो:- 9453262611,7081122889

# घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर, प्रशासन ने लगाई 145 नावें

**महसी तहसील के कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के कारण जिले में घाघरा और सरयू नदी उफान पर हैं। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी लाल निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।जलस्तर बढ़ने से जिले के महसी, शिवपुर और मिहिपुरवा इलाके में कई गांव पानी से घिर गए हैं।

महसी इलाके के जानकीनगर, कटेला पुरवा, चमरहिया, सिसई पुरवा, जोधे पुरवा, महंत पुरवा, टंच पुरवा और माझा दरिया ग्राम बाढ़ की चपेट में हैं। रास्तों पर पानी भरने से लोग नाव से आवागमन कर रहे हैं। जानकी नगर में बाढ़ के साथ कटान भी जारी है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ से प्रभावित इलाकों में नाव की मदद से लोगों को राहत सामग्री का वितरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

प्रभारी उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में 145 नावें लगाई गई हैं। इसके साथ ही पांच मोटर बोट की भी व्यवस्था की गई है। इन नावों और मोटर बोट के माध्यम से लोगों को सहायता पहुंचाई जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में तहसील एवं ब्लाक मिहींपुरवा अन्तर्गत आनंद नगर बड़खडिया में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित किये गये बाढ़ राहत शिविर में पशु चिकित्साधिकारी सुजौली की देखरेख में 36 छोटे पशु व 18 बड़े पशु कुल 54 पशुओं का उपचार एवं कृमिनाशक दवा का वितरण किया गया तथा 70 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

### जिले की नदियों का वर्तमान जलस्तर

घाघरा–गिरजापुरी में लाल निशान 136.78 मीटर के मुकाबले जलस्तर 135.35 मीटर है। घाघरा–एल्गिन ब्रिज पर लाल निशान 106.07 मीटर के मुकाबले जलस्तर 106.60 मीटर है। सरयू–गोपिया में लाल निशान 133.50 मीटर के मुकाबले जलस्तर 132.00 मीटर है। शारदा–शारदा में लाल निशान 135.49 मीटर के मुकाबले जलस्तर 135.20 मीटर है। घाघरा–घूरदेवी में लाल निशान 112.150 मीटर के मुकाबले जलस्तर 112.52 मीटर है।

### घटा जलस्तर, बढ़ी मुश्किलें, खौफ के साए में तटीय लोग

साकेत वर्मा/अनुराग शर्मा





**बहराइच समृद्धि न्यूज।** नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश ने बहराइच के तटीय इलाके में खौफ पैदा कर दी है। आलम यह है कि सरयू नदी के कटान से भयभीत होकर वहां के वाशिंदे अपना आशियाना हथौड़ा, छीनी, फावड़ा तथा जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली से गृहस्थी सहित ईंट आदि को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में आई बाढ़ ने तमाम प्रकार की मुश्किलें पैदा कर दी हैं। इनमें सबसे बड़ी मुश्किलें कटान हैं। सरयू नदी का जलस्तर धीरे धीरे घटने लगा है, लेकिन तटीय इलाके में बसे लोगों को मुश्किलें बढ़ने लगी हैं।

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत अंबरपुर ग्राम पंचायत के पसियन पुरवा और चौकसाहार ग्राम पंचायत के झुंडी में सरयू नदी कहर बनकर कटान तेजी कर रही है। क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार ने बताया कि गुरुवार शुक्रवार को रात रामप्रीत, राम नारायन, राम प्रताप, सत्य प्रकाश, सीमा यादव, राधिका देवी, विनीता देवी, प्रेम कुमारी आदि का मकान सरयू नदी में समाहित हो गए हैं। इससे पहले भी दस लोगों के मकान सरयू नदी की धारा अपने साथ बहा ले गई है।

करीब आधा दर्जन लोग अपना मकान खुद तोड़कर गृहस्थी और ईंट आदि बचाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर पहुंच राजस्व टीम ने बाढ़ एवं कटान पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किया। क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार ने बताया कि पसियन पुरवा में दो ग्रामीणों के मकान सरयू नदी में समाहित हुए हैं। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी गई है। 200 पीड़ित लोगों को लंच पैकेट तथा 80 पीड़ित परिवार को त्रिपाल वितरित किया गया है।

# दहेज के लिए बहू को ससुराल वालों ने लाठी-डंडों से पीटा

**पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच**

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच ।** दहेज की हवस ने एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में पति, सास–ससुर और रिश्तेदारों ने मिलकर एक विवाहिता को सोने की जंजीर, कार और पांच लाख रुपये नकद की मांग पर बेरहमी से पीटा।

विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि पति मनीष मिश्रा, सास रामावती मिश्रा, ससुर सचेन्द्र मिश्रा, ननद कविता तिवारी, नंदोई अजय तिवारी और अज्ञात लोग घर में घुस आए। पहले गालियां दीं, फिर लात–घूंसों, थप्पड़ों और लाठी–डंडों से मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक, उसके पिता पहले ही अपनी हैसियत से ज्यादा दहेज दे चुके हैं—मोटरसाइकिल, सोने की अंगूठी, कूलर, फ्रिज, टीवी, पंखा, मिक्सर, वाशिंग मशीन, महंगे बर्तन, तिलक में 2 लाख रुपये, विदाई में 50 हजार रुपये और पति के खाते में भी नगद रकम। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 85, 115(2), 352, 351(3) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लेखपाल 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**नानपारा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** नानपारा तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता देशराज पुत्र राम प्रसाद, निवासी ग्राम मोहरवा मटेरा ने आरोप लगाया था कि लेखपाल सरवर अली, मोहरवा गांव में स्थित सरकारी खलिहान की भूमि को खाली कराने के एवज में उससे हजारों रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत की पुष्टि के लिए एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर तहसील परिसर में निगरानी रखी और जैसे ही सरवर अली ने दूसरी मंजिल पर तयशुदा रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई और उसे तत्काल हिरासत में ले लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी का हुआ धूमधाम से शुभारम्भ



**कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** एस.बी.एस आनन्द सोनालिका टैक्टर एजेंसी का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा की उपस्थिति में बरखुरद्दारापुर चौराहे पर संपन्न हुआ। शुभारंभ के अवसर पहुंचे किसानों ने सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी को एक बार पुनः अपने क्षेत्र और अपने बीच पाकर आनन्द से भर उठे।कंपनी के अधिकारी अमन उपाध्याय व यज्ञेश पाल ने ट्रैक्टर की बनावट और मजबूती व टिकाऊ होने की जानकारी देते हुए किसानो को टाइगर टैक्टर की आधुनिक दौर में महत्वपूर्ण भूमिका वाला बताया। सोनालिका ट्रैक्टर को लेकर किसानों की हर जिज्ञासा को विस्तार से जानकारी देते हुए रूबरू संवाद स्थापित किया। स्थानीय संवाददाता से भी कंपनी के अधिकारियों ने चर्चा की। शुभारंभ के शुभ अवसर के दरमियान प्रोपराइटर रितेश श्रीवास्तव व दीपांशु सोनी ने आएं हुए ग्राहकों,कृषक और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को सम्मान जनक रुप से अपने नवीनतम प्रतिष्ठान पर स्वागत अभिनन्दन किया। उपरोक्त ट्रैक्टर एजेंसी के शुभारंभ के अवसर पर सोनालिका ट्रैक्टर कंपनी के अधिकारी व एरिया मैनेजर अमन उपाध्याय व ट्रेनिंग मैनेजर यज्ञेस पाल व समाज सेवी वीर प्रताप सिंह हर्ष साहित सैकड़ों की संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे।

### भारत-नेपाल सीमा पर 10 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नानपारा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** भारत–नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सीमा चौकी बलाईगांव के प्रभारी उप–निरीक्षक गिरवर सिंह, उनकी टीम और स्थानीय पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में बॉर्डर पिलर संख्या 663/1 के पास 10 ग्राम स्मैक के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर की पहचान नंद किशोर यादव (33 वर्ष), निवासी खमारिया चौधरी गांव, थाना मोतीपुर, जिला बहराइच के रूप में हुई। वह नेपाल में स्मैक की तस्करी का प्रयास कर रहा था। जब्त मादक पदार्थ और अभियुक्त को मोतीपुर थाने के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी और स्थानीय पुलिस की यह कार्रवाई सीमा सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सुरक्षा एजेंसियों ने जनता से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है।

### राष्ट्रीय युवा कसौधन महासभा के पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय युवा कसौधन महासभा के गोंडा के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता के नेतृत्व में प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी गोंडा से एक औपचारिक मुलाकात की। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को महर्षि कश्यप जी का चित्र भेंट कर आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस सम्मान भेंट के दौरान राष्ट्रीय युवा कसौधन महासभा के विजय कुमार गुप्ता सहित राम प्रकाश गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, साहेब गुलाम, विनोद गुप्ता, सरवन गुप्ता, अजय गुप्ता पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने महासभा के उद्देश्यों एवं सामाजिक गतिविधियों से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा समाजहित में प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताई। इस मुलाकात को समाज में एक सकारात्मक संवाद और सहयोग के रूप में देखा जा रहा है।

### ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट बिल्डिंग में भयंकर दरारें



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सीएम योगी ने 27 अक्टूबर 2021 को ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट, मारुति सुजुकी ऑटोमेटेड टेस्ट ट्रैक गोण्डा का वर्चुअल लोकार्पण किया गया था। परन्तु कार्यदाई संस्था यूपी राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड निर्माण प्रखंड गोण्डा प्रथम द्वारा भवन बनाया गया था जो मानक विहीन होने से दरारें आ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंस्टिट्यूट बिल्डिंग अभी पांच वर्ष भी पूरा नहीं कर सकीं हैं और भंयकर दरारें आने लगी हैं। जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ हैं। जबकि आरटीओ प्रशासन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी यहां बैठते हैं। उन्हें हमेशा भय सताता रहता की कहीं बिल्डिंग अचानक दरारों की वजह से भरभरकर गिर न जाए। जिससे उनकी सांसे अटकी रहती हैं। आरटीओ राजेश कुमार मौर्य के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि बिल्डिंग डैमेज है तो उसकी मरमत कराई जाएगी। इतना जल्दी बिल्डिंग थोड़ी गिर सकती हैं।

# शव रखकर प्रदर्शन, घंटों जाम रहा मार्ग

**बुधवार को सड़क हादसे में महिला की हुई थी मौत**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहडा इमामगंज तटबंध पर गुरुवार शाम लौकिहा के पास शव रखकर परिजन सहित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। घंटों हंगामा चलता रहा वाहनों की लंबी लाइन लग गई। प्रदर्शनकारियों को मानने में पुलिस के पसीने छूट गए।

मौके पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि अमन कुमार वर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसपर प्रदर्शनकारी मान गए और अंतिम संस्कार कर दिया। ज्ञात हो कि बुधवार शाम लौकिहा के पास ट्रक और डीसीएम में भिडंत हो गई। घास लेकर पैदल जा रही लौकिहा गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी सम्मारी की चपेट में आने से इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि ग्रामीणों ने ट्रक सहित दोनों वाहनों के चालक को इमामगंज में पकड़ लिया था। जिसे इमामगंज के चिकन बिरियानी शॉप संचालक तथा वहां के कुछ लोगों ने छुड़ाकर भगा दिया। जिनपर कार्यवाही की मांग को लेकर गुरुवार शाम प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को समझकर हटा दिया गया है। जो भी दोषी होंगे उनपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस प्रशासन को बांधी राखी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने पुलिस प्रशासन को राखी बांधकर त्योहार मनाया। 8 अगस्त 2025 को कक्षा नवम की छात्राएं आराध्या शुक्ला, हर्षिता साहू, रुमा निषाद, साक्षी व सोनाली सोनी ने विभिन्न कार्यालयों में जाकर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया।इसी क्रम में छात्राओं ने कोतवाली नानपारा पहुंचकर कोतवाल प्रभारी रामाज्ञा सिंह, एसआई राम गोविंद तथा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के कलाइयों पर राखी बांधी। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को सुरक्षा का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के आचार्य आशीष सक्सेना और आचार्य बहन कल्पना भी उपस्थित रहीं।

**सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने कोतवाली में अफसरों के कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र**



### एक घंटे की बारिश से सड़कें जलमग्न, थाने के गेट पर भरा पानी

**बहराइच।** जिले में शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट बदली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। साथ ही शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। दोपहर करीब एक बजे तेज हवाओं के साथ एक घंटे तक जमकर बारिश हुई।

इससे तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। भारी बारिश से नगर की सड़कें जलमग्न हो गईं। थाना दरगाह शरीफ के गेट के सामने घुटनों तक पानी भर गया। छावनी, इंदिरा स्टेडियम, चांदमारी और बक्शीपुरा समेत शहर के कई अन्य इलाकों में भी जलभराव हो गया। इससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जिले में सरयू व घाघरा नदी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है। इसके चलते महसी व मिहिपुरवा इलाके के कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं।

# रक्षाबंधन की रौनक से गुलजार हुआ विशेश्वरगंज और पुरैना बाजार



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के विशेश्वरगंज बाजार और पुरैना में रौनक देखने लायक रही। बहनों ने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए रंग-बिरंगी राखियों की खूब खरीदारी की, तो वहीं सजावटी सामान और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। महिलाओं की खासी भीड़ से बाजार देर रात तक गुलज़ार रहा। मिठाइयों की दुकानों पर रसगुल्ले, लड्डू और काजू कतली की खुशबू ने माहौल को और भी मीठा बना दिया। दुकानदारों के चेहरों पर बिक्री से खुशी झलक रही थी, वहीं खरीदारों के चेहरों पर त्यौहार की उमंग साफ नजर आ रही थी।

### एकल विद्यालय की आचार्याओं ने मनाया रक्षाबंधन

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संचालित एकल विद्यालय की आचार्याओं ने रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भवानी प्रसाद जटा शंकर महाविद्यालय के उप प्राचार्य राज कुमार शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आचार्याओं ने राजकुमार शुक्ला को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। इस अवसर पर संच प्रभारी राज कुमार शुक्ला और संच प्रमुख पप्पू गोस्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व संच प्रमुख विजय कुमार सिंह, अनुराग सिंह और बलराम गोस्वामी भी शामिल हुए। आचार्याओं में राधा देवी, कमला सिंह चौहान, गुंजन देवी सहित अन्य सभी आचार्य बहनें भी मौजूद रहीं।

# रक्षा बंधन पर्व पर सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं व ब्रह्मकुमारी आश्रम गोण्डा की बहनों ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी

समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा।** रक्षा बंधन पर्व की गरिमा और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को निभाते हुए, सरस्वती विद्या मंदिर, मालवी नगर, गोण्डा की छात्राओं व ब्रह्मकुमारी आश्रम गोण्डा की बहनों द्वारा एक भावनात्मक एवं अनुकरणीय पहल करते हुए पुलिस कार्यालय/कैम्प कार्यालय गोण्डा पहुंचकर उच्चाधिकारीगण को राखी बाँधी गई। इस विशेष अवसर पर बालिकाओं/आश्रम की बहनों ने पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय की कलाई पर राखी बाँधकर उन्हें भाई का स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक प्रदान किया।

बालिकाओं/बहनों ने तिलक लगाकर एवं आरती उतारते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार रक्षा सूत्र बाँधा और उनके दीर्घायु, कुशल स्वास्थ्य एवं कर्तव्यों के सफल निर्वहन की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय की आचार्या अनुराधा शुक्ला, पूनम शर्मा, प्रियंका सिंह एवं शशि पांडेय सहित ब्रह्मकुमारी आश्रम की हेड बहन कुमारी चांदनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल के प्रति आभार प्रकट करना तथा बच्चों में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता की भावना का विकास करना रहा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बालिकाओं/बहनों द्वारा प्रदर्शित इस स्नेह और सम्मान को अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर समाज के विभिन्न वर्गों से इस प्रकार का स्नेह मिलना पुलिस बल के मनोबल को और ऊँचा करता है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज की रक्षा एवं सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहें।

अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने भी बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और विद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन ने समाज में रक्षक और संरक्षक के बीच आत्मीय संबंधों की भावना को और भी प्रगाढ़ किया है, जिससे न केवल बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का विकास होता है बल्कि पुलिस विभाग को भी समाज के साथ गहरे संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होता है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत सामग्री वितरित

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** जनपद के तहसील तरबगंज एवं तहसील करनैलगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम ऐलीपरसौली (तहसील तरबगंज) एवं ग्राम नकहरा (तहसील करनैलगंज) में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरण का कार्य संपन्न हुआ।

ग्राम ऐलीपरसौली में आयोजित कार्यक्रम में विधायक तरबगंज प्रेमनारायन पांडेय के द्वारा प्रशासन द्वारा तैयार की गई बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रेम नारायन पांडेय ने कहा कि सरकार हर आपदा की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है और प्रशासन पूरी तत्परता से राहत कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इसी प्रकार तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम नकहरा में विधायक करनैलगंज अजय सिंह द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री किट वितरित की गई। विधायक श्री अजय सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन मिलकर सभी प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

प्रशासन द्वारा वितरित राहत सामग्री किट में सूखा राशन, पीने का पानी, मोमबत्ती, माचिस, चादर, साबुन, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ सम्मिलित थीं। राहत वितरण कार्यक्रम में तहसील स्तरीय अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान, पुलिस विभाग एवं अन्य विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने राहत सामग्री पाकर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे समय में सरकार द्वारा की गई यह मदद उनके लिए संबल प्रदान करने वाली है।

प्रशासन द्वारा बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है और ज़रूरत के अनुसार लगातार सहायता पहुँचाई जा रही है। मेडिकल टीम, नावें तथा अस्थायी राहत शिविर भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। बाढ़ राहत सामग्री किट वितरण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, उपजिलाधिकारी करनैलगंज यशवंत राव, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक शाम सुरेश वाडकर के नाम केक काटकर मनाया जन्मदिन

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** एम वी म्यूजिकल ग्रुप और जनपद के संगीत प्रेमियों ने लक्ष्मी विला निकट हाईवे ओवर ब्रिज पर पद्म श्री अलंकृत महान पार्श्व गायक सुरेश वाडकर का जन्म दिवस उनके गीतों का गायन कर एक शाम सुरेश वाडकर के नाम केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।महान गायक वाडकर साहब के जन्मदिन पर कलाकारों ने एक से एक खूबसूरत गीत उपहार भेंट करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व समाज कल्याण अधिकारी राणा प्रताप सिंह राही,विशिष्ट अतिथि गण रेडक्रास सोसाइटी के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव और इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव को अंगवस्त्र एवं माल्यापर्ण से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण ने समाज सेवी मुरली मनोहर, तिलकराम टी आर,उच्च न्यायालय के अधिवक्ता महेन्द्र कुमार, प्रख्यात संगीत शिक्षक प्रकाश गोस्वामी, वरिष्ठ अधिवक्ता राम फेर प्रजापति, संगीतकार सजल श्रीवास्तव और जनपद के श्रेष्ठ गायक देवेन्द्र कुमार, गुरु प्रसाद सिंह गुरु को आशीर्वाद स्वरूप माल्यार्पण कर वाडकर साहब के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों को बधाई दिया और संगीत का ऐसे ही कारवां चलता रहे के लिए अपनी-अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त किया। मुख्य अतिथि राणा प्रताप राही ने जन्मदिन पर वाडकर साहब पर रचना सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विशिष्ट अतिथि गण अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने महान गायक का जीवन वृत्त और प्रेरक प्रसंग सुनाकर कलाकारों को उनसे निरंतर प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एम वी म्यूजिकल ग्रुप के आर्गनाइजर प्रमोद नंदन श्रीवास्तव एडवोकेट ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित संगीत प्रेमियों का धन्यवाद एव आभार व्यक्त किया।

**समारोह**

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

# स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिवारों को किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** गांधीपार्क स्थित टाउनहॉल में काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को सम्मानित कर देश की स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा को स्मरण किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन एवं भाजपा के प्रभारी जिलाध्यक्ष श्री यशवंत लाल सोनकर ने अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और देशप्रेम को नई पीढ़ी तक पहुँचाना। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपने संबोधन में कहा कि काकोरी कांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी सहित सभी क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ एवं स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसने माहौल को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। सरफ़रोशी की तमन्ना जैसे गीतों एवं नृत्य-नाटिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यह आयोजन जनपद के नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास रहा। समारोह के अंत में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानपत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी गोंडा सदर अशोक कुमार गुप्ता, जेल अधीक्षक अपूर्वव्रत पाठक, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, जिला सूचना पर्यटन अधिकारी वंदना पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी का उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम प्रधान ने फीता काटकर मोबाइल शॉप व फोटोग्राफी स्टूडियो का किया उद्घाटन



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के पहरेमऊ चौराहे पर कुलदीप फोटोग्राफी स्टूडियो एवं मोबाइल शॉप का भव्य उद्घाटन फीता काटकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुशमहरा रमेश मौर्य द्वारा किया गया। मोबाइल शॉप के प्रोपराइटर कुलदीप मौर्या ने बताया कि हमारे यहां मोबाइल से संबंधित सभी प्रकार के समान और कीपैड एंड्राइड मोबाइल उचित रेट पर दिए जाएंगे साथ ही फोटो ग्राफी स्टूडियो की भी व्यवस्था है जो की उचित रेट पर की जाएगी अब क्षेत्र वासियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और उनको उनके चौराहे पर ही यह सब व्यवस्थाएं मिल जाएगी। इस मौके पर रमेश मौर्य, कुलदीप, भगवानदीन, शिव प्रकाश, प्रभात, दीप सिंह, जयकुमार, कन्हैया मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बारिश के चलते बाजारों में सन्नाटा, दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी

**डलमऊ, रायबरेली।** रक्षाबंधन के त्योहार पर लगातार हो रही बारिश के चलते स्थानीय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा त्योहार को लेकर दुकानदारों ने पूर्व से ही तैयारियाँ शुरू कर दी थी रक्षाबंधन त्योहार पर मिठाई एवं राखी की खूब बिक्री होती है लेकिन लगातार हो रही बारिश ने दुकानदारों के मंसूबों पर पानी फेर दिया बीच-बीच में बारिश जब हल्की हुई तो बाजारों में थोड़ी चहल-पहल दिखाई पड़ी लेकिन दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ कम दिखाई पड़ी डलमऊ कस्बे में दुकानदारों ने जगह-जगह मिठाइयां एवं राखी की दुकानें सजाई थी लेकिन इन दुकानों पर इक्का-दुक्का ग्राहक ही दिखाई पड़े इसके कारण दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी छाई रही दुकानदार सर्वेश अशोक विजय संदीप अंकित आशुतोष विनय दीपक संजय दीपू राजू सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर हम लोगों ने पूर्व में ही तैयारी कर ली थी लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उनकी दुकानदारी पर बुरा असर डाला है ऐसी स्थिति में मिठाइयां एवं राखी कम दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### ग्राम प्रधान के पति ने फांसी लगाकर दी जान

**खीरों,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा लच्छीपुर की प्रधान अनीता देवी के पति अजय पाल (45) ने बृहस्पतिवार की शाम अपने केशौली स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पत्नी अनीता देवी उन्नाव जनपद के बिहार कस्बे में मेडिकल स्टोर संचालित करती हैं। शाम को घर लौटने पर उन्होंने दरवाजा बंद पाया। किसी तरह अंदर झांककर देखा तो अजय पाल का शव छत से लटकता नजर आया। शोर मचाने पर ग्रामीण और बेटों ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा और तत्काल लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पाल शराब पीने की आदत के शिकार थे, हालांकि आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। मृतक के दो बेटे है बड़ा बेटा विशाल (21) और छोटा नितिन (19) है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अनीता देवी वर्ष 2021 में महिला सीट से ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई थीं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है मामले की अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस-ग्रामीणों ने नहर में बह रही 80 वर्षीय वृद्धा की बचाई जान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जामों थाना क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार की देर रात गोरियाबाद भवानीगढ़ के पास एक बड़ा हादसा टल गया। रात लगभग 11:30 बजे गश्त के दौरान थाना जामों पुलिस ने नहर में बहते हुए किसी व्यक्ति को देखा। टॉर्च की रोशनी डालने पर पता चला कि वह एक बुजुर्ग महिला है और अभी जीवित हैं। पुलिस ने तुरंत स्थानीय ग्रामीणों को सूचना दी और महिला को बचाने का प्रयास शुरू किया। महिला बहते-बहते गोरियाबाद के भवानीगढ़ स्थित पुलिया के पास पहुंच गई थीं। इस बीच गांव के दो सगे भाइयों ने बिना समय गंवाए अपनी जान जोखिम में डालकर नहर में छलांग लगाई और बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस व ग्रामीणों की समय रहते की गई इस साहसिक कार्रवाई से महिला की जान बच गई।

### विशाल पेड़ के गिरने से छप्पर के नीचे सो रही युवती की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में हो रही भारी बारिश के चलते एक पेड़ के गिरने से छप्पर के नीचे सो रहे पिता पुत्री में पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अंतर्गत ग्राम सभा गयासपुर निवासी जगदीन व उसकी 25 वर्षीय पुत्री सावित्री देवी अपने छप्पर के मकान में सो रहे थे, तभी रात में बारिश के चलते जंगली बबूल का एक विशाल पेड़ उनके छप्पर पर गिर गया। जगदीन की पुत्री सावित्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई और जगदीन बुरी तरह से घायल हो गए। मृतका सावित्री देवी की दो माह बाद शादी होने वाली थी। जानकारी मिलने पर पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से दोनों को बाहर निकाला लेकिन तब तक सावित्री देवी की मौत हो चुकी थी। घायल जगदीन को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक परिवार अत्यंत गरीब था और मेहनत मजदूरी कर के किसी तरह से अपना पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एडीएम ने की खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक कर मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में एडीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी लेते हुए खाद्य विभाग व ड्रग विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों, प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिक से अधिक दुकानों, प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटों, मेडिकल स्टोर, आबकारी की दुकानों, मिड डे मील, सरकारी राशन की दुकानों, पोषाहार, दूध कलेक्शन सेंटर पर छापेमारी कर नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, बीएसए संजय तिवारी, अभिहित अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### कच्ची दीवार गिरने से दबकर युवती की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड भेंटुआ के अंतर्गत पूरे कुबरा ग्राम पंचायत सरुवाँवा में शुक्रवार को दोपहर कच्ची दीवार गिरने से 20 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई। लगातार बारिश के चलते दीवार गीली हो कर कमजोर हो गई थी तथा युवती दीवार के पास लगे नल के पास कम कर रही थी। मृतका की मां के चिल्लाने पर आस पास के लोग वहां पहुंचे तथा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेंटुआ ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरूवाँवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू यादव ने बताया कि मृतका गुड़िया चौहान अपनी माता सुंदरा देवी के साथ अपने ननिहाल में रहती थी। घटना के बाद चौकी प्रभारी पारतोष विपिन बिहारी सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### डीपीआरसी में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का हुआ आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज प्रांगण में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह देशभक्ति की भावना से सराबोर वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह, गर्व और भावुकता से भर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि काकोरी के अमर बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर पूरे देश को यह संदेश दिया कि जब मातृभूमि पर संकट हो, तो व्यक्तिगत सुख-सुविधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं, ताकि उनमें भी वही राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा जागृत हो। जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने कहा कि काकोरी के वीरों ने हमें यह सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी राष्ट्र के लिए संघर्ष कभी नहीं रुकना चाहिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ मनोज त्यागी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 साल पूरे

# समापन समारोह कार्यक्रम में वीर शहीदों को किया नमन







▸ **शहीद स्थल पर एक पेड़ मां के नाम का किया गया वृक्षारोपण**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

काकोरी शताब्दी महोत्सव समापन कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक मुंशीगंज में हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी वि.रा. अमृता सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा गया।

जिलाधिकारी और उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र से चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि देश की एकता व सम्मान सबसे पहले है। काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर शहीदों को नमन व स्मरण करने के लिए हम सभी एकत्रित हुए है। शहीदों के बलिदान कारण ही हम देश में आज आजाद है। उन्होंने शहीदों की माताओ को भी याद किया और कहा कि धन्य है वह माताएं जिन्होंने इन शहीदों को जन्म दिया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने भी वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन एक घटना ही नहीं बल्कि इसका संदेश बहुत व्यापक था। काकोरी घटना से देश भक्ति की आग हर जन के दिलों में प्रज्ज्वलित हुई। इस घटना का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों की छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। ऋषि इंटर कॉलेज की कक्षा 11वीं की छात्रा हबीबा खान के गीत ए मेरे वतन के लोगों ने उपस्थित लोगों को वीर शहीदों के प्रति श्रद्धा भाव से भर दिया। संस्कृति विभाग के आल्हा गायक रामरथ पांडे के वीर रस के गीत को सुन लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

# तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा के तहत भाजपाइयों ने की बैठक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत सभागार में भाजपा नेताओं की बैठक की गई बैठक में बताया गया कि तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा के तहत रणनीति बनाई गई है जिसके मुख्य अतिथि अभिषेक वर्मा रहे। भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा के तहत मंडल भर में हर घर तिरंगा से सजाया जाएगा और राष्ट का यह पर्व विशेष बनाया जाएगा तो वही भाजपायों ने बताया 12 अगस्त को मां जसवंतरी देवी मंदिरप्रांगण में सभी लोगों इकट्ठा होंगे और तिरंगा यात्रा के तहत मंदिर से लेकर शिवगढ़ मोड़ तक तथा जाएगी। सुखई पुरवा तिराहे तक यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों हजार लोग शामिल होंगे भारत माता के जयकारे और महापुरुषों के जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री सूर्य प्रकाश वर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश, अवधेश मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, तुलसी मौर्य, शिवम मिश्रा, राम प्रकाश गौतम, शिव शंकर शुक्ला, उमेश तिवारी, शिवरमन प्रताप सिंह, घनश्याम चौरसिया सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

# डीएम ने आवासविहीन महिला को आवासीय आवंटन प्रमाण पत्र दिया

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में रामपति पत्नी स्व. घुरई निवासी ग्राम पुरे मछरिया, मजरे अटौरा बुजुर्ग, तहसील सदर, जिला रायबरेली को 50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का आवासीय आवंटन प्रमाण पत्र दिया गया, इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवेदन करा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रामपति द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवास हेतु स्थल आवंटन किए जाने का प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया था, प्रार्थनी द्वारा अवगत कराया गया थी कि उसके पति का लम्बी बीमारी के कारण निधन हो गया है, एक पुत्र था, उसकी भी मृत्यु हो गई है, प्रार्थीनी अकेले जीवन बिता रही है, उसके पास कोई जगह व आवास नहीं है। जिलाधिकारी ने प्रकरण का संज्ञान लेकर उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा को नियमानुसार, शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उप जिलाधिकारी द्वारा जांच करवा कर आवंटन का प्रमाण पत्र तैयार कराया गया।

### एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों की उपस्थिति में भगवान गणेश एवं पेंड़ को राखी बाँधकर प्रकृति की रक्षा हेतु जागरूक किया। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों, डीएम हर्षिता माथुर, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, डीआईओएस संजीव कुमार सिंह, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह , सीएमओ नवीन चंद्रा , एएसपी संजीव कुमार



▸ **छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों को राखी बांधकर सहेजी समाज की सुरक्षा**

सिन्हा, सीओ सिटी अमित सिंह, संस्थापक-प्रबंधक एनएसजीआई डॉ शशिकांत शर्मा सहित प्रधानाचार्य को राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा का वचन लिया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई, जिसके बदले में छात्रों ने उनकी सुरक्षा का वचन दिया तदोपरांत छात्रा एंजल, अनुष्का, आर्या और आराध्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बताया कि विद्यालय में इस तरह त्योहारों का आयोजन छात्रों को भारतीय त्योहारों के विषय में जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे अपने रीति रिवाजों, परंपराओं से परिचित होते हैं।

### जल भराव वाले पानी में लोगों के साथ धरना प्रदर्शन पर बैठे पूर्व सभासद



**बिसवा, सीतापुर।** बरसात व अन्य दिनों में नगर के मोहल्लों मे भीषण जलभराव को लेकर मोहल्ले वालों का आक्रोश फूट पड़ा ।मोहल्ला कैथी टोला मे पूर्व सभासद विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में मोहल्ले वासियों ने जलभराव वाले पानी के बीच बैठकर प्रदर्शन किया ।जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला ने एक माह के अंदर व्यवस्था को दुरुस्त करवाये जाने का आश्वासन दिया जिस पर धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। इस दौरान राजकिशोर मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, आमिर खान, विनय सिंह, आलोक श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

# मिश्रित नगर पालिका उपचुनाव में खिलेगा भाजपा का कमलः बृजेश पाठक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



मिश्रिख नगर पालिका परिषद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सीमा भार्गव के पक्ष में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा नैमिष व मिश्रिख में चुनावी सभाओं संबोधित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की मुझे आपका उत्साह देखकर संपूर्ण विश्वास हो गया है की मिश्रिख नगर पालिका परिषद में भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने मिश्रिख व नैमिष की जनता को संबोधित करते हुए कहा की नैमिष की धरती धर्म की धरती है और भारतीय जनता पार्टी धर्म के साथ-ही-साथ विकास के नारे पर काम कर रही है ऐसे में मिश्रित क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का विजय होना अनिवार्य है। जिससे नैमिष का विकास किसी भी तरीके से अवरुद्ध न हो सके।

उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि आपको न सिर्फ अपना और अपने परिवार का बल्कि सभी परिचितों से चुनाव की चर्चा करनी है और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मजबूत बनाकर विरोधियों की जमानत जप्त करानी है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा समाजवादी पार्टी केवल अपना विकास सुनिश्चित करके कार्य कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ भारत के कोने-कोने के विकास के लिए प्रतिबध है ऐसे में इस उपचुनाव में भाजपा का कमल खिलने से क्षेत्र के विकास की गारंटी हो जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सभी से चुनाव में लगकर भाजपा को विजय बनाने का आवाहन किया गया उन्होंने कहा कि यह चुनाव सनातन के सम्मान का चुनाव है क्योंकि महर्षि दधीच की पूर्ण धरती धर्म से जुड़ी है और भारतीय जनता पार्टी धर्म की ध्वजवाहक है। सभा में मिश्रित वी नैमिष के महंत गण उपस्थित रहे व सभा को मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे प्रत्याशी सीमा भार्गव सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा संबोधित किया गया।

# वैदिक क्षितिज के तट पर पुस्तक का विमोचन



**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां आर्य समाज के मंत्री अजीत आर्य द्वारा लिखी पुस्तक वैदिक क्षितिज के तट पर का विमोचन वरिष्ठ राजनीतिज्ञ सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज व सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी के द्वारा उनके आवास पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया,साथ ही महर्षि दयानन्द कि 200वीं जयंती के अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित करने की प्रक्रिया में आर्य उप प्रतिनिधि सभा सीतापुर के द्वारा महेशचंद्र मेहरोत्रा बबुआजी को सामाजिक कार्यों में श्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र व सत्यार्थ प्रकाश भेट कर सम्मानित किया गया। पेरिस की सरकारी बैंक में उच्च अधिकारी पद पर कार्यरत शिवि मेहरोत्रा को भी अंग वस्त्र व सत्यार्थ प्रकाश भेट करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन कवि आनंद खत्री के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कहा की हर समाज ने सदैव समाज की कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह, कैलाशपति रस्तोगी, मनीष वैश्य, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद कपूर, अन्नू सेठ, राज किशोर रस्तोगी, विदुषी मेहरोत्रा, महेश मौर्य रमापति रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# बाबा मंशाराम प्रांगण में जलभराव बना सिरदर्द, रक्षाबंधन मेले पर संकट

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



बिसवां नगर के अमर नगर मोहल्ले में स्थित बाबा मंशाराम प्रांगण में जलभराव की समस्या ने स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। खासकर रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि जलभराव के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रांगण के पास नवनिर्मित नाले का निर्माण मानक विहीन तरीके से किया गया है। नाला सड़क से काफी ऊंचाई पर बनाया गया, जिसके चलते बारिश का पानी अब प्रांगण में ही जमा हो रहा है, जबकि पहले यह आसानी से बाहर निकल जाता था। इस समस्या को लेकर मोहल्ला निवासियों ने पहले भी आपत्ति जताई थी, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया, नाले का निर्माण सही तरीके से नहीं हुआ। बारिश के दिनों में प्रांगण में पानी भर गया है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी, राहगीरों एवं नजदीक ही दो स्कूल होने के कारण बच्चों को भी निकलने में बहुत समस्या होती है। नगर पालिका परिषद को इस समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए। रक्षाबंधन के मौके पर बाबा मंशाराम प्रांगण में हर साल भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन जलभराव की स्थिति ने इस बार मेले की तैयारियों पर सवालिया निशान लगा दिया है। एक श्रद्धालु, शांति देवी, ने कहा, हर साल हम इस मेले का इंतजार करते हैं, लेकिन इस बार जलभराव के कारण मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। निवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि नाले के निर्माण में सुधार किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। इस संबंध में स्थानीय नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है। जलभराव की इस समस्या ने न केवल धार्मिक आयोजन को प्रभावित किया है, बल्कि स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को भी मुश्किल बना दिया है। अब देखना यह है कि नगर पालिका परिषद इस दिशा में कितनी जल्दी कदम उठाता है, ताकि बाबा मंशाराम के दरबार में श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहे।

## समन नोटिस

**नं0 3**
**परिवार न्यायालय**
**डा0 अनुपमा गोपाल निगम की न्यायालय में**
**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रायबरेली।**
व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का समन
(आ0 5, नि0 3)
वैवाहिक वाद/530/2025
दीपू बनाम गायत्री
अगली तिथि = 12-09-2025
प्रति,
गायत्री
पिता - स्व. राम मिलन
सिकन्दरपुर मजरे सराय मुगला, थानाः मिल एरिया, परगना तहसील,सदर, जनपद रायबरेली, उत्तर प्रदेश। चूंकि दीपू ने आपके विरुद्ध तलाक / न्यायिक पृथक्करण का वाद दायर किया है, आपको आदेशित किया जाता है कि आप 12-09-2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे इस न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों, दावे का उत्तर देने हेतु; तथा उस दिन आप उन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में आश्रित हैं। सावधान रहें कि यदि आप उपर्युक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होती हैं, तो यह वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना और निस्तारित किया जाएगा।

**प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, रायबरेली।**

# खाद वितरण में अनियमितता पर 5 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि एक कृषक को 40 बोरी से अधिक उर्वरक दिए जाने के मामले में पांच उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निलंबित विक्रेताओं में राजपूत ट्रेडर्स कमलानगर, रिछौरा कृषि वानिकी सहकारी समिति रिछौरा, जैनुल आबदीन खाद भंडार भिलाई कला, कर्मशेर खाद भंडार जोधनपुर और नवीन हरियाली कृषि सेवा केंद्र पूरे चितई शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रतिष्ठानों से उर्वरक खरीदने वाले कृषकों का सत्यापन संबंधित विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के माध्यम से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरांत दोषी पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनियों को निर्देशित किया है कि थोक विक्रेताओं को अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग करके आपूर्ति न करें। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को भी चेताया गया है कि वे बिक्री रजिस्टर में कृषक का नाम, पता, मोबाइल नंबर और खरीदे गए उर्वरक की मात्रा दर्ज करें, जिसका मोबाइल नंबर के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि कृषकों की खतौनी देखकर जोत के अनुसार ही उर्वरक का वितरण करें और एक ही कृषक को बार-बार उर्वरक न बेचें, ताकि 'टॉप-20 बायर' की संख्या न बढ़े। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की अनियमित बिक्री या निर्धारित दर से अधिक पर बिक्री की शिकायत मिली तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिन पहले हुई मामूली कहासुनी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत पूरे पंचम सिंह चितई गांव में दो दिन पहले हुई मामूली कहासुनी के चलते शुक्रवार की सुबह एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पूरे चितई गांव निवासी राजेश वर्मा पुत्र राम बहादुर वर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष तथा रामबहादुर पुत्र छोटेलाल सरोज में दो दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते शुक्रवार की सुबह जब राजेश चौराहे से चाय नाश्ता कर के घर लौट रहा था तभी रास्ते में राम बहादुर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राजेश की मां फूलकली ने स्थानीय थाने में रामबहादुर के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी घटना स्थल का जायजा लिया और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। फील्ड यूनिट ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आरोपी की पहचान कर ली है, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किसान हित पहले

देश को धीरे–धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफआंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन–यापन का भी प्रश्न है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार, प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट्र बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे। इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020–21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। किसान लंबे समय तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे थे। जिसके बाद अंततः इन विवादास्पद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। इस बीच आंदोलन में किसानों ने अपने अनेक साथियों को खोया था। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों की एक मुख्य मांग– विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की थी। कृषि संगठनों के साथ लंबी चली कई दौर की बातचीत के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर गतिरोध कायम है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिये डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। निस्संदेह, डोनाल्ड ट्रंप के हमले का सामना करने के लिये भारतीय कृषि बाजार को अधिक लचीला और लाभदायक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसानों पर बढ़ता भारी कर्ज भी एक चिंताजनक स्थिति है। खासकर देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में। साथ ही केंद्र सरकार को किसानों की आय बढ़ाने वाले उपायों पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। सही मायनों में भारतीय कृषि में उन आमूल–चूल परिवर्तनों की आवश्यकता है जो न केवल किसान की आय बढ़ाएं बल्कि कृषि उत्पादों को विश्व बाजार की चुनौतियों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनायें। एक सौ चालीस करोड़ आबादी वाला देश भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इस आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम हर हालात में मेहनतकश अन्नदाता को पूरे दिल से समर्थन दें।

# 9 अगस्त : स्वाधीनता के सूर्योदय के लिये निर्णायक आँदोलन का उद्घोष

*रमेश शर्मा*

भारत के स्वाधीनता आँदोलन 9 अगस्त वह ऐतिहासिक तिथि है जब स्वतंत्रता के लिये निर्णायक संघर्ष का उद्घोष हुआ था। इसलिए इसे अगस्त क्रान्ति कहा जाता है। स्वाधिनता आँदोलन के इतिहास में 9 अगस्त की तिथि दो महत्वपूर्ण स्मृतियों से जुड़ी है। पहली तिथि 9 अगस्त 1925 है- इस दिन क्राँतिकारी आँदोलन को गति देने के लिये कॉकोरी रेलवे स्टेशन पर सरकारी खजाना लूटा गया था। दूसरी तिथि 9 अगस्त 1942 है जब अहिंसक आँदोलन को निर्णायक स्वरूप देने के लिये अंग्रेजो भारत छोड़ो आँदोलन आरंभ हुआ था। इस आँदोलन का आह्वान गाँधीजी ने किया था पर एक रात पहले ही 8 अगस्त को गाँधीजी सहित सभी कांग्रेस नेता बंदी बना लिये गये इसलिए इस आँदोलन में अधिकांश भागीदारी जन सामान्य की थी। जन सामान्य की भागीदारी के कारण ही इस आँदोलन को अगस्त क्राँति नाम मिला।

क्राँतिकारी आँदोलन में सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगतसिंह सहित विभिन्न क्राँतिकारियों को फाँसी और जेल में डाल देने से भले सशस्त्र क्रांति का धारा में कुछ शिथिलता आई पर कॉकोरी काँड से पूरी अंग्रेज सरकार हिल गई थी। इसकी गूँज लंदन तक हुई थी। तब अंग्रेज सरकार ने दो काम किये। एक, कुछ नागरिक अधिकार देना आरंभ किये और दूसरे अंग्रेज विरोधी क्राँतिकारियों का दमन। यह क्राँतिकारी आँदोलन का दबाव ही था कि अंग्रेजों ने कुछ तटस्थ लोगों को विश्वास में लिया और नागरिक अधिकार देने का क्रम बनाया। इसके लिये लंदन से कुछ अध्ययन दल आये और आगे चलकर स्थानीय असेंबलियों के चुनाव हुये।

कॉकोरी काँड के नायक चन्द्रशेखर आजाद थे। क्राँतिकारियों को धन की आवश्यकता थी। वे अंग्रेजों को भारत से बाहर करने के लिये निर्णायक लड़ाई छेड़ना चाहते थे। इसके लिये धन जुटाने के अनेक प्रयत्न हुये। तभी पता चला कि ट्रेन से सरकारी खजाना जाने वाला था। कहने केलिये यह खजाना सरकारी था लेकिन अंग्रेज यह पैसा लंदन से लेकर नहीं आये थे। यह भारतीयों का ही पैसा था, जो अंग्रेज ने बलपूर्वक वसूला था। क्रान्तिकारियों ने भारत की स्वतंत्रता के लिये सशस्त्र आँदोलन में इस पैसे को लगाने का संकल्प किया और पता लगाया कि यह पैसा कब और किस ट्रेन से ले जाया जायेगा। जिस ट्रेन से यह खजाना जाने वाला था वह आठ डाउन पैसेंजर थी। इस खजाने को लूटने की योजना बनी इसमें सत्रह क्रान्तिकारियों की टोली ने हिस्सा लिया। चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में बनी इस योजना में रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, योगेशचन्द्र चटर्जी, प्रेमचन्द खन्ना, मुकुन्दीलाल, विष्णु शरण, सुरेश चन्द्र भट्टाचार्य, रामकृष्ण खत्री, मन्मन्थनाथ गुप्त, राजकुमार सिंह ठाकुर, रोशन सिंह, राजेन्द्र लाहिड़ी, गोविन्द शरण, रामदुलारे त्रिवेदी, रामनाथ पांडे, शचीन्द्रनाथ सान्याल, भूपेश सान्याल, प्रणवेश कुमार।






इसके लिए चार जर्मनी निर्मित माउजर रिवॉल्वर जुटाये गये। गाड़ी जैसे ही कॉकोरी से सहारनपुर के लिये रवाना हुई तो इसे चेन खींचकर रोका गया और ट्रेन पर धावा बोल दिया और खजाना लूट लिया। बाद में अंग्रेजों ने 40 क्रान्तिकारियों को बंदी बनाया। इनमें चार को फांसी, बारह को उम्रकैद कालीपानी और बाकी को चार चार साल का कारावास का दंड मिला।

**भारत छोड़ो आन्दोलनः–** 9 अगस्त 1945 को भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ । इस आँदोलन के पीछे अंग्रेजों द्वारा अपने उस आश्वासन से पीछे हट जाना था। अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध आरंभ होने पर कांग्रेस से सहयोग माँगा और आश्वासन दिया कि वे भारत को स्वतंत्र कर देंगे। और इसकी प्रक्रिया तुरन्त आरंभ कर देंगे और युद्ध समाप्त होते ही भारत स्वतंत्र हो जायेगा। द्वितीय विश्व युद्ध 1939 में आरंभ हुआ था। इसे आरंभ होने को तीन वर्ष बीत गये थे पर भारत की स्वतंत्रता के लिये कोई प्रक्रिया आरंभ न हो सकी। तब 4 जुलाई 1942 में काँग्रेस ने बैठक की और अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के लिये प्रक्रिया आरंभ करने का स्मरण दिलाया पर कुछ नतीजा न निकला। 9 अगस्त 1942 से निर्णायक आँदोलन आरंभ करने का निर्णय हुआ। इसके लिये मुम्बई का पार्क तय हुआ। अब इस पार्क को अगस्त क्रांति मैदान का नाम दे दिया गया है।

यद्यपि 4 जुलाई 1942 को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में निर्णायक आँदोलन चलाने के निर्णय पर मतभेद थे, कुछ नेता चाहते थे कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने तक प्रतीक्षा करना चाहिए। इन नेताओं में चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य प्रमुख थे। जबकि पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू और मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने आँदोलन से पहले अंग्रेजों से बात करने का सुझाव दिया तो सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेता तीन साल बीत जाने पर भी कोई कदम न उठाने पर नाराज थे और तुरन्त आँदोलन छेड़ने के पक्ष में थे। अंततः अंग्रेजों को एक माह की अवधि दी गई और 9 अगस्त से आँदोलन करने का निर्णय हुआ। बैठक में आँदोलन का विरोध कर रहे चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया।

अंग्रेजों ने आँदोलन का नोटिस मिलने के बाद भी भारत की स्वतंत्रता के लिये कोई प्रक्रिया आरंभ नहीं की। उल्टे आँदोलन का दमन करने का निर्णय लिया और आँदोलन की तिथि 9 अगस्त से दो दिन पहले 7 अगस्त से ही देशभर में गिरफ्तारियां शुरु कर दी। गांधीजी और अन्य प्रमुख नेता 8 अगस्त बंदी बना लिये गये। पर देशव्यापी गिरफ्तारियों के बाद भी आँदोलन न रुका। देश का जन सामान्य तिरंगा हाथ में लेकर निकल पड़ा। भारत का संभवतः कोई नगर और कस्बा न बचा जहाँ लोग हाथ में तिरंगा लेकर घर से न निकले। पुलिस ने पचास से अधिक स्थानों पर गोलियां चलाई जिसमें सैकड़ो लोग मारे गये। यह आँदोलन महीनों चला। अंततः विवश होकर नवम्बर 1942 में अंग्रेजों ने गाँधीजी से चर्चा की और समझौता हुआ। गिरफ्तार लोग रिहा हुये। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में यह आँदोलन अंतिम और निर्णायक था।

> **क्राँतिकारी आँदोलन में सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगतसिंह सहित विभिन्न क्राँतिकारियों को फाँसी और जेल में डाल देने से भले सशस्त्र क्रांति का धारा में कुछ शिथिलता आई पर कॉकोरी काँड से पूरी अंग्रेज सरकार हिल गई थी। इसकी गूँज लंदन तक हुई थी। तब अंग्रेज सरकार ने दो काम किये। एक, कुछ नागरिक अधिकार देना आरंभ किये और दूसरे अंग्रेज विरोधी क्राँतिकारियों का दमन। यह क्राँतिकारी आँदोलन का दबाव ही था कि अंग्रेजों ने कुछ तटस्थ लोगों को विश्वास में लिया और नागरिक अधिकार देने का क्रम बनाया। इसके लिये लंदन से कुछ अध्ययन दल आये और आगे चलकर स्थानीय असेंबलियों के चुनाव हुये। 9 अगस्त 1945 को भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ । इस आँदोलन के पीछे अंग्रेजों द्वारा अपने उस आश्वासन से पीछे हट जाना था। अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध आरंभ होने पर कांग्रेस से सहयोग माँगा और आश्वासन दिया कि वे भारत को स्वतंत्र कर देंगे। और इसकी प्रक्रिया तुरन्त आरंभ कर देंगे और युद्ध समाप्त होते ही भारत स्वतंत्र हो जायेगा। द्वितीय विश्व युद्ध 1939 में आरंभ हुआ था। इसे आरंभ होने को तीन वर्ष बीत गये थे पर भारत की स्वतंत्रता के लिये कोई प्रक्रिया आरंभ न हो सकी। तब 4 जुलाई 1942 में काँग्रेस ने बैठक की और अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के लिये प्रक्रिया आरंभ करने का स्मरण दिलाया पर कुछ नतीजा न निकला। 9 अगस्त 1942 से निर्णायक आँदोलन आरंभ करने का निर्णय हुआ। इसके लिये मुम्बई का पार्क तय हुआ। अब इस पार्क को अगस्त क्रांति मैदान का नाम दे दिया गया है।**

## विचार

# वैश्विक दबावों के बीच देश की छवि पर ही चोट करने में लगे कुछ विपक्षी नेता

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

पिछले कुछ वर्षों में भारत वैश्विक मंच पर जिस तरह सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा, वह न केवल उसकी नेतृत्व क्षमता का परिणाम है बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायतता और व्यापारिक कुशलता की पुष्टि भी है। ऐसे समय में जब वैश्विक भू-राजनीति अपने अस्थिरता के दौर से गुजर रही है; विशेष रूप से अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी युद्ध, रूस-यूक्रेन संघर्ष और ऊर्जा संकट के संदर्भ में दुनिया के कई देशों के बीच आपसी तालमेल। ऐसे में भारत ने अपने हितों को प्राथमिकता पर रखते हुए अनेक संतुलन साधे है। लेकिन दुर्भाग्यवश, इस संतुलन को बार-बार कमजोर करने का काम बीते कुछ समय से लगातार विपक्ष द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है, जिसमें कि भारत की आर्थिक छवि को दांव पर लगाने का काम हुआ है।

वैसे यह सच है कि राजनीतिक विरोध का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन जब यह विरोध ऐसे मोड़ पर पहुंच जाए कि वह विदेशी ताकतों के साथ 'सुर में सुर' मिलाने लगे और राष्ट्र की छवि को धूमिल करने लगे, तब यह अवश्य चिंता का विषय बन जाता है। आज राहुल गांधी के बयानों का समर्थन करनेवालों को यह बात जरूर याद रखनी चाहिए। वस्तुतः इस पूरे परिदृश्य में जब भारत की ओर से कूटनीतिक स्तर पर समाधान की कोशिशें चल रही हैं, उसी समय विपक्षी नेताओं द्वारा आर्थिक गुलामी, घुटने टेकना, विदेश नीति विफल जैसे जुमलों का प्रयोग कर देश की संप्रभुता और आर्थिकी पर सवाल उठाना राष्ट्रीय हित के प्रतिकूल प्रतीत होता है।

अभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देश की सुरक्षा पर प्रश्न उठाने के बाद आर्थिकी को कटघरे में खड़ा करने का बयान पुराना भी नहीं हुआ कि एक बार फिर उन्होंने कहा है कि 'प्लीज भारत ये समझने की कोशिश करे कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है।' राहुल की तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कह रहे हैं कि हमारी विदेश नीति ही विदेश चली गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का यह दावा कि ट्रंप के सामने प्रधानमंत्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं, या इससे पहले यह बयान देना कि भारत की अर्थव्यवस्था मर चुकी है और मोदी सरकार ने इसे खत्म कर दिया है, वास्तव में घोर आपत्ति जनक है। क्योंकि उनके इस तरह के बयान देश की आर्थिक साख को वैश्विक मंच पर कमजोर करने का काम ही कर रहे हैं। आश्चर्य तो यह होता है कि अपने इस दावे के समर्थन में जिस तरह से 'अडानी-मोदी साझेदारी', नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी, एमएसएमई संकट और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को गिनाते हैं, उनके कोई अधिकारिक आंकड़े आज तक प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 25त्न टैरिफ लगाने की धमकी कोई छोटी बात नहीं है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत सरकार पर आरोप लगाने शुरू किए हैं, वह एक गहरी राजनीतिक चूक को ही आज दर्शा रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि भारत की विदेश नीति आज पहले से कहीं अधिक रणनीतिक, स्वायत्त और बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय हुई है।

ट्रंप के आरोप और अडानी को घसीटनाः- राहुल गांधी ने अपने हालिया बयानों में ट्रंप द्वारा दिए गए संकेतों और अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में कथित जांच को आपस में जोड़ते हुए कहा कि मोदी इसलिए ट्रंप के सामने चुप हैं क्योंकि अडानी के खिलाफ मामला चल रहा है और दोनों के वित्तीय रिश्ते उजागर हो सकते हैं। यह कहना न केवल अडानी समूह के खिलाफ बिना सबूत के अंतरराष्ट्रीय मंच पर आरोपों को मजबूती देना है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री की साख पर भी सीधा प्रहार है। भारत की वैश्विक छवि, निवेशकों का विश्वास और रणनीतिक निर्णय-क्षमता इन बयानों से प्रभावित होती है। निवेशक समुदाय ऐसी अस्थिर राजनीतिक टिप्पणियों को आर्थिक जोखिम के रूप में देखता है, जिससे भारत में निवेश का माहौल प्रभावित हो सकता है।

आज राहुल गांधी को लेकर आश्चर्य तो इस बात का भी होता है कि भले ही वे नेता प्रतिपक्ष हैं, किंतु उनके बयान कितने अधिक बचकाने हैं। लगभग हर साल राहुल गांधी ने कम से कम एक बयान ऐसा जरूर दिया है, जो बाद में झूठा साबित हुआ और मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो वहां से भी उन्हें सिर्फ फटकार मिली है। इस संदर्भ में उनके ये बयान प्रमुखता से देखे जा सकते हैं। भारत अब 'संघीय' नहीं, 'राज्यविहीन' गणराज्य है, भारत अब चीन और पाकिस्तान से दो मोर्चों पर घिर चुका है और यह प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की विफलता है।

यूक्रेन युद्ध में भारत की 'तटस्थ' नीति को लेकर राहुल का कहना रहा कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने दम पर नहीं खड़ा हो पा रहा है क्योंकि उसकी विदेश नीति अब स्वतंत्र नहीं रही। यह बयान पश्चिमी देशों के दबावों के बीच भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर गंभीर सवाल खड़े करता प्रतीत हुआ। लंदन दौरे पर जब राहुल जाते हैं तो वहां कहते हैं कि भारत में अब संस्थाएं बर्बाद हो चुकी हैं, यहाँ लोकतंत्र सिर्फ दिखावे के लिए है। इसे विदेशी भूमि पर भारत की छवि को धूमिल करने वाला बयान माना गया और संसद में इस पर विरोध दर्ज किया गया। इसी तरह से आज जब यूरोपीय देश, अमेरिका इत्यादि जिस मुस्लिम ब्रदरहुड पर प्रतिबंध लगाने के लिए विचार कर रहे हैं, उस इस्लामिक जिहादी कट्टरपंथी संगठन के लिए राहुल कहते हैं, मुस्लिम ब्रदरहुड की विचारधारा में दम है। वे मुस्लिम ब्रदरहुड को लोकतांत्रिक आंदोलन के रूप में स्थापित करते हुए दिखते हैं। क्या विपक्ष आर्थिक विषयों को नहीं समझता? यह प्रश्न हर उस भारतीय का है जो अपने देश को हर तरीके से मजबूत स्थिति में देखना चाहते हैं। किंतु राहुल गांधी के व्यवहार से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारतीय विपक्ष खासकर राहुल और अखिलेश जैसे नेता आर्थिक नीति, वैश्विक व्यापार, भू-राजनीतिक रणनीति और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर एक परिपक्व दृष्टिकोण से बात नहीं करते। इनके वक्तव्यों में आंकड़ों की कमी, नीतिगत विश्लेषण का अभाव और वैश्विक संदर्भों की अनदेखी दिखती है। इनके बयान भावनात्मक हैं, तथ्यों से रहित हैं और राजनैतिक उद्देश्यों से प्रेरित हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंचों पर भारत को वैश्विक दक्षिण का नेतृत्वकर्ता, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप हब के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और जब भारत जी-20 जैसे अवसरों का लाभ उठाकर निर्णायक की भूमिका में आ रहा है; तब ऐसी टिप्पणियां जो देश खत्म हो गया, विदेश नीति खत्म हो गई, आर्थिक गुलामी इत्यादि यही कहती हैं, वे देश के भीतर नकारात्मक माहौल बनाकर भारत की उभरती भूमिका को कमजोर करने में लगे हुए हैं। आज राहुल जैसे भारतीय नेताओं को यह समझ क्यों नहीं आता कि विश्व अब भारत की नीतियों को गम्भीरता से लेता है। एक सांसद या पूर्व मुख्यमंत्री का बयान अब केवल स्थानीय अखबार की हेडलाइन नहीं बनता, वह वॉल स्ट्रीट, बीजिंग, ब्रुसेल्स और वॉशिंगटन में पढ़ा और विश्लेषित होता है। इसलिए कहना यही होगा कि देश के अंदर से आए इन जैसे बयानों के ज़रिए भारत की आत्मघाती छवि गढ़ना वास्तव में आज एक बड़ी भूल है, जिसे संविधानिक संस्थाओं के माध्यम से तुरंत रोका जाना चाहिए।

## साहित्य

# यह समय



डॉ. सत्येन्द्र कुमार
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, डीएन पी.जी. कालेज फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।

यह कविता के लिए
वह समय है,
जब हम कुछ भी कहने को
आजाद हैं,
कुछ भी बोल सकते हैं सत्ता
पक्ष को
हर बार ऐसा क्यों होता है कि
सदैव विपक्षी विचारधारा के
लोग सत्ता पर सवाल उठाते हैं,
सही होने या ग़लत होने से कोई
फर्क नहीं पड़ता।

यह वह समय है
जब हम
कुछ भी कह या कर सकते हैं
बिना कुछ सोंचे-समझे
कुछ भी परोस सकते हैं
समाज को
वीभत्स-घृणित-लाइक-
फालोअर
संत-महंत, सुधारक, नेता,
अभिनेता
कवि-कविता।

यह वह समय है
जब सब
तेजी से दौड़ रहे हैं
ऐसी भीड़ में जिसका
कोई परिणाम नहीं है।

ख़बरें
घटना-घटने से पहले
घट रही हैं।
पहुंच रहीं हैं
जहां नहीं पहुंचना चाहिए।





# राशिफल

**मेषः–** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृषभः–** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः–** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्कः–** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः–** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**कन्याः–** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः–** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृश्विकः–** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः–** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः–** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः–** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः–** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# भाइयों के दीर्घायु होने की कामना का पर्व रक्षाबंधन

*संजीव ठाकुर*

तेन त्वामभी बंध्यनामी रक्षे मा चल मा चल का पवित्र पाठ करते हुए रक्षा सूत्र भाइयों की कलाई पर भाई के दीर्घजीवी होने की कल्पना करके बांधती हैं। भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है बल्कि भारत विविध संस्कृतियो संस्कारों और संप्रदायों के विभिन्न त्योहारों का देश भी है इसीलिए यह कहा जाता है की अनेकता में एकता भारत की पूंजी है।

भारत त्योहारों का देश है जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म संप्रदाय एक साथ फल फूल रहे हैं और रक्षाबंधन त्योहार भी भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन ऐसा एक त्यौहार है जो धर्म संप्रदाय संस्कृतियों की सभी दीवारों को तोड़कर सभी त्योहारों के बीच एक अनूठा स्थान रखता है। रक्षाबंधन अपने प्रेमभाव तथा सांस्कृतिक मूल्यों के कारण देशभर में बड़े उत्साह से मनाया जाता है और हर वर्ष शुभ मुहूर्त में बहन अपने भाई की कलाई में रखी बांधकर अपनी तथा देश की सीमाओं की सुरक्षा का आश्वासन चाहती है और अपने भाई की दीर्घायु होने की कामना करते हुए बहनें इस पवित्र त्योहार को मनाती हैं। इस श्रावण पूर्णिमा 2023 की शुरुआत 30 अगस्त की सुबह 11.27 से होकर 31 अगस्त को सुबह 7.35 तक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा सकता है। वैसे भी रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहन के बीच प्यार बंधन को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है यह एक ऐसा त्यौहार है जो पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है हिंदू कैलेंडर के अनुसार श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्यौहार देश के भाइयों और बहनों के बीच प्यार को बढ़ता है नियंत्रित करता है। भाई और बहन के बीच संबंध वास्तविकता में और साधारण और विलक्षण होते हैं इन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता भाई बहन का रिश्ता अतिविश्वसनीय है रक्षाबंधन एक प्रशंसनीय, सुंदर बंधन है। जिसे पूरी दुनिया में भारतवासी बड़ी सादगी सदा धूमधाम से बनाते हैं।

हिंदू समाज में ऐसी अनेक प्रथाएं हैं जो सदियों से चली आ रही है उन्हें समाज आज भी मानता और यही परंपराएं हमारी संस्कृति की धरोहर भी हैं। इन प्रथाओं में कुछ-कुछ कुप्रथाएं भी शामिल थी जैसे बाल विवाह, नरबलि, सती प्रथा जिसे समाज ने नकार कर अलग कर दिया।



इसलिए रक्षाबंधन का त्यौहार एक ऐसी प्रथा है जो हम सबको परस्पर जोड़ती है इसीलिए आज भी पूर्ण हर्ष के साथ मनाते हैं स्पष्ट है कि रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हमें रिश्तो का मन करना सिखाता है ताकि हम कमजोर वर्ग तथा देश की सीमा बाहरी आक्रमण कारियों से बचाकर रखें। रक्षाबंधन के इतिहास में यदि एक दृष्टि डालें तो अनेक पौराणिक कथाएं भी इसकी साक्षी रही है। कई इतिहासकार इसे कृष्ण की पौराणिक कहानी के साथ इस त्योहार के संबंध का वर्णन करते हैं कहा जाता है कि जब भगवान कृष्ण जब पतंग उड़ाते समय धागे से उनकी कलाई भूल से कट गई थी तब द्रौपदी ने इसे देखकर साड़ी के पल्लू को चीर कर उनके रक्त से बहते हुए घाव पर बांध दी थी उनके इस इशारे को समझ कर श्री कृष्ण ने उनकी रक्षा का वचन दिया और श्री कृष्ण ने द्रोपदी की इस रक्षा के वचन को निभाया भी था। इतिहासकार इसे इतिहास से भी जोड़ते हैं मेवाड़ की रानी कर्णावती पर जब 1535 में बहादुर शाह जफर ने आक्रमण कर दिया था तब मेवाड़ की रानी कर्णावती ने अपनी राज्य की रक्षा के लिए मुगल बादशाह हुमायूं को राखी बेचकर भाई बनाकर मेवाड़ की रक्षा हेतु वचन मांगा था।

मेवाड़ की रानी कर्णावती क्योंकि खुद एक बड़ी वीरांगना थी तथा बहादुर शाह का मुकाबला करने के लिए वह खुद मैदान में आ गई थी हुमायूं ने रक्षाबंधन की गरिमा को रखते हुए अपनी सेना मेवाड़ की रानी की मदद के लिए भी भेजी थी। रक्षाबंधन के संदर्भ में अनेक प्रसंग इतिहास तथा वर्तमान में प्रचलित है और वास्तव में रक्षाबंधन भाइयों तथा बहनों के बीच रक्षा तथा स्नेह के बंधन के बीच बड़ी ही पवित्रता से मनाया जाता है।

रक्षाबंधन की रक्षा के लिए भाई अपनी जान की परवाह न करते हुए बहनों की रक्षा के लिए एवं देश की सीमा तथा निशक्तजनों की रक्षा के लिए कटिबंध रहते हैं। भारत भूमि में ऐसे अनेक त्यौहार भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म की रक्षा हेतु मनाए जाते रहे हैं और मनाए जाते रहेंगे भारत की पवित्र भूमि को नमन प्रणाम।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### काकोरी कांड की याद में वन विभाग ने किया पौधरोपण



**भरुआ सुमेरपुर।** काकोरी कांड की शताब्दी समारोह में समापन पर वन विभाग ने ग्राम पंचायत बिलहडी के अमृत सरोवर करके काकोरी कांड के शहीदों को नमन किया। वन क्षेत्राधिकार अजय कुमार वर्मा ने बताया कि काकोरी कांड के शताब्दी समारोह के समापन अवसर पर बिलहड़ी के अमृत सरोवर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जयनारायण विश्वकर्मा, वन दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली प्रभारी को राखी बांधकर मांगा सुरक्षा का उपहार



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा में बहनों ने कोतवाली प्रभारी को राखी बांधने के बदले में सुरक्षा का उपहार मांगा है बताते चलें कि भाई बहन के प्रेम त्याग और बलिदान का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन के चलते शुक्रवार को नगर की तमाम बहने यहां के कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह को राखी बांधने पहुंची थीं।इन बहनों से राखी बंधवाने के बाद जब कोतवाली प्रभारी उन्हें उपहार स्वरूप रुपए देने लगे तो इन सभी बहनों ने रुपए लेने से मना कर दिया और राखी के बदले में उन्होंने अपनी सुरक्षा का उपहार मांगा है। बहनों के व्यवहार से भावुक हुए कोतवाली प्रभारी ने उन्हें हर समय पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।

### फैक्ट्री सुपरवाइजर से बाइक सवार बदमाशों ने नकदी-मोबाइल लूटा

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात बाइक सवार दो बदमाशों ने फैक्ट्री से वापस घर जा रहे एचयूएल के सुपरवाइजर को मारपीट करके मोबाइल फोन एवं नगदी लूट ली और फरार हो गये। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है कस्बे के गुरगुज थोक निवासी संजय ने बताया कि वह फैक्ट्री एरिया में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल में सुपरवाइजर है। 7 अगस्त को रात 8 बजे वह ड्यूटी से वापस बाइक से घर जा रहा था। बीम गोडाउन के पास दो युवक बाइक से आये और बाइक के सामने बाइक लगाकर एक युवक ने धक्का मारकर बाइक से नीचे गिरा दिया और मारपीट करते हुये मोबाइल एवं जेब में पड़े 2900 रुपये लूटकर फरार हो गये। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### खरीफ गोष्ठी का हुआ आयोजन



**ओरन/बांदा।** विकासखंड बिसंडा परिसर मे त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तरगत विकासखंड स्तरीय खरीफ गोष्ठी कृषि विभाग द्वारा सम्पन्न करायी गयी जिसमे प्रा.सहा.कृषि शिवलोचन द्वारा विभाग की योजनाओं के साथ फसलो मे लगने वाले कीटो रोगो खरपतवारों के बचाव सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी गई, ए.डी.ओ.एजी.ज्ञान सिहं जी ने किसानो को किसान रजिस्ट्री करवाने को कहा गया .सोरलपंप ,सोरल फेन्सिंग , कृषि यंत्रीकरण से सम्बन्धित योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई। गोष्ठी मे बी.टी.एम.जितेन्द्र शिवहरे ,प्रभारी बीज भन्डार ब्रजकिशोर , ए.टी.एम.अजयपाल, प्रेमलाल सहित विभिन्न गाँवो के भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### चोरों ने मोबाइल की दुकान से कई मोबाइल किये पार

**ओरन/बांदा।** कस्बा निवासी शंकर पांडेय पुत्र सुरेंद्र पांडे ने पुलिस चौकी ओरन में दी गई तहरीर में बताया बीती रात्रि चौराहे स्थित मेरी मोबाइल की दुकान से शटर का ताला तोड़ लगभग एक लाख कीमत के मोबाइल व अन्य सामान ले गए। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंच दुकान का मुआयना किया।

### पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**नरैनी/बांदा।** करतल कस्बा स्थित बाजार में जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने खेलते हुए दबोच लिया।पुलिस ने मौके से तास के पत्तों के अलावा नगद रुपए बरामद किए। कस्बे में रात्रि के तकरीबन 9बजे के आसपास गस्त कर रही चौकी पुलिस को बीच बाजार में जुए होने की भनक लगी।जानकारी होने पर पुलिस बल ने मौके पर छापा मार कर चौकी क्षेत्र के वैरागी पुरवा निवासी राजेंद्र कुशवाहा पुत्र बद्री प्रसाद, भंवरपुर अंश बिलहरका निवासी गरीबा पुत्र भूरा,नहरी गांव निवासी राकेश कोरी पुत्र राम प्रसाद, नहरी गांव निवासी लक्ष्मी यादव पुत्र मंगल और मध्य प्रदेश के थाना अजयगढ़ स्थित लवलास गांव निवासी शिवराम पुत्र हल्के,सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी सहित मौके पर से 8150 रुपए और एक अदद तास की गड्डी बरामद की गई। गिरफ्तारी के दौरान चौकी इंचार्ज अनिल राय ,कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### 75 वर्षीय महिला सुनैना को रुचि ने किया रक्तदान



**बांदा।** सेवर्स आफ लाइफ संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने अवगत कराया कि आज दीपांशु का अध्यक्ष सलमान खान के पास काल आया कि उनकी दादी जो लीवर कैंसर की पेशेंट है उनको ओ पाजिटिव ब्लड की अवश्यकता है, कृपया हमारी मदद करे दीपांशु ने बताया की हम सभी परिजन ब्लड डोनेट कर चुके हैं अब परिवार में कोई नहीं जो रक्तदान कर सके जिसमे तत्काल ही डिमांड डाली गई और रक्तदानी रुचि सिंह जी से संपर्क किया रुचि जी फौरन ही मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक पहुंची और 75 वर्षीय सुनैना के लिए रक्तदान किया ये उनका चौथा रक्तदान था रुचि सिंह ,डाक्टर नीलम सिंह एवं डाक्टर प्रदीप सिंह (अवनि परिधि हॉस्पिटल) संचालिका की बेटी है जो आज अपने चौथे रक्तदान के लिए आई हुई है। रक्तदान में संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, आसिफ अंसारी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण कर ली गई सलामी



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात पुलिस लाइन में चल रहे लघु और वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन् में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों के प्रशिक्षण योजना को भी देखा गया तथा दुरुस्त सिखलाई हेतु प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया ।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी बैरिक, आरटीसी क्लासरुम, आरटीसी शौचालय, आरटीसी मेस आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।तत्पश्चात रजिस्टर पेशी कर विभिन्न रजिस्टरों को चेक किया गया । इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक माविस टक व क्षेत्राधिकारी पीयुष पाण्डेय व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।

### अपर ज़िला जज ने गोष्ठी में रखे विचार



**बांदा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा निर्देशन और समारोहिका डाक्टर सबीहा रहमानी के संयोजन से महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की श्रंखला के साथ आज महाविद्यालय में महाविद्यालय में काकोरी एक्शन प्लान के सौ साल पूरे होने पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। आज महाविद्यालय में काकोरी एक्शन प्लान की सौवीं वर्षगाँठ पूरी होने पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि रहे अपर ज़िला जज श्री श्रीपाल सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता ने। इस विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता रहे विभागाध्यक्ष इतिहास डॉक्टर जयप्रकाश सिंह। इस अवसर पर ज़िला विधिक प्राधिकरण बांदा की ओर से पराविधिक स्वयं सेवी और संयोजक आरोग्य भारती तरुण और महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विचार गोष्ठी पर अपने महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज हम जिस स्वतंत्रता का अनुभव कर रहे हैं वह अपनी जान की आहुति देकर हमें आज़ाद करवा गए । इस अवसर पर छात्राओं को विभिन्न कानूनों के प्रति व हर घर तिरंगा अभियान हेतु जागरूक किया गया।

### सर्पदंश से युवक की मौत, दिल्ली से एक दिन पहले लौटा था घर



**पनवाड़ी महोबा।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के ग्राम टोला पांतर में शुक्रवार को सर्पदंश से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम टोला पांतर निवासी देव सिंह पुत्र रामकिशन अहिरवार को सांप ने काट लिया, जिसके बाद वह अचेत हो गया। परिजन तत्काल उसे पनवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि देव सिंह दिल्ली से केवल एक दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। मृतक के परिवार में पत्नी और दो पुत्र विवेक व विशेख हैं। पिता के पास मात्र दो बीघा कृषि भूमि है। सूचना पर महोबकंठ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# रक्षाबंधन पर्व आज, रंग-बिरंगी राखियों से पटा बाजार

**महिलाएं राखियों के साथ खरीद रहीं मिठाई**

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा पर्व यानी रक्षाबंधन को 9 अगस्त यानी आज मनाया जाएगा। श्रावण मास की पूर्णिमा को पड़ने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार रंग बिरंगी राखियों से सज कर तैयार है। इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। तरह-तरह के राखियों से पूरा बाजार पट गया है। राखियों की बिक्री जमकर हो रही है। त्योहार के चलते बाजार में मिठाईयों की भी बिक्री बढ़ गई है।वहीं भाई बहन के इस पवित्र त्यौहार को लेकर परिवहन विभाग ने बहनों को सहयात्री के साथ तीन दिनों तक फ्री यात्रा सेवा का दोहफा दिया। जिसका बहनें खूब फायदा भी उठा रहीं हैं। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाना वाला त्यौहार रक्षाबंधन शनिवार को मनाया जाना है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध भाई से उनकी रक्षा का वचन लेंगी। भाई बहनों को जीवनभर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। इस पर्व को लेकर रंग बिरंगी राखियों से बाजार पूरी तरह सजकर कर तैयार है। तरह-तरह की राखियों से पूरा बाजार पटा है। महिलाएं भाइयों की कलाइयों पर बांधने के लिए बाजार में तरह-तरह के राखियों की खरीदारी कर रही हैं। 5 से लेकर 70 और उससे भी अधिक रुपयों की राखियां बिक रहीं हैं। वहीं ज्वेलर्स की दुकानों पर भी आकर्षक डिजाइनों में चांदी की राखियां बिक रही है।शहर के सुभाष बाजार, आकिल तिराहा, किंग रोड़, बस स्टेण्ड, रहूनिया धर्मशाला, कालपी चौराहा सहित अन्य स्थानों पर राखी की दुकानें सजी हैं।महिलाएं खरीदारी कर रही हैं। वहीं कपड़ों की भी दुकानों पर काफी भीड़ देखी जा रही है। बहनों को पर्व पर उपहार स्वरूप देने के लिए भाईयों द्वारा उनके लिए कपड़े सहित अन्य सामानों की भी खरीदारी की जा रही है। त्योहार को लेकर बाजार गुलजार है। त्योहार को देखते हुए मिठाइयों की भी डिमांड बढ़ गई है।

### एसपी पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कल होने वाले त्यौहार रक्षाबंधन पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए सदर थाना कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड, बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही उन्होंने आमजन से संवाद कर शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की। वहीं पुलिस बल को सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### रक्षाबंधन पर मुक्त यात्रा को लेकर रोडवेज में उमड़ा जनसैलाब



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड परिसर में आज शुक्रवार को यात्रियों का सैलाब देखने को मिला। यात्रियों में सर्वाधिक महिलाओं की संख्या अधिक देखने को नजर आई। राठ कस्बे का पूरा रोडवेज बस स्टैंड परिसर यात्रियों से खचाखच भरा हुआ नजर आया। तथा राठ डिपो परिसर में प्लेटफार्म पर बसों के खड़े होते ही चंद सेकेंडों में यात्रियों का हुजूम बसों पर टूट पड़ता। वहीं इस संबंध रोडवेज डिपो के एआरएम संतोष कुमार ने बताया कि रात डिपो के पास 95 बसें हैं जिसमें से 85 बसे सड़क पर लगातार दौड़ रही है। उन्होंने बताया कि सभी बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं।

## सपा व्यापार सपा व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ करेगी संघर्ष



**भरुआ सुमेरपुर।** समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक संगठन के जिलाध्यक्ष के व्यापारिक प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की व्यापार विरोधी नीतियों के विरोध में आंदोलन की रणनीति तैयार करके जल्द ही सड़कों में उतरकर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अजय पाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार में व्यापारियों के उत्पीड़न पर गहन मंथन करके आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक में नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये अंकुर यादव को व्यापार सभा का नगर महासचिव बनाया गया। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, व्यापार सभा के प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, चंद्रशेखर गुप्ता चंदू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, विकास गुप्ता, लालता सिंह खंगार, अशोक यादव, संजय कुमार, ज्ञानी, आशीष कुमार, वेदप्रकाश वर्मा, सुनील कुमार साहू, सियाराम आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व मनाया

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में रक्षा बन्धन का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया के नेतृत्व में मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि जैसा कि हम सभी जानते है कि श्रावण मास का महीना शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस महीने में पूरा संसार खुशी और उत्साह से भर जाता है और इसी माह की पूर्णिमा को रक्षाबन्धन का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 9 अगस्त को प्रातःकाल से दिन भर मनाया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सर्व व्यवस्था प्रमुख कमलकान्त मिश्र ने बोलते हुए कहा कि रक्षाबन्धन हिन्दुओ के लिये एक महत्वपूर्ण त्योहार है यह त्योहार परिवार को एक साथ आने, सांस्कृतिक मूल्यो को सुदृढ़ करने तथा भाईयो बहिनो के बीच प्यार और सुरक्षा के बन्धन का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य जितेन्द्र सिंह व शशि गंगोला ने रक्षा बन्धन पर्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय की छात्रा माही सिंह गौर, स्नेहा, प्रियांशी, अदिति व भै. विवेक तिवारी ने गीत व भाषण के माध्यम से सबका मन मोह लिया। तत्पश्चात विद्यालय की आचार्या बहनों एवं छात्रा बहनो ने समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम का विधिवत संचालन छात्र संसद के प्रधानमंत्री भै. कृष्णा ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख आचार्या अनीता सिंह ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### प्राथमिक विधालय लहरा गांव में छात्र छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व मनाया



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के लहरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।गांव में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई क्षेत्र के लहरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई में राखी बांध कर पर्व मनाया प्रधानाध्यापक कालका शुक्ला ने रक्षाबंधन पर्व के संबंध में बच्चो को जानकारी दी। इसके बाद गांव में छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली तथा स्वतंत्रता दिवस के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रज्ञा गुप्ता, रविन्द्र वर्मा, राजेंद्र सिंह सहित ग्रामीण सर्वेश द्विवेदी, पप्पू सिंह, राजवीर सिंह, रंजीत आदि तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।

### बाजार में भीड़ उमड़ने से दिनभर जाम से जूझे लोग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर शुक्रवार हो कस्बे की बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। भीड़ के चलते सब्जी मंडी चौराहा, रामलीला मैदान मार्ग, मैथिलीशरण गुप्त मार्ग आदि में जाम का झाम दिनभर बना रहा। इससे लोग हलाकान होते रहे शनिवार को रक्षाबंधन पर्व होने के कारण शुक्रवार को कस्बे के बाजार में महिलाओं, पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। कस्बे का मुख्य बाजार हाईवे किनारे मैथिलीशरण गुप्त मार्ग एवं रामलीला मैदान मार्ग पर है। इन तीनों मार्गों पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण दिनभर जाम का झाम बना रहा। हाइवे में सब्जी मंडी चौराहा में बार-बार जाम लगने से हाईवे से गुजरने वाले लोग परेशान रहे। अन्य दिनों की तुलना में आज इस चौराहे से पुलिस भी नदारत थी। इससे वाहन चालक आड़ा तिरछा वाहनों को गुजारकर निकलने की जद्दोजहद में जाम का कारण भी बन रहे थे।

## बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किए नकदी व जेवरात



**हमीरपुर।** सुमेरपुर बीती रात अज्ञात चोरों ने कस्बे के वार्ड संख्या 16 में बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी एवं जेवरात चोरी कर लिए। दंपति 4 अगस्त को मकान बंद करके शिक्षक पुत्र के पास बांदा चले गए थे। वार्ड संख्या 16 में टीवीएस एजेंसी के पीछे रहने वाले मदनगोपाल ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर वह 4 अगस्त को मकान में ताला बंद करके पत्नी के साथ शिक्षक पुत्र के यहां चले गए थे। रक्षाबंधन के बाद लौटने की तैयारी थी। सुबह पड़ोसियों ने बताया कि उनके मकान का ताला टूटा पड़ा है और दरवाजा खुला हुआ है। सूचना पाकर वह बांदा से वापस लौटे हैं। चोर घर में रखे 60 हजार रुपए नगद तथा 40 हजार कीमत के चांदी के जेवरात ले गए हैं। पीड़ित ने घटना से पुलिस को अवगत कराया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करके आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं लेकिन अभी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## पीएमश्री विद्यालय कुसमरा में छात्र छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन

**एक-दूसरे को राखी बांधकर लिए शिक्षा, सुरक्षा का संकल्प**

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार से निर्देशन में द्वारा रक्षाबंधन पर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनाया। इस अवसर पर एक दूसरे को राखी बांधकर शिक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया विद्यालय के शिक्षक मुस्ताक शेख ने कहा निश्चित रूप से यह पर्व हमें सुरक्षा का संकल्प याद दिलाता है। हमारा इतिहास के अनुसार रानी कर्णावती ने हुमायूं को राखी भेजी थी। इसलिए उन्होंने इसे अपनी बहन की रक्षा के लिए एक भाई का कर्तव्य समझा शिक्षक प्रदीप कुशवाहा ने कहा कि देवराज इंद्र जब असुरों से युद्ध हार रहे थे, तो उनकी पत्नी इंद्राणी ने उन्हें राखी बांधकर विजयश्री का आशीर्वाद दिलाया था। देवी लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधकर उनकी रक्षा की थी। 1905 रवींद्रनाथ टैगोर ने बंगाल विभाजन के समय लोगों को एकजुट करने के लिए रक्षाबंधन का त्योहार मनाया था। शिक्षक विनीत कुमार शर्मा ने कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा करने की भावना का प्रतीक है शिक्षक गिरीश कुमार में कहा कि बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुरक्षा और कल्याण की कामना करती हैं समर्थ की कुमकुम और शिक्षिका वर्षा सिंह ने बताया कि अब परिदृश्य बदले है इसलिए छात्र छात्राओं के एक दूसरे की कलाई पर राखी बांधी और एक दूसरे की शिक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया इस दौरान शिक्षक शिक्षाएं और विद्यालय के छात्र छात्राएं आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## युवक पर हमला करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा एक व्यक्ति पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि 7 अगस्त 25 को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम मुहुई के रहने वाले रामविशाल सिंह पुत्र जयगोपाल सिंह द्वारा सूचना दी गई कि उनके चाचा मुन्ना सिंह पुत्र रामनरेश सिंह को लाठी-डंडों एवं कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर 3 अभियुक्तों को गोखरही मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रमजानी पुत्र रहीम बक्स निवासी ग्राम मुहुई थाना तिन्दवारी जनपद बांदा, नन्हे उर्फ शफीक अहमद पुत्र रहीम बक्स निवासी ग्राम मुहुई थाना तिन्दवारी जनपद बांदा व अनीशा पत्नी रमजानी निवासी ग्राम मुहुई थाना तिन्दवारी जनपद बांदा शामिल हैं।

## 70 से अधिक उम्र के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जायें: जिलाधिकारी

**डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक**

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना को बढ़ाए जाने के निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन जर्जर स्थिति में है उनकी मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शीघ्र उपलब्ध करे। उन्होंने 70 से अधिक उम्र के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने परिवार कल्याण के अंतर्गत पुरुष एवं महिला नसबंदी में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए तथा आशा चयन हेतु मांग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिए। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम 12 अगस्त से प्रारंभ होगा जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारी कर ले तथा स्थान को चिन्हित कर ले। मुख्य विकास अधिकारी ने आकांक्षात्मक विकास खण्डों पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने सभी बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की जांच कराए जाने के संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र कुमार साहित चिकित्सा अधीक्षक महिला एवं पुरुष चिकित्सालय तथा समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### कच्चा मकान ढहने से दादा, नाती और साला मलबे में दबे, हालत नाजुक



**जसपुरा (बांदा)।** कस्बा जसपुरा के मोहल्ला खेरेपर में शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे एक कच्चा मकान अचानक भरभरा कर ढह गया। हादसे में घर के अंदर लेटे तीन लोग मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर दौड़े आए पड़ोसियों और पुलिस ने करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी जसपुरा से रेफर कर बाँदा भेजा गया। घटना में घायल हुए लोगों की पहचान अनुरुद्र सिंह (65) पुत्र रामगोपाल निवासी जसपुरा, उनका नाती नैतिक (14) पुत्र शिवप्रकाश निवासी जसपुरा और साला शिवमंगल सिंह (50) पुत्र बंशगोपाल निवासी बेलगांव के रूप में हुई है। नैतिक सरस्वती शिशु मंदिर जसपुरा में कक्षा सात का छात्र है। अनुरुद्र सिंह ने बताया कि मकान कच्चा था और ऊपर एक अटारी बनी थी। हादसे के समय तीनों पटनेर के नीचे लेटे हुए थे, तभी मकान अचानक भरभराकर ढह गया और तीनों लोग उसके नीचे दब गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। पड़ोसियों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस से उन्हें तुरंत सीएचसी जसपुरा पहुंचाया गया, जहाँ से हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने बाँदा के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार वेद प्रकाश पैलानी और लेखपाल शिवनरेश मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राष्ट्र भक्ति अत्यन्त आवश्यक है: आयुक्त

**काकोरी ट्रेन एक्शन शाताब्दी महोत्सव का हुआ समापन**

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता तथा डीआईजी राजेश एस, जिलाधिकारी जे. रीभा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार बॉदा में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह का बृहद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 09 अगस्त, 1925 को घटित काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्य नाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित काकोरी टेऊन एक्शन शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं सेना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राष्ट्र भक्ति अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रान्तिकारियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जीवन में हमें स्वतंत्रता प्रदान की है, उनके प्रति सच्ची श्रद्धान्जलि यह होगी कि हम राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। हमें स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के जीवन आदर्श से सीख लेकर राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें वह पूरी आत्मीयता एवं तन्मयता से करें तथा अपनी क्षमताओं को बढायें और अपने को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि दूसरे के विचारों को समझे एवं उनसे सीख लेकर अपने समय का सदुपायोग करें।

डीआईजी श्री राजेश एस ने कहा कि काकोरी टेऊन एक्शन शताब्दी समापन समारोह के अवसर पर कहा कि अग्रेंजी सरकार काकोरी के क्रान्तिकारियों से इतना खौफ खा चुकी थी, कि उसने क्रान्तिकारियों को प्रदेश की अलग-अलग जेलों में बन्द कर दिया और मुकदमा चलाकर कई वर्षों की कैद की सजा सुनाई। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया, जिसमें लक्ष्मी शंकर सिंह, विनोदा देवी, अनुराधा, सुदामा, रत्नो देवी, केशव सिंह आदि परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कल्लू सिंह राजपूत, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक तिवारी सहित अपर जिलाधिकारी वि/रा कुमार धर्मेन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण तथा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बस दुर्घटना में घायलों को बचाने दौड़े स्थानीय नागरिक

▸ जिला प्रशासन आनन फानन में पहुंचा, राहत एवं बचाव में लगा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की सुबह बाराबंकी हैदरगढ़ रोड पर हरख के समीप अनुबंधित बस की पर गूलर का पेड़ गिरने से पांच लोगों की हुई दर्दनाक मौत से पूरे जनपद में लोग सिहर गए। बारिश में हुई इस घटना से शोक की लहर दौड़ गई।

सुबह लगभग 10:30 बजे परिवहन निगम की अनुबंधित बस संख्या UP41AT7033 सवारियों को लेकर बाराबंकी बस स्टॉप से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख के समीप राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के कारण अचानक बस पर गिर पड़ा, जिससे बस को काफी नुकसान पहुँचा और यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुँचा। तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। बस में मौजूद शेष यात्रियों का भी मौके पर प्राथमिक उपचार कर उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य तक भेजा गया।

इस दुर्घटना में 5 यात्रियों की दुःखद मृत्यु हो गई जिनके शवो को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया तथा उनके शवो की पहचान कर उनके घर वालो को सूचना दी गई। 01 यात्री गंभीर रूप से घायल है जिसे चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों का लिया जायजा

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी स्वयं घटना स्थल पर पहुँचकर राहत कार्यों की निगरानी की तथा घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। राहत एवं बचाव टीम द्वारा क्षतिग्रस्त पेड़ को हटाकर सड़क मार्ग को शीघ्र साफ कराया गया, जिससे यातायात पुनः सुचारु हो गया। बस में 60 यात्री थे शेष सभी को सुरक्षित रूप से निकालकर उनके घर भेजने की व्यवस्था की गई है। मृतकों के परिजनों को परिवहन निगम के माध्यम से 5 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

### क्षेत्रीय विधायक ने लिया घायलों का जायजा



रोडवेज बस पर गिरे पेड़ के नीचे दबकर हुई मौत की सूचना पाते ही क्षेत्रीय सपा विधायक गौरव रावत ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थित का जायजा लिया एव दुर्घटना मे घायल यात्रियों का जिला अस्पताल मे पहुंचकर हालचाल लिया एव चिकित्स्कों से घायलों के इलाज मे किसी तरह की लापरवाहीं न करने के निर्देश दिये।

### पूर्व मंत्री गोप ने व्यक्त की शोक संवेदना



विधानसभा जैदपुर के ब्लॉक हरख क्षेत्र के राजा बाजार मे रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिरने से चार महिलाओं एवं एक पुरुष सहित पांच लोगों के निधन की दुखद सूचना प्राप्त होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायल का हाल जान ईश्वर से शोकसंतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति एवं दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### पेड़ गिरने से हुई दुर्घटना से वन विभाग लिया ने सबक

हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर चलती बस पर पेड़ गिरने की हुई भीषण दुर्घटना में पांच लोगों की मौत से वन विभाग की आंखे खुल गई। इस सड़क के किनारे लगभग 15 से अधिक ऐसे पेड़ों को कटवाकर जो सड़क के किनारे लगे थे और सड़क की ओर झुके होने के कारण गिरने का अंदेशा था। ग्रामीणों की शिकायत पर एक पीपल, नीम, सेमल, गूलर, शीशम आदि के 15 पेड़ों को सड़क के किनारे से काटकर हटवाया। वन निरीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि सड़क किनारे जिन पेड़ों का गिरने का जोखिम था ऐसे 15 पेंड़ हटाये गए हैं।

# खतरे के निशान से ऊपर बढ़ता जा रहा सरयू का जल स्तर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। इससे तराई क्षेत्र के गांवों की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

एल्गिन ब्रिज पर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जल स्तर 106.600 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरे का निशान 106.070 मीटर है।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय और राजस्व टीम भी मौजूद थी। अधिकारियों ने तेलवारी, गोबरहा और सनावा गांवों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।अलीनगर रानीमऊ तटबांध और सनावा बाढ़ राहत केंद्र पर उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। विशेष रूप से बच्चों को नदी या जलभराव वाली सड़कों पर न जाने देने की हिदायत दी गई।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावें तैनात कर दी गई हैं। तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने सनावा गांव का निरीक्षण किया। सनावा, टेपरा पासिन और टेपरा कुर्मिन में पानी गांव और सड़कों पर भर गया है। अधिकारियों ने पूर्व प्रधान सुधीर सिंह और मंगल प्रसाद यादव से स्थिति पर चर्चा की।सिरौली गुंग के प्रधान प्रतिनिधि और ग्राम सचिव अरविंद कुमार यादव से भी बाढ़ के हालात पर विचार-विमर्श किया गया। शुक्रवार को शारदा बैराज से 288019 क्यूसेक पानी छोड़ा जा गया। प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यक कदम उठा रहा है।इस संबंध में उप जिलाधिकारी सिरौली गौसपुर प्रीति सिंह ने बताया कि जहां नाव की जरूरत है वहां नाव लगाई जा रही है तथा ग्रामीणों को जागरूक किया गया और बच्चों को पानी से दूर रखने की लिए कहा गया।

## खबरें एक नजर में

### शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए चेयरमैन ने किया भूमि पूजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास स्थित जंगलेश्वर शिव मंदिर का दो करोड़ में होगा सौंदर्यीकरण करण चेयरमैन ने कराया भूमि पूजन। नगर पंचायत औरास के मोहल्ला गौतमबुद्ध नगर मे स्थित जंगलेश्वर शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा जिसके लिए शाषन से दो करोड़ रुपये स्वीकृत हूए है। चेयरमैन राकेश कुमार के अथक प्रयासों से जिसकी जानकारी होने से कस्बे वासियों मे खुशी जताई है। शुक्रवार को चेयरमैन राकेश कुमार ने जंगलेश्वर मंदिर परिसर में भूमि पूजन कराया इस दौरान नागरिकों के अलावा सभासद मौजूद रहे।

### नवागत बीडीओ ने संभाला पदभार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड बीघापुर में नवागत खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय स्टाफपंचायत सेक्रेटरी व अन्य कर्मचारियों के साथ की गई बैठक में उन्होंने गौशालाओं में गोवंश के संरक्षण व सुविधाए शासन के निर्देशों के मुताबिक की जाए वह प्रत्येक गौशाला का निरीक्षण करेंगे अगर खामियां पाई गई तो सख्त कार्यवाही भी करेंगे। उन्होंने सभी को निर्देश दिया आइजीआरएस की निष्पक्षता पूर्वक निस्तारण समय से जरूरी है इसे शासन की प्राथमिकता को समझा जाए।

### बिजली करंट की चपेट से दो भैंसों की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना अंतर्गत बम्हरौली आयमा मजरे कोलवा गांव में गुरुवार की शाम हाईटेंशन विद्युत लाइन से उतरे करंट की चपेट में आकर दो भैसों की मौत हो गई। हादसे में मरी भैंसों की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी पप्पू सिंह व अन्य पशुपालकों के जानवर गांव से निकली सड़क के किनारे खेतों में चारा चर रहे थे, की तभी पप्पू सिंह की दो भैंसे सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्भे के निकट भरे पानी में पहुंच गई। जहाँ पानी में उतर रहे करंट की चपेट में आकर तड़पने लगी देखते ही देखते मरणासन्न हो गई। सूचना पाकर राजकीय पशु चिकित्सालय कबूलपुर से मोबाइल वैन से पहुंचे चिकित्सा कर्मियों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना पाकर पहुंचे प्राइवेट विद्युत कर्मियों द्वारा लाइन बंद करके तारों को सही किया गया। भाजपा बूथ अध्यक्ष मोहित कुमार ने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा समय पर अनुरक्षण कार्य न किए जाने की वजह से ही यह हादसा हुआ है। उन्होंने पीड़ित पशुपालक को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की हैं।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर बाराबंकी व अमेठी के बॉर्डर पर शुक्रवार की दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में पिता पुत्र घायल हो गये। 108 एंबुलेंस से हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए गए घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। अमेठी जनपद के थाना इन्हौना अंतर्गत कोटवा गांव निवासी रामसेवक पुत्र सर्वेश 53 वर्ष अपने पुत्र दिलीप कुमार 27 के साथ मोटर साइकिल से इन्हौना की ओर से जमुनीपुर गांव में दवा लेने आ रहे थे, जब वे मोटरसाइकिल से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मुर्गी दाना फैक्ट्री के सामने पहुंचे तभी पीछे से आए अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गई। जिसमें पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मुकामी पुलिस को यू पी32 नम्बर की कोई नम्बर प्लेट भी मिली है। जिससे दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता चल सकता है।

### ट्रक पलटने से चालक व परिचालक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में गत्ता लादकर जा रहा ट्रक हरदोई उन्नाव मार्ग पर पलट गया, जिससे चालक परिचालक घायल हो गए। घायलों को सी एच सी लाया गया। जहां से चालक को जिलास्पताल रेफ्र कर दिया गया। जनपद हरदोई के ग्राम असगांव अटवा निवासी चालक रामखेलावन परिचालक संजू के साथ मुजफ्फरपुर से ट्रक में गत्ता लादकर कानपुर जा रहा था। बीती रात लगभग एक बजे ट्रक थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव हरदोई मार्ग पर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र एवं ज्ञान डेयरी के बीच अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक परिचालक घायल हो गए। एम्बुलेंस की मदद से चालक परिचालक को सी एच सी लाया गया। जहां चालक रामखेलावन की गंभीर हालत देख उसे जिलास्पताल रेफ्र कर दिया गया है। ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे चालक को झपकी आना कारण बताया जा रहा है।

# लोधपुरवा मरौचा गांव में लगाई गई चौपाल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत लोधपुरवा और मरौचा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। लोधपुरवा में ग्राम प्रधान चंचलेश रावत की अध्यक्षता और सचिव राजेश कुमार रावत के संयोजन में चौपाल हुई। इस दौरान दो शिकायतें आईं जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।मरौचा में ग्राम प्रधान उदयभान सिंह की अध्यक्षता और सचिव अरविंद कुमार यादव के संयोजन में चौपाल का आयोजन हुआ। यहां आवास से संबंधित दो शिकायतें आईं। इन शिकायतों का भी मौके पर ही समाधान कर दिया गया।दोनों ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपालों में कुल चार शिकायतें आईं और सभी का तत्काल निस्तारण किया गया। इस अवसर पर लोधपुरवा पंचायत सहायक कुमारी सीमा और ग्राम रोजगार सेवक मरौचा के पंचायत सहायक सचिन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने पूजा-अर्चना कर किया संकट मोचन मन्दिर का शिलान्यास

▸ दो करोड़ 70 लाख से होगा मन्दिर का जीर्णोद्धार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर वार्ड में श्री राजेश्वरी दुर्गा एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत और नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी अदनान हुसैन ने , नगर अध्यक्ष देवीदीन रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया।



वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के बाद विधायक दिनेश रावत ने नींव में ईंट की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने बताया कि यह एक प्राचीन स्थल है जिससे कई लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था। सरकार ने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ रुपए और पास के तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। विधायक ने आगे कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार होने के बाद यह आकर्षण का केंद्र बिंदु बनेगा और काफी सुसज्जित होगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष देवीदीन रावत, सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार भी उपस्थित थे। इसके अलावा सभासद जहीर हाफिज, गिरजा रावत, इमरान, विशाल, राधेश्याम, महेंद्र मौर्य, रवि विश्वकर्मा, भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा मंडल प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अतुल सिंह, अशोक वैश्य, लिपिक सतीश श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के अन्य सभासद और भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाई टेंशन लाइन में आई खराबी के चलते 13 घंटे बिजली रही गुल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की भोर तेज हवा के साथ शुरु हुई बारिश के दौरान 33 हजार हाइटेशन लाइन मे आयी यांत्रिक खराबी के चलते क्षेत्र मे करीब 13 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही इस दौरान लोग पानी एव मोबाईल चार्ज के लिए परेशान रहे।

बताते चले कि चंदौली पावर हाउस से 33/ 11 विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाइटेशन लाइन मे यांत्रिक खराबी आने के कारण शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे से बिजली गुल हो गयी बिजली न आने के कारण क्षेत्र के करीब 250 गावो मे बिजली की आपूर्ति ठप्प हो गयी हाइटेशन लाइन मे आयी खराबी को ढूढ़ने के लिए सुबह से ही एस डी ओ विमलेश मौर्य, अवर अभियंता लाल जी सिंह सहयोगी विद्युत कर्मियों के साथ पेट्रोलिंग करनी शुरु कर दी काफी मेहनत के बाद दहेजिया गाँव के पास केबिल बाक्स ब्लास्ट मिला जिसको सही करने मे लगे रहे शाम साढ़े 4 बजे रामनगर को जाने वाली 33 हजार हाइटेशन लाइन से जोड़ कर आपूर्ति का संचालन शुरु किया इस दौरान लोग पानी के लिए तरस गये वही लोग मोबाईल चार्ज करने के भटकते रहे।



### जंगलों के बीच से गुजरी है हाइटेशन विद्युत लाइन

बताते चलें कि चंदौली पावर हाउस से 33/11 विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन खेतो, बागों एव जंगल के बीच से गुजरी है पेड़ो से सटी होने के कारण हवा के झोंके के साथ पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है अक्सर रात्रि में खराबी होने के कारण विद्युत विभाग के अधिकारी एव कर्मचारी खेतो एव बागों में पेट्रोलिंग करने से कतराते है नतीजा यह होता है कि यदि सूरज ढलने के बाद 33 हजार में खराबी आ गयी तो उसे दूसरे ही दिन सही किया जाता हैं इस दौरान लोग गर्मी से परेशान रहते है। शुक्रवार की भोर करीब 4 बजे हाईटेंशन लाइन मे आयी खराबी के चलते करीब 13 घण्टे आपूर्ति ठप्प रही। पेट्रोलिंग के बाद आपूर्ति का संचालन 5 बजे से शुरू किया जा सका। क्षेत्र के करीब ढाई सैकड़ा गाँवो के करीब दो लाख से अधिक उपभोक्ता बेहाल रहे। अवर अभियंता लाल जी सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तेज बारिश एव हवा के चलते 33 हजार हाइटेशन विद्युत लाइन ब्रेकडाउन हो गयी थी सुबह से शुरु हुई पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि दहेजिया गांव के निकट अंडरग्राउंड केबिल खराब हो गया है जिसे सही किया जा रहा हैं फिलहाल उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए रामनगर हाइटेशन से आपूर्ति चालू कर दी गयी है।

### छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर विकास खंड क्षेत्र के गांव सगवर स्थित ऋषिकुल विद्यापीठ की छात्राओं ने थाना बारा सगवर मुख्यालय पहुँचकर पुलिसकर्मियों को राखी बाँधी। विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी, सौम्या, आस्था, अनुष्का, सुभाषिनी, रिया भारती तथा शिक्षिका पूर्णिमा सिंह ने थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र को राखी बाँधी। छात्राओं ने मुख्यालय पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को भी रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने मिठाइयाँ खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया और उनके सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। एस ओ ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा यह सिर्फ राखी नहीं है, यह हमारे कर्तव्यों के प्रति समाज का विश्वास और आशीर्वाद है। हम अपने दायित्वों के लिए और अधिक समर्पित रहेंगे। प्रधानाचार्य दिनेश पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में संस्कार, सामाजिक जागरूकता और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजशेखर, सचिन रहे।

# भाई-बहन के प्यार को राखी बनाकर प्रकट किया : डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नारायन कालेज आफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आलमपुर हौज, इटावा में आज ओपन हाउस राखी एवं ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्राइमरी वर्ग में कक्षा–1 से कक्षा–3 तक के छात्र/छात्राओं ने रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में ग्रीटिंग कार्ड बनाए तथा जूनियर वर्ग में कक्षा–4 से कक्षा–8 के लगभग 150 छात्र–छात्राओं ने राखी बनाओं प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। बहनों ने भाइयों के लिये स्वयं अपने हाथों से राखियाँ बनाईं जिसमें उन्होंने घरेलू सामग्री का प्रयोग किया और क्रियात्मक प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। छात्र–छात्राओं ने राखी बनाने मे दाल के दाने, रंगीन कागज, मोती तथा मनमोहक रंगों आदि का कुशलता के साथ प्रयोग करके पर्यावरण के अनुकूल राखियों का निर्माण किया।

ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा–3 मार्स की गार्गी ने प्रथम, कक्षा–6 बीनस की आयशा ने 5द्वितीय तथा कक्षा– 3 मार्स के राघव रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा–3 मार्स के वेदांश पाण्डेय ने प्रथम स्थान, कक्षा–3 मार्स की आन्या तिवारी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा–3 मार्स की संस्कृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रतिभागियों की कला का अवलोकन किया और सभी का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि राखी का पर्व भाई–बहन के रिश्ते की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परम्पराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई–बहन के स्नेह के साथ–साथ हर सामाजिक सम्बन्ध को मजबूत करता है। इसलिए यह पर्व भाई–बहन को आपस में जोड़ने के साथ–साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है। डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि रक्षाबन्धन के महत्व को समझने के लिये सबसे पहले इसके अर्थ को समझना होगा। रक्षाबन्धन रक्षा .बन्धन दो शब्दों से मिलकर बना है। अर्थात् एक ऐसा बन्धन जो रक्षा का वचन लें। इस दिन भाई अपनी बहन को उसके दायित्वों का वचन अपने ऊपर लेते हैं। अन्त में प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी छात्र–छात्राओं को रक्षाबन्धन की बधाई दी तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती उरूसा रिज़बान, सी.सी.ए. इंचार्ज कृष्णा त्रिवेदी, ऋतु कनौजियो एवं अंकिता सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित ब्लाक सभागार एवं ग्राम बेहटा मुजावर स्थित एक मेडिकल कॉलेज में बांगरमऊ प्रथम दोनों मंडलों की अलग-अलग हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यकर्ताओं से अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्यशाला में विधायक श्री कटियार ने बताया कि राष्ट्रध्वज तिरंगा हमारे गौरवशाली राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। आप सभी कार्यकर्त्ताओं का मां भारती के वैभव को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान में सहभागी होना अतिआवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएँ और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी को अपलोड करें। साथ ही अपने-अपने गांव के नागरिकों को भी अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें।

कार्यशाला में मण्डल अध्यक्ष सोनू सिंह, संदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित व अरूणेंद्र पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

### झोलाछाप डाक्टर के इलाज से बच्ची की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** एक छह माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत अचानक नाजुक हो गई। यहां की सीएचसी में डाक्टर ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। बच्चे को मृत घोषित करते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम छेड़ी खेड़ा निवासी अजय यादव का 6 माह के बेटे शिवम की गुरुवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। चर्चा है कि परिजन उसे लेकर गांव के निकट स्थित ग्राम हफीजाबाद के एक झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचे। जहां डाक्टर ने कोई इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही बच्चे की हालत और बिगड़ गई। तब आनन-फानन परिजन बच्चे को लेकर बांगरमऊ की सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। अंततः परिजन बच्चे का शव लेकर अपने घर चले गए। परिजनों की ओर से अभी तक घटना के बाबत कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# हर घर तिरंगा अभियान : देशभक्ति के रंगों से सराबोर हुआ महाविद्यालय

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांगरमऊ में प्राचार्य डॉक्टर विष्णु मिश्रा व सांस्कृतिक निराला क्लब की संयोजिका डॉक्टर किरण के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय देशभक्ति के रंगो केसरिया, हरा, सफेद से तिरंगामय हो गया। गौरव, दीपक, जितेंद्र, सूरज, आशु, सिद्धार्थ, संकल्प आदि विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के समस्त संकायों के बोर्ड को तिरंगे के रंगों से सजाया।

उमा, वर्षा, काजल, नैंसी, पारुल, सरस्वती, अंजलि छात्राओं ने सुंदर रंगोली का निर्माण किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा केसरिया रंग शौर्य, साहस, शक्ति का प्रतीक है सफेद रंग शांति व हरा रंग सुख समृद्धि तथा उर्वरता का प्रतीक है। चक्र से हमें संदेश मिलता है कि जीवन सदैव गतिशील है। इसलिए सदैव अच्छे कर्म करते रहिए। डॉक्टर दिग्विजय नारायण डॉक्टर, सविता राजन डॉक्टर रवि राज वर्मा, डॉ हरिओम दिवाकर, डॉक्टर अभिषेक कुमार, डॉ हरिओम दिवाकर, डॉक्टर अभय राजपूत, डॉक्टर शैलजा त्रिपाठी, डॉ सुमन देवी, डॉक्टर बृजकिशोर गुप्ता ने छात्र-छात्राओं का सहयोग किया।प्राचार्य विष्णु मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की।




इस अवसर पर कर्मचारी प्रेम कुमार गौतम संदीप अवस्थी, बलराम, कन्हैयालाल, बसंतलाल ,जितेंद्र आदि उपस्थित रहे। अंत में डॉक्टर विष्णु मिश्रा ने समस्त देशवासियों को संदेश दिया कि हमारा तिरंगा एक झंडा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, एकता, और गर्व का प्रतीक है। हर घर तिरंगा हमें यह अवसर देता है कि हम अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति की भावना को प्रबल करें।

यह केवल हमारे अधिकार का नहीं बल्कि कर्तव्य का भी परिचायक है। हम उस तिरंगे का सम्मान करें जिसके लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राण न्योछावर किये।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

▸ रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक राखियों का निर्माण किया, जिससे भारतीय संस्कृति एवं भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।




कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, सुलेख लेखन तथा रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी श्री राकेश प्रसाद (प्रभारी सीडीओ), जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अतुल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव, जो कि डीटीसी, सीबीएसई इटावा भी हैं, ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और छात्रों को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना रहा। समस्त आयोजन अत्यंत सफल एवं सराहनीय रहे।

# पूर्व प्रधान से मारपीट के मामले की जांच करेंगे एएसपी हरदोई

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बीघापुर क्षेत्र के गांव बरदहा की पूर्व प्रधान ललिता देवी के साथ सीओ ऑफिस के पास 26 जून को हुई मारपीट अभद्र व्यवहार जातिसूचक गालियां देने के मामले में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिला हरदोई के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को मामले की जांच सौंपी गई है। पूर्व प्रधान ललिता देवी ने अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ को 21 जुलाई की पत्र देकर बताया था कि 26 जून को समय दोपहर 12 बजे सी ओ कार्यालय बीघापुर में अपने बटाईदार मृतक सुनील कुमार के केस के मामले में पैरवी करने आई थी तभी सीओ कार्यालय के गेट के बाहर रोड के पास कोतवाली क्षेत्र के मगरायर गांव निवासी एस के तिवारी, अजय कुमार, रामखेलावन, सिद्ध किशोर, राजेश कुमार ने गाली गलौज अभद्र व्यवहार सहित जाति सूचक शब्दो के साथ अपमानित किया। बीघापुर थाने की पुलिस से न्याय नहीं मिलेगा। प्रकरण में थाने बीघापुर कोतवाली की भूमिका ठीक नहीं है। पीड़िता की शिकायत पर एडीजी ने मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक हरदोई पूर्वी नृपेंद्र को सौंपी।

# आरसेटी में क्षेत्रीय प्रबंधक ने प्रशिक्षुओं से किया संवाद

**स्वरोजगार योजनाओं व वित्तीय समावेशन की दी जानकारी**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कन्नौज में क्षेत्रीय प्रबंधक किरण पाठक ने अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) अमरेन्द्र कुमार के साथ औचक निरीक्षण किया।



प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते क्षेत्रीय प्रबंधक

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे ब्यूटी पार्लर ट्रेड के प्रशिक्षण बैच का अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रतिभागियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से उनकी सीखने की प्रगति, अनुभव और योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बैंक की स्वरोजगार योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल बैंकिंग, और अन्य सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय समावेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की युवतियाँ बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर कैसे आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को डिजिटल लेन-देन, बचत की आदत, और स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इस मौके पर आरसेटी निदेशक नितिन कटियार, फैकल्टी सदस्य महेन्द्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ऑफिस असिस्टेंट सोनू कुमार सहित आदि लोग रहे।

## पुलिस ने रेलवे स्टेशन बस स्टैंड, बाजार की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

**कालपी ,जालौन।** रक्षाबंधन के मौके पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर पुलिस सतर्क है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ भीड़भाड़ के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है जिसमें संदिग्धों की तलाश भी की जा रही है। रक्षाबंधन के त्योहार में अब ज्यादा वक्त नही है शनिवार को ही कजरी महोत्सव का आयोजन हो रहा जिसके चलते रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ बजार में भीड़ बढ़ गयी है इसी के चलते पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। त्यौहार में किसी प्रकार की गड़बड़ी फिर भी गड़बड़ी की संभावना न हो तथा यात्री सुगमता से यात्रा करें इसको ध्यान में रखते हुये शुक्रवार को नगर में कोतवाल परमहंस तिवारी ने दल बल के साथ मुन्ना फुल पावर चौराहे, टरननगंज बाजार में गशत कर दुकानदारों को सुरक्षा के प्रति आश्वत कर सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया।

# राजकीय पशु चिकित्सालय निर्माण पर रोक

**मानकों की अनदेखी का आरोप**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास पर बन रहे राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य को यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंताओं (एई) अरविंद यादव और हिमांशु चौहान ने मानकों के उल्लंघन के कारण रोक दिया है। 69.11 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस भवन का निरीक्षण करने पर कई खामियां सामने आईं, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। 2 अगस्त को तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्माण स्थल का दौरा किया था और निर्धारित समय सीमा में मानक अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, उनके निर्देशों की अनदेखी करते हुए निर्माण में कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच में पाया गया कि लोहे की चौखट सवा इंच की लगाई जा रही है, जो मानक से कम है।

ईंटों के बीच मसाला नहीं भरा गया, जिससे ईंटें उखड़ रही हैं। 4:1 के अनुपात के बजाय 7:1 का मसाला उपयोग किया गया। शुरुआत में ईंटों की गुणवत्ता ठीक थी, लेकिन अब घटिया ईंटों का उपयोग हो रहा है। खिड़कियों की चौखट भी जेड सेक्शन के बजाय साधारण लगाई गई है।

एई अरविंद यादव ने बताया कि तहसील मुख्यालय का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, और ड्राइंग के अनुसार मानकों का पालन अनिवार्य है। गंभीर खामियों को देखते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

# वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल, देवबरमपुर में रक्षा बंधन का पर्व पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों को राखी बाँधकर भाई-बहन के प्रेम और विश्वास के रिश्ते को सशक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रक्षा बंधन पर आधारित नाटक, गीत और कविताओं की प्रस्तुतियां दी। साथ ही राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार कीं। प्रधानाचार्य आसिम मन्सूर ने रक्षा बंधन के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों से आपसी प्रेम, सहयोग और सम्मान की भावना को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश दुबे ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। शिक्षिकाओं के संचालन में हुए कार्यक्र म को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सभी छात्रों को मिठाइयाँ वितरित की गईं और उन्होंने एक-दूसरे को रक्षा बंधन की शुभकामनाएँ दीं।



## राखी के बंधन में पुलिस का रक्षा वचन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सेंट पॉल्स विद्यालय में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी व अन्य पुलिसकर्मियों ने कक्षा 11वीं की छात्राओं से राखी बंधवाकर उनकी रक्षा का वचन दिया। प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनके माध्यम से छात्राएं आवश्यकता पड़ने पर सहायता मांग सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को निडर होकर अपनी बात रखने और सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूक रहने की सलाह दी। प्रधानाचार्य फादर संतोष शैलेस्टिन ने इस अनूठे आयोजन के लिए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्राओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना जागृत करेगी।

# भाकियू भानु में कई ग्रामीणों ने ली सदस्यता

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**संगठन को मिला बल**



ग्राम खोजीपुर रम्पूरा में भारतीय किसान यूनियन (भानु) की पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें कई ग्रामीणों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने कहा कि किसानों का हित और उनकी समस्याओं का समाधान संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने सरकार से किसानों के लिए बेहतर नीतियां बनाने और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की। यादव ने जोर देकर कहा कि संगठन किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगा। पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों ने संगठन के प्रति उत्साह दिखाया और एकजुट होकर किसान हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपुर, मंडल उपाध्यक्ष रावेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ सचिन शाक्य, माजिद अंसारी, अक्कू कश्यप सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## प्रभात जिलाध्यक्ष व खुशीराम बने मंडल उपाध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय कृषक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नगर के मोहल्ला बस्तीराम निवासी प्रभात कुमार राजपूत को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष और ग्राम मिघौली निवासी खुशीराम कठेरिया को कानपुर मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने संगठन के लिए पूरी कर्तव्य निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया और कहा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे किसानों के हित में कार्य करके संगठन को मजबूत बनाएंगे। इस दौरान अंकित यादव व राजेश सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तिरंगा और रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर डॉ जयवीर सिंह के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय पर्व एवं समारोह समिति के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सर्वेश कुमार द्वारा आयोजित तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में निधि दुबे ने प्रथम, आरजू व अंशिका ने द्वितीय एवं पलक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र मिश्रा, डॉ कृष्ण कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर बबीता फलोरिया ने निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ उदय पाल सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष कुमार, डॉ राजीव राठौर, असिस्टेंट प्रोफेसर लोकेंद्र सत्यार्थी, असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह, रेनू पांडे, जितेंद्र बाबू, संजेश कुमार, मंजू देवी व संजू उपस्थित रहे।

## इंद्रपाल जयपुरा को गुजरात में मिला सम्मान



**उरई।** जयपुरा के इंद्रपाल गुजरात में पिछले कई वर्षों से कलर कांट्रेक्टर के तौर पर काम कर रहे हैं। एशियन पेंट कंपनी द्वारा इन्हें अच्छा काम करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिससे कि इंद्रपाल के गांव जयपुरा में ग्राम वासियों ने बधाई देकर खुशी जाहिर की। आज जब इंद्रपाल गुजरात से लौटकर वापस अपने गांव आए तो ग्राम वासियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। राजकुमार पाल ने कहा कि गुजरात में अपने गांव का व पाल समाज का नाम रोशन करने वाले इंद्रपाल को संगठन में उचित स्थान दिया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभी मित्रों व दर्ज़नो ग्राम वासियों ने मिलकर इंद्रपाल को सम्मानित किया।

# काकोरी शहीद स्मृति दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**जनता इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन**

नगर के जेडी जनता इंटर कॉलेज में काकोरी शहीद स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में काकोरी क्रांति के नायकों को श्रद्धांजलि देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता सैयद नजर खालिक ने छात्रों को काकोरी के वीर शहीदों की गौरवगाथा से अवगत कराया। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुलेख, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, क्विज और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में पलक ने सुलेख, शिल्पी ने निबंध, अवंतिका ने वाद-विवाद, सलोनी त्रिपाठी ने भाषण, स्मृति राठौर ने क्विज और सृष्टि यादव ने स्लोगन-चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ज्ञानेश चंद्र दुबे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। हर घर तिरंगा' अभियान के तहत छात्राओं ने तिरंगे धागों से राखियां बनाईं और छात्रों ने सैनिकों व पुलिस कर्मियों के लिए आभार पत्र लिखे। छात्राओं ने तिरंगा राखियां बांधकर भाई-बहन के प्रेम और सम्मान को प्रोत्साहित किया। इस दौरान राजेश कुमार दुबे, नारायण शरण त्रिपाठी, हितेंद्र अग्निहोत्री, रोहित मिश्रा, रानू शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रवीण पाठक, रविंद्र कुमार स्वर्णकार और अरविंद शुक्ला उपस्थित रहे।

# एसपीएल स्कूल में विद्यार्थियों ने धूमधाम से मनाया रक्षापर्व



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय के बच्चों ने भाई बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर व छात्रों ने राखी बंधवाने के बाद पैर छूकर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने कहा रक्षाबंधन का उद्देश्य प्रेम, आत्मीयता और विश्वास का अटूट बंधन है। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने सभी को भाई बहन के पावन रक्षापर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर धीरेन्द्र कुमार, अमित शाक्य, यतेन्द्र कुमार, अक्षत दुबे, रोहित सिंह, आर्जन शर्मा, अनीता प्रजापति, मानसी दुबे, सोनाली पाण्डेय, नम्रता, दिव्या, कृतिका चौहान, प्रिया पाण्डेय, प्रज्ञा शुक्ला, कामिनी, सलोनी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## हुई राखी सजाओ प्रतियोगिता

**कायमगंज।** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर एच ओ अकेडमी नई बस्ती रोड कायमगंज में छात्र –छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित राखी प्रतियोगिता मुख्य अतिथि डॉ रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि हमारे चारों ओर राष्ट्रीय त्योहार सामाजिक समर सत्ता का संदेश देते हैं। रक्षाबंधन का सदुपयोग राष्ट्र रक्षा के प्रति समर्पण के लिए होना चाहिए। श्रीमती सृष्टि पटेल ने कहा कि बहन की रक्षा का भार हर हालत में भाई के ऊपर होता है। मनीष अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि राखी का धागा दिलों को जोड़ता है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि विश्व त्योहारों की परंपरा ने रक्षाबंधन सबसे पवित्र त्योहार है। बच्चों ने जिस उत्साह के साथ आज की प्रतियोगिता में भाग लिया सर्वथा प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में आमाशी, अलीना, रेणुका, अरीबा, आकृति, श्रेया, जाह्नवी अंशिका, अंशाल, अर्पित आदि बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता शिक्षिका दिव्याए असमी तथा असमी खान की दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिव्या, असमी, आन्या, मेहर, गोल्डी, अजीत, विपिन, परवेज़, ज्योति, सौरभ, साकेत, असमी खान आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**सजिश के तहत अभियुक्तों ने की थी हत्या**

थाना विशुनगढ़ क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुकदमे में दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व 35,000 के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला ग्राम मलिकपुर बेवर, जनपद मैनपुरी निवासी वादी कुतुबुद्दीन द्वारा दर्ज कराया गया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि अभियुक्तगण ने षड्यंत्रपूर्वक उनके भाई की हत्या कर दी। उक्त प्रकरण थाना विशुनगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के उपरांत पुलिस ने अभियुक्तगण इरफान पुत्र इस्माइल, शहनाज बेगम पत्नी स्व. हस्मुद्दीन निवासीगण ग्राम मलिकपुर, थाना बेवर मैनपुरी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर इस गंभीर प्रकरण में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाना प्रभारी, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन पक्ष एवं मॉनीटरिंग सेल द्वारा अथक प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए कठोर दंड की सजा सुनाई।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया में छात्राओं ने बांधी राखी**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठियों को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को निभाया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक परिधान में भाग लिया और रक्षाबंधन के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्राओं द्वारा सजाई गई सुंदर राखियों ने सभी का मन मोह लिया।

इस आयोजन से बच्चों में आपसी प्रेम, सौहार्द और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ।



प्रधानाध्यापिका रेनू कमल को राखी बांधती छात्राएं

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई- बहन का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास और आपसी सौहार्द का भी प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना विकसित होती है। अंत में सभी बच्चों को मिठाई वितरित की गई और कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान समस्त स्टाफ रहा।

## विजिलेंस टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सराफान, दीक्षिततान और बनवारी नगर में जेई करन जायसवाल के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार लोगों के अवैध बिजली कनेक्शन काटे गए। विजिलेंस टीम प्रभारी समरपाल सिंह और एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान बिल बकाएदारों तथा बिजली चोरी रोकने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां नियमित रूप से जारी रहेंगी ताकि अवैध बिजली उपयोग पर अंकुश लगाया जा सके और जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से किया प्रस्तुत

**काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समारोह का हुआ आयोजन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समापन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शहीद क्रांतिकारियों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई तथा कार्यक्रम में काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उसके राष्ट्रव्यापी प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने कहा कि, हमें अपने अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम इसी श्रृंखला की एक प्रेरणादायक कड़ी है। इस अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के मन में शहीदों के प्रति गहरी कृतज्ञता का भाव उत्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र- छात्राओं ने प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।




कार्यक्रम में विचार व्यक्त करती छात्रा व मौजूद स्टाफ

# यमुना में आयी बाढ़ से पीलाघाट बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

यमुना में आई बाढ़ से फसलें ही क्षतिग्रस्त नहीं हुई है बल्कि नदी के बेग से एकलौते सुरक्षित बचे पीलाघाट को भी नुकसान पहुंचा है। जिससे नगर के लोगों को भुजरिया विसर्जन में परेशानी होगी। विदित हो कि नगर मे वैसे तो यमुना मे किलाघाट, बाई घाट, ढ़ोडेश्वर घाट व पीलाघाट स्नान के लिये बनाए गए है लेकिन समय के साथ यमुना की बाढ़ में सबसे पहले बाईघाट का अस्तित्व समाप्त हो गया था जिसके चलते नगर पालिका परिषद ने नये ढ़ोडेश्वर घाट का निर्माण कराया पर घटिया निर्माण कार्य कराये जाने से लाखों की लागत से बना ढ़ोडेश्वर घाट का भी अस्तित्व समाप्त हो गया है तो वही बिहारी जी घाट किलाघाट जहां पालिका द्वारा सारी सुविधाएं कराई गई है तथा करोड़ों रूपये खर्च कर उसे सुन्दर बनाया गया है लेकिन वर्ष के ज्यादातर महीनों में इस घाट से पानी दूर रहता है जिसके कारण पर्व आदि पर स्नान करने के लिए आने वाले आस्थावानों को भारी परेशानी होती है। ऐसे में नगर का एकमात्र इकलौता पीलाघाट बचा था जहां पूरे वर्ष यमुना नदी की अविरल धारा बहती रहती थी तथा सावन मास में श्रावणी, भादों मास में सैकड़ों की संख्या में लोग अपने पुरखों को तर्पण करने, कार्तिक मास में महिला स्थान, नगर में होने वाले धार्मिक आयोजनों की कलश यात्रा भी इसी घाट पर आती है।

## बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता : क्षेत्राधिकारी

**माधौगढ़ ,जालौन।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजन की समस्याओं को मित्रवत तरीके से सुनने के उद्देश्य से 2022 बैच के अधिकारी सीओ अम्बुज कुमार यादव ने कार्यभार संभाला है। मूल रूप से जौनपुर निवासी अम्बुज कुमार की यह दूसरी पोस्टिंग है। इससे पहले वे गाजियाबाद में सेवाएं दे चुके हैं। सीओ यादव ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग स्थापित करना, आम लोगों को निर्भय माहौल देना और अपराधियों पर सख्ती से नकेल कसना है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ सुना जाएगा।

## बाढ़ पीड़ितों को भूखा नहीं सोने देंगे: गौरीशंकर

**उरई,जालौन।** शहर के शांतिनगर मोहल्ले स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल परिसर में स्थापित व लहारिया पुरवा शेल्टर होम में शुक्रवार को बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं नारायण मार्वल हाउस के महेंद्र अग्रवाल द्वारा पीड़ितों को सूखी राशन सामग्री जैसे चना, नमकीन, ब्रेड, बिस्किट आदि वितरित की गई।


## सूचना

मैंने अपने पुत्र अचल सिंह का आचरण अच्छा न होने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सुनील पुत्र नाथूराम निवासी सुभाष नगर, सिकंदरपुर (कन्नौज)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 नदौरा वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 08/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नदौरा वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/08/2025 से 15/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर में मरम्मत कार्य | 2.00 लाख | 6820 | 100 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान-(अनीता यादव) ग्रा0पं0 नदौरा वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(मनीष साहू)**



# पुलिस ने मुठभेड़ में तीन बदमाशों को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**एक बाइक, लूटी गयी अंगूठी व मोबाइल तथा तमंचा कारतूस बरामद**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को एसओजी/सर्विलांस व थाना कमालगंज पुलिस टीम द्वारा थाना कमालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 253/2025 धारा-318 (4)/309 (4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगणों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी गोलीबारी में तीनों बदमाश घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 5 अगस्त को वादिनी नीलम राठौर पत्नी जय प्रकाश सिंह निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर (द्वितीय) थाना कमालगंज द्वारा तहरीर दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादिनी के पिता यदुनाथ सिंह के गले में पड़ी सोने की चेन व उंगली में सोने की अंगूठी और पिता का मोबाइल फोन धोखाधड़ी व बेईमानी से ले लिया गया था। तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0 253/2025 धारा 318(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 309(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में तत्परता से कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मय हमराह पुलिस बल के कुतबपुर बघार भोजपुर थाना कमालगंज में गश्त व चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति कमालगंज की तरफ से आते हुये दिखाई दिये। रोकने की कहने पर वह बाइक भगाने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने का प्रयास करने पर मोटरसाइकिल सवार पुलिस पार्टी पर फायर करने लगे। उसी दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा फायर करने से दो व्यक्ति मौके पर घायल हो गये तथा एक व्यक्ति ने मौके से भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस द्वारा पीछा कर गिरफ्तार किया गया। उक्त तीनों व्यक्तियों से उनका नाम व पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम निगम पुत्र मलिया निवासी लकूला थाना कादरीगेट, गौरव पुत्र अनिल निवासी लालगेट थाना कादरीगेट तथा तीसरे ने अपना नाम सचिन पुत्र सुधीर निवासी गंगा नगर लालगेट थाना कादरीगेट बताया। अमुठभेड़ में घायल एवं पकड़े गये व्यक्तियों को इलाज हेतु सी.एच.सी. कमालगंज भेजा गया। जहाँ से घायल निगम व गौरव उपरोक्त को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। मौके से 02 देशी तमंचा 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर हीरो आई तथा लूटा गया मोबाइल फोन, अंगूठी पीली धातु बरामद हुयी। घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के आधार पर उपरोक्त के विरुद्ध थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0 257/2025 धारा 109 (1) बीएनएस पु0मु0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस

## रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर राखियों से गुलजार हुआ बाजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली। बहनों ने राखियों व मिठाई की खरीददारी की। वहीं सूतफेनी, सेवइयों की भी जमकर बिक्री हुई। देर रात तक खरीददारी का दौर चलता रहा।



राखी की खरीददारी करतीं बहनें

रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बाजार में जगह-जगह राखी की दुकानें सज गयीं। जिन पर बहनें खरीददारी करती नजर आयीं। नगर के मेन मार्केट में दुकान लगाये दुकानदार अनिल राठौर ने बताया कि हर रेंज की राखियां हमारी दुकान में मौजूद है। उन्होंने बताया कि हमारी दुकान में 5 रुपये से लेकर 200 रुपये से अधिक कीमत तक की राखी मौजूद है। वहीं दुकानदार कोमल गुप्ता बताते हैं कि अब जमाना बदल गया है। अब एक धागे भर से राखी का काम नहीं चलाया जा सकता, बल्कि महिलाएं और अधिक सुंदर राखी बाजार में खोज रही हैं। वे वही राखी खरीद रही हैं जिसे बांधने से उनके भाई की कलाई पर निखरे। वहीं मिठाई बेंच रहे दुकानदार आशु भारद्वाज ने बताया कि त्यौहार में सिर्फ एक दिन शेष बचा है और वारिश का डर सता रहा है। यदि वारिश हो जाती है तो दुकानदारी करने में काफी कठिनाई हो जाएगी। जिससे काफी नुकसान हो सकता है। शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन अच्छी दुकानदारी की उम्मीद है। घेवर, सेवइयां, सूतफेनी, वर्फी आदि की अच्छी बिक्री हो रही है।

## बाढ़ का पानी कुठिला झील शिव मंदिर तक पहुंचा, बढ़ीं परेशानी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा और रामगंगा नदियों के बीच बसा अमृतपुर क्षेत्र एक बार फिर बाढ़ की मार झेल रहा है। गंगा का जलस्तर इस कदर बढ़ गया है कि लहरें अमृतपुर स्थित प्राचीन कुठिला झील शिव मंदिर तक पहुंच गई। यह मंदिर स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था और भावनाओं से गहराई से जुड़ा स्थल है। जहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बाढ़ ने दर्जनों गांवों में तबाही मचाई है। मड़ैया तौफीक, मंझा की मड़ैया, आसमपुर, करनपुर घाट, कुड़री सारंगपुर, खुशहाली नगला, माखन नगला, पंचम नगला, जैतपुर, बनारसीपुर, हमीरपुर, मियां पट्टी, रोशन नगला, किराचन, फकरपुर और तौफीक सहित कई गांवों में खेत पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। इससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं पशुओं के लिए हरे चारे का संकट भी खड़ा हो गया है। गांवों की गलियां और मुख्य रास्ते पानी में डूब जाने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। नाव या अस्थायी पुल के सहारे ही आवाजाही हो रही है। कई परिवार अपने मवेशियों के साथ ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है और यदि यही स्थिति बनी रही, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग के लिए भी चुनौती खड़ी हो गई है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में फिलहाल प्रशासन की ओर से राहत व बचाव कार्य जारी है, लेकिन प्रभावित लोग और अधिक मदद की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से पानी भरे क्षेत्रों में न जाने की अपील की है।



बाढ़ के पानी से होकर गुजरते लोग

## पत्नी की हत्या में पति पर दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 11 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने दहेज हत्या के मामले में रोहित पुत्र मनीराम निवासी ग्राम कन्हूयाकूबपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

बीते चार वर्षों पूर्व कोतवाली पुलिस को हरीराम पुत्र बुद्धि निवासी खसौरा हरपालपुर हरदोई ने दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री सीमा 24 वर्षीय की शादी रोहित के साथ तीन वर्ष पूर्व हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार की थी। शादी के बाद से ही पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और मांग पूरी न करने पर उसके साथ मारपीट करते रहे। जिसकी सूचना पुत्री ने मुझे कई बार फोन पर दी थी। दिनांक 30.04.2021 को दिन में मारपीट की। इसकी भी सूचना मेरी पुत्री ने मुझे दी। रात में करीब दो बजे मेरी बेटी को उसके पति रोहित, जेठ, सास, ननद, जेठानी, ससुरए ने मिलकर सीमा की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने पति रोहित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। अन्य सभी परिजन को साक्ष्य के अभाव से दोष मुक्त कर दिया गया है।

## मुख्य मार्ग पर पहुंचा बाढ़ का पानी, ट्रैक्टर/ नाव चालक दो पहिया वाहन चालकों से कर रहे अवैध वसूली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर-शमशाबाद मुख्य मार्ग पर बाढ़ का पानी भर जाने से नाव चालक व ट्रैक्टर चालक राहगीरों से मनमाने पैसे वसूल रहे हैं। मजबूरी में राहगीर मनमाने पैसे देने के लिए मजबूर हैं।

ढाईघाट रोड पर शमशाबाद जलालाबाद मुख्य मार्ग पर चौराहार गांव के सामने लगभग ढाई फुट और लगभग 400 मीटर चौड़ाई में बाढ़ का पानी मुख्य मार्ग पर चल रहा है। जिससे बाइक चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक पानी में जाने के बाद बंद हो जाती है। मिस्त्री भी पास में ही अपनी दुकान लगाकर बैठे हैं। स्टीमर चालक और ट्रैक्टर चालक आसपास गांव से लेकर आए और चलाने लगे। जो बाइक चालकों से बाढ़ का पानी पार कराने के नाम पर 50 रूपये की अवैध वसूली कर रहे है। जिससे राहगीर मायूस नजर आ रहे हैं। राहगीरों ने बताया नाव चालक और ट्रैक्टर चालक 50-50 रूपये की अवैध रूप से वसूली कर रहे हैं। वहीं तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने बताया 3 नाव चौराहार गांव के सामने राहगीरों की सुविधाओं के लिए लगाई गई है। किसी से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा।



मुख्य मार्ग पर भरे पानी से होकर निकलते लोग

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी व जिला कमाण्डेंट होमगार्ड्स ने किया पौधरोपण



वृक्षारोपण करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं डीएन सिंह जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स द्वारा होमगार्डस कार्यालय परिसर में हरिशंकरी पौधे का वृक्षारोपरण किया गया। इसके अलावा होमगार्ड्स जवानों/अवैतनिक अधिकरियों को वृक्षारोपण हेतु पीपल, बरगद, नीम, जामुन, इमली, बेल, अर्जुन, सहजन, आम, ऑवला आदि प्रजातियों सहित छायादार/फलदार 02-02 पौंधो का वितरण किया गया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा होमगार्डस जवानों को पर्यावरण व जलवायु के सुरक्षा, संर्वधन हेतु वृक्ष एव पेड़ पौधों के उपयोगिता बतायी गयी एवं स्वास्थ्य व वातावरण शुद्ध बनाये रखे जाने हेतु कहा गया। इस अवसर पर कार्यालय स्टाफएवं विभिन्न कंपनी के वैतनिक/अवैतनिक कंपनी अधिकारी उपस्थित रहे।

### माफिया अनुपम दूबे न्यायालय में हुआ पेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ. अनुपम दूबे को पुलिस सुरक्षा में मथुरा जेल से फतेहगढ़ न्यायालय परिसर में पेश किया गया। लकड़ी ठेकेदार शमीम हत्याकांड के मामले में वह अपर जिला ई.सी. एक्ट न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए। बहस के लिए 13 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। वहीं ए.डी.जे. कक्ष संख्या-8 न्यायालय में अपहरण के मामले में पेश हुए। जिसमें सुनवाई के 25 अगस्त की तिथि नियत की गयी। वहीं गैंगेस्टर के मामले में 13 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

### बाढ़ का निरीक्षण कर लौट रहे सीएमओ ने अमानक पैथालॉजी की सीज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार शमशाबाद क्षेत्र में बाढ़ का निरीक्षण करने गये थे। जब वह वापस लौट रहे थे, तो नगर में अमानक रूप से संचालित लाइफलाइन पैथालॉजी का भी निरीक्षण किया। पूछताछ के दौरान पैथालॉजी संचालक आवश्यक प्रपत्र नहीं दिखा सका। जिस कारण पैथालॉजी को सील कर दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी की इस कार्यवाही से नगर में झोलाछाप चिकित्सकों व अमानक पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

### बिजली विभाग के जेई के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली के कनेक्शन को लेकर पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष एक परिवाद दायर किया था। जिसकी सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने परिवाद दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम कुम्हौली ताजपुर निवासी प्रांशु द्विवेदी पुत्र आर.के. द्विवेदी ने अपने अधिवक्ता राहुल तिवारी के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरी बहन मोदनी पत्नी अनिल कुमार निवासी खानपुर फर्रुखाबाद के मकान की पूरी छत (लेटर) पूर्ण कराए जाने के बाद बिजली कनेक्शन का आवेदन किया था। पूरे आवेदन की मूल कॉपी पवार हाउस में जमा कर दी थी। इसके बाद अवर अभियंता अजय सिंह के द्वारा बिना सर्वे कराए आपत्ति लगा दी और मकान को निर्माणाधीन बताए गया। उसके बाद अजय सिंह से संपर्क किया गया, तो मेरे साथ एक लाइनमैन सर्वे के लिए भेज दिया। जिसकी फोटो वीडियो मौजूद है। उसके बाद अजय सिंह से संपर्क किया, तो उन्होंने ने कहा कि आप का कनेक्शन हो जाएग। उसके लिए आपको सात हजार रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। वादी ने रुपए देने से मना किया, तो जेई अजय सिंह ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि यहां से चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इस घटना को वहां मौजूद काफी लोगों ने देखा। इसी घटना की कार्यवाही के लिए पीड़ित ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। बचाव पक्ष व परिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें को सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ल ने परिवाद दर्ज कर लिया है। सुनवाई के लिए ०१ सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

## नकाबपोश महिलाओं ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटे जेवरात

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नकाबपोश महिलाओं ने घर में अकेली महिला को देख उसे दबोच लिया और नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गयीं। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद के मोहल्ला खटको निवासी रूबीना उम्र 30 वर्षीय पत्नी अरशद अपनी बेटी आसमा, बेटा अजहर व सॉस मुखतरी के साथ घर पर बैठी थी। सॉस मुखतरी अपने दोनों पोती पोतों को साथ लेकर घर के बाहर लगे हैण्ड पम्प द्वारा पानी लेने गई थी। रूबीना घर पर अकेली थी। उसी दौरान दिन के लगभग 9 बजे चार बुर्का पहनकर महिलाएं उसके घर आईं और रूबीना से कहा की हमें पानी दे दो। वो अंदर पानी लेने गई, तभी दो महिलाओं ने उसको दबोच लिया और उसे नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोश कर दिया और उसके कमरे में घुसकर सेफ अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात आदि सामान लेकर नकाबपोश महिलाएं फरार हो गईं। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। वहीं पूर्व प्रधान आविद खॉ ने बेहोशी की हालत में रूबीना को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है। जब अरशद घर से घर लौटा तो उसने बताया कि नकाबपोश महिलाएं एक नेकलेस डेढ़ तोले, 2 जोड़ी झुमकी सोने की 6 ग्राम, पैरों के तोड़े 250 ग्राम चांदी के, 1 अंगूठी सोने की ले गईं।



जांच पड़ताल करती पुलिस



अस्पताल में भर्ती महिला

## टेंपो सवार युवक ने धमकाया, विरोध करने पर साथियों के साथ मिलकर पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र ग्राम रजलामई निवासी अवनीश कुमार पुत्र अजयवीर ने अरियारा कोतवाली कायमगंज निवासी आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी फैजबाग थाना शमशाबाद को तहरीर देकर कहा कि वह शुक्रवार की सुबह आवश्यक कार्य से कायमगंज गया था। कार्य की समाप्ति के बाद बाइक द्वारा कायमगंज से घर लौट रहा था। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम धमधमा के निकट पीछे टेंपो से आ रहे एक युवक ने गाली-गलौज कर धमकी देकर कहा साइड से चलाया कर बाइक नहीं तो अंजाम बुरा होगा। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार आरोपी ने फोन कर युवकों को बुलाया, तो आधा दर्जन से अधिक बाईकों पर सवार लोग आ गए और हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार सभी आरोपियों के हाथों के लाठी-डंडे तथा बेल्ट आदि थीं ने हमला कर दिया। शोर शराबा सुन मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने बीच बचाव किया, तो आरोपी जानमाल की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया संभवतः हमलावर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरियारा के निवासी हैं। पीड़ित ने आधा दर्जन से अधिक हमलावरों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## पेड़ काट रहे किशोर मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पेड़ काट रहे मजदूर की हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के भोलेपुर नगला नैन निवासी 16 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र आनन्द सिंह मजदूरी का कार्य करता था। उसे देवपाल सिंह उर्फ मंत्री व ठेकेदार सुरेन्द्र चौहान काम के लिए लोहिया अस्पताल लेकर आये थे। मनोज को पेड़ काटने का कार्य दिया गया था। वह पेड़ काट रहा था। उसी दौरान ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में मनोज आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। शव को लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखा दिया गया। शव का पंचनामा उप निरीक्षक जयंत फौजदार द्वारा भरा गया।




कोतवाली प्रभारी के रक्षा सूत्र बांधती साहसी बालिका संस्था की पदाधिकारी

## साहसी बालिका संस्था ने पुलिसकर्मियों के बांधी राखियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन पर पुलिसकर्मियों की कलाई सूनी न रहे और उन्हें अपनी बहनों की कमी न खले, जिसके चलते साहसी बालिका संस्था ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर पुलिसकर्मियों के राखी बांधी और उन्हें तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया। जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर साहसी बालिका संस्था की पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिसकर्मियों के हाथों पर रक्षा सूत्र बांधा उन्हें उन्हें मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी अत्यंत खुश नजर आये और बालिकाओं को उपहार भी दिये। इस अवसर पर कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्ट राजेश, उप निरीक्षक सुधा पाल, मंडी चौकी प्रभारी अवधेश, हेड कांस्टेबिल नितिन मिश्रा के साथ सभी स्टाफ के राखी बांधी। साहसी बालिका संस्था से खुशबू मिश्रा, सिल्की मिश्रा, प्रियंका दुबे, गरिमा, अंजू, निकिता, किरन आदि शामिल हैं।

## खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय के कर्मचारी बच्चों के भविष्य से कर रहे खिलवाड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 7 की छात्रा का खंड शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों ने दूसरे विद्यालय में यू डाइस पंजीकरण कर दिया। जानकारी होने पर पिता ने जिला अधिकारी को पत्र देकर कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज मैन चौराहा निवासी विजय प्रताप पुत्र योगेंद्र सिंह राठौड ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्री आराध्य की पढ़ाई करने हेतु कस्बे के ही बीआरएम इंटर कॉलेज में एडमिशन करवाया था। जिसके चलते छात्र आराध्य कक्षा 7 तक उसमें पढ़ती रही। वहीं छात्रा के पिता ने अपनी पुत्री आराध्या का एडमिशन कस्बा नवाबगंज के ही एसआरएस ग्लोबल विद्यालय में कराया और तभी से पूर्व विद्यालय से टीसी की मांग करने लगा, लेकिन वहां का स्टाफ आजकल करके हीलाहवाली करता रहा और छात्रा का ट्रांसफर सर्टिफिकेट नहीं दिया। तब पीड़ित छात्रा के भविष्य को देखते हुए अपनी पुत्री का एडमिशन पंजीकरण गायत्री इंटरनेशनल स्कूल आवाजपुर में करवाया और पुनः टीसी की मांग कर आवेदन विद्यालय में किया, लेकिन विद्यालय द्वारा टीसी उपलब्ध नहीं कराई गई। तब जाकर पता चला की छात्रा का यू डाइस पंजीकरण रामदास जूनियर हाई स्कूल में किया गया है। यह जानकारी होने पर पीड़ित पिता के होश उड़ गए और इसके लिए खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि आपके बच्चे का यू डाइस ड्रॉप में पड़ा था, तो हमारे बाबू ने कस्बे के ही रामदास जूनियर हाई स्कूल में दाखिला कर दिया था। तब पीड़ित ने इस विद्यालय की जानकारी की, तो कोई अता पता नहीं चला। तब पीड़ित ने शुक्रवार को जिला अधिकारी की चौखट पर पहुंचा और खंड शिक्षा कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया की पहले अधिकारियों के दबाव में कुछ पंजीकरण इधर-उधर किए गए थे। जिनको अब सुधार कर दिया जाएगा और जिस विद्यालय में नाम लिखा था उसी में पंजीकरण कर दिया जाएगा। वहीं पीड़ित विजय प्रताप ने जिला अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में खंड शिक्षा कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पशु चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा



मौके पर मौजूद पशु चोर व ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कुछ घंटों पूर्व नकाबपोश महिलाओं ने महिला को बेहोश कर जेवरात लूट लिये थे, उसके बाद देर शाम शातिर चोर भैंस चोरी कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया और उनकी जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। वह चोरों को पक़ड़कर कोतवाली ले गयी। बताते चलें कि इस समय चोरी, भैंस चोरी, टप्पेबाजी की घटनाओं में ज्यादा इजाफा हो गया है। जिससे ग्रामीण दहशतजदा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह रात-रात भर जागकर अपने पशुओं व अपने घरों की रक्षा कर रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस को ऐसे में चाहिए कि वह गश्त को तेज करे और आये दिन बढ़ रही घटनाओं को रोके।

## बाइकर्स लुटेरों ने महिला की चेन तोड़ी, महिला ने एक लुटेरे को पकड़ा

**भीड़ ने जमकर पीटा, बाद में पुलिस को सौंपा**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार लुटेरों ने महिला के गले से जंजीर खींच ली। महिला ने एक लुटेरे का हाथ पकड़कर खींच लिया। जबकि साथी मौके से फरार हो गया। भीड़ ने एक लुटेरे को मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। महिला ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनपद एटा की कोतवाली अलीगंज के मोहल्ला राधा किशन निवासी सोनी बाथम अपनी बहन अनीता व पुत्र प्रियांशू के साथ शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए कम्पिल के मोहल्ला कहारान टोला स्थित मायके आई थी। वह मुख्य चौराहे पर खड़ी होकर भाई का इंतजार कर रही थी। उसी समय अलीगंज की तरफ से आए दो बाइक सवार लुटेरों ने महिला के गले में पड़ी सोने की जंजीर व मंगल सूत्र को झपट्टा मारकर खींच लिया।

महिला ने बाइक सवार लुटेरे का झोला पकड़ कर खींच लिया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए। इसी दौरान एक लुटेरा मौके से फरार हो गया, जबकि एक को भीड़ ने दबोचकर मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस एक लुटेरे को बाइक सहित थाने ले आई। पुलिस छानबीन में लुटेरे के बैग से एक चार्जर, एक स्क्रू ड्राइवर, एक जोड़ी पुराने कपड़े सहित अन्य सामान निकला। महिला ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर घटना के संबंध में थाना प्रभारी को जानकारी दी। पुलिस ने मुख्य बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी व लूट जैसी लगातार वारदातों के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** बीते माह भाजपा नेता व सभासद सत्यवीर माथुर के घर में घुसे चोरों ने तमंचे के बल पर जेवर व नगदी लूट ली थी। पुलिस ने भाजपा नेता व उसके स्वजनों पर दबाव बनाकर डकैती को चोरी में दर्ज कर लिया था। कुछ दिनों तक चली जांच के बाद पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। हालांकि पुलिस ने इसी मामले में गैर जनपद से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था। कई दिनों तक बंद कमरे में चली पूछताछ के बाद उन्हें भी छोड़ दिया गया। मोहल्ला मांझगांव निवासी नवाब अली के घर भी चोरों ने कमरे में रखे बक्शे को तोड़कर जेवर व नगदी चोरी कर लिए थे। पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में तीन महिलाओं को हिरासत में लिया था, लेकिन एक सपा नेता के हस्तक्षेप के बाद उन्हें भी छोड़ दिया गया। क्षेत्र में चोर लगातार पिकअप व बाईकों से दस्तक दे रहे हैं। भयभीत ग्रामीण व नगरवासी रात-रात भर जागकर घरों की रखवाली कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इन प्रकार की घटनाओं से पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं।

## बाढ़ग्रस्त ग्रामों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को छू रहा है। जिसके चपेट में कई निचले गांव आ रहे हैं। स्थिति का जायजा लेने के लिए नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ ग्रामों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शुक्रवार को तहसील सदर के नायब तहसीलदार मनीष वर्मा के साथ कानूनगो अजीत द्विवेदी, विकास खंड कमालगंज के ग्राम जंजाली नगला, खेम रेंगाई व चाचूपुर गाँव में पहुंचे। जहाँ बाढ़ के चलते गंगा तेजी से कटान कर रही है। नायब तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के साथ वार्ता की और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि शासन बाढ़ प्रभावित गांवों की हर सम्भव मदद कर रहा है। लिहाजा घबराने की जरूरत नहीं है। जिला प्रशासन उनके साथ है। इस दौरान लेखपाल अवनीश मिश्रा, अमित प्रताप सिंह, रिषभ चौधरी आदि राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।



गांव का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार व अन्य

# रक्षाबंधन त्यौहार पर बसों में सीटें पड़ी कम

## चालक-परिचालक की छुट्टी हुई निरस्त, बहनों के लिए तीन दिन नि:शुल्क सेवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर नि:शुल्क रोडवेज बस यात्रा बहनों के लिए शुरु की गई है। जिसमें बालिकायें, महिलायें वृद्धाओं के अलावा उनके सगे संबंधी एक पुरुष भी फ्री जा सकता है। 8 अगस्त को सुबह 6 बजे से फ्री बस यात्रा प्रारंभ होकर जो 9 अगस्त को रहेगी व 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक सवारियां यात्रा कर सकती है। तीन दिवसीय बस यात्रा के लिए फर्रुखाबाद डिपों में 130 बसें विभिन्न रोड पर चलायी जा रही है।



बस में चढ़ने को लेकर सवारियों धक्कामुक्की

जानकारी देते हुए एआरएम राजेश कुमार ने बताया कि विभिन्न मार्गों पर 130 बसें संचालित है। जिसमें दिल्ली मार्ग पर 40 बसें, आगरा रोड पर 26, एटा रोड पर 26, हरदोई मार्ग पर 6, बदायूं मार्ग पर 6, लखनऊ के लिए 2 बसें व कानपुर के लिए 2 बसें संचालित है। प्रतिदिन 10 हजार से लेकर 15 हजार सवारियां सफर करती है। 8 अगस्त को रात्रि 12 बजे तक लगभग 14 से 15 हजार सवारियों ने सफर किया। जिसमें महिलाओं ने नि:शुल्क यात्रा की। रक्षा बंधन पर चालक, परिचालकों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार चालक, परिचालकों को ड्यूटी पर लगाया गया है और उनकी छुट्टी निरस्त हुई है। 182 चालक व 214 परिचालक रोडवेज डिपों में तैनात है। आवागमन को लेकर यात्रा सुलभ हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किये गये है। बहनें अपने भाईयों के राखी बांधने के लिए जा रही है। जिसके लिए बस स्टैण्ड पर शुक्रवार को अच्छी खासी भीड़ दिखी। बस आते ही फुल हो जाती थी। यह सिलसिला रात्रि तक जारी रहा। शाहजहांपुर व बदायूं मार्ग पर सड़क पर पानी भरे होने के कारण आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। जिसके लिए टुकड़ों में बस चल रही है। वहीं शाहजहांपुर जाने वाली सवारियां पाली, शाहबाद होकर जा रही है। एआरएम ने बताया कि रोडवेज बस सेवा बहनों के लिए तीन दिन के लिए नि:शुल्क है। जो 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगी।

# डीआईजी ने दहेज हत्या के मुकदमें में दर्ज कराये बयान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय एफटीसी प्रथम न्यायालय में आर्थिक अपराध शाखा के डीआईजी हृदेश कुमार ने दहेज हत्या के मामले में अपने बयान दर्ज कराए। जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद में अपराध संख्या-522/2003 में भारतीय दंड संहिता की धारा-498ए, 304बी आई.पी.सी. व 3/4 दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसकी विवेचना तत्कालीन सीओ सीटी हृदेश कुमार ने की थी। न्यायालय ने उक्त मुकदमा वाद संख्या-193/2005 राज्य सरकार बनाम संजीव उर्फ राजू आदि में साक्ष्य के आधार पर सम्मन भेज था। जिसमें डीआईजी हृदेश कुमार ने न्यायलय में अपने बयान दर्ज कराए।

# एसबी पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

याकूतगंज स्थित एसबी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, बल्कि एक-दूसरे को राखी बांधकर आपसी भाईचारे और स्नेह का संदेश भी दिया। विद्यालय के चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने छात्रों द्वारा बनाई गई सुंदर राखियों की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का बौद्धिक और शारीरिक विकास और भी बेहतर होता है। चेयरपर्सन स्नेहा यादव ने भी सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। संचालन में विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज नीलेश सिंह, राहुल राजपूत, रचना राजपूत, प्रांशी कटियार ने किया। प्रतियोगिता में विजेता रहे सीनियर वर्ग के विजेता में कक्षा के रेड हाउस के हेमंत प्रथम रहे। कक्षा 8 येलो हाउस की महिमा शर्मा द्वितीय रही। कक्षा 8 ब्लू हाउस की दिव्या यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के प्रतियोगित में कक्षा 5 के ब्लू हाउस के ऋषव राजपूत प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर कक्षा 4 ब्लू हाउस की पावनी श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर कक्षा 5 ग्रीन हाउस के आयुष राजपूत रहे। इस आयोजन ने बच्चों में भारतीय परंपरा और रचनात्मकता के प्रति रुचि को और अधिक प्रबल किया।



प्रतियोगिता में सम्मानित होते विजेता छात्र-छात्रायें

# एमआईसी में एनसीसी भर्ती में छात्रों ने दिखाया दमखम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक तथा एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खारोड के दिशा निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा बटालियन के सूबेदार मेजर नवीन सिंह तथा उनके साथ आये पी आई स्टाफ में सूबेदार दिनेश कुमार, बीएचएम बृजराज सिंह, हवलदार पुष्पेंद्र पांडेय के साथ एनसीसी लेने के इच्छुक कक्षा 11 के छात्रों की शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा लिखित परीक्षा करायी गयी। एनसीसी भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले 74 छात्रों के सापेक्ष 71 छात्र उपस्थित हुए। 7 छात्र फिजिकल परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके। शेष छात्रों ने फिजिकल परीक्षा उत्तीर्ण कर लिखित परीक्षा दी। छात्रों का चयन मेरिट के आधार किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में 52 एनसीसी कैडेट की वैकेंसी है, जिसमें से 26 एनसीसी कैडेट्स का प्रतिवर्ष बटालियन द्वारा चयन किया जाता है। इस बार भी प्रतिभागी छात्रों में से 26 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया जाना है। परीक्षा परिणाम रक्षाबंधन के उपरांत दो-तीन दिन में आएगा।



एनसीसी परीक्षा में भाग लेते कैडेट्स

# छात्रा बहनों ने सैनिकों की कलाई पर बांधी राखी

▸ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भैया-बहनों ने रक्षाबंधन के विषय में विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जीजीआईसी की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती को माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने रक्षाबंधन से संबंधित पौराणिक कथाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। मुख्य अतिथि दीपिका राजपूत ने रक्षाबंधन पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाता है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और प्रेम का भी प्रतीक है। विद्यालय में राखी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या भैया-बहनों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सुमन त्रिपाठी, पूनम शुक्ला ने निभाई। सभी भैया बहिनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के बहनों ने फतेहगढ़ स्थित आर्मी सिख लाइट इनफेंट्री में जाकर सैनिकों को राखी बांधकर उनको सम्मान दिया। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, रामानंद पांडे, शिवमोहन मिश्र, शिवकुमार यादव, राहुल कुमार, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अरुण कुमार, आलोक सिंह, रजनीश मिश्रा, अनमोल शुक्ला, संजीव, गोविन्द, बृजपाल सिंह, सोनम शुक्ला, सरला कश्यप, रश्मी परिहार, प्रियंका सिंह, आर्तिका शुक्ला, मंजरी सिंह आदि मौजूद रहे।



सैनिकों की कलाई पर राखी बांधती बहनें

## धूमधाम से मनाया गया ब्रह्माकुमारी केंद्र खतराना में रक्षाबंधन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खतराना स्थित सेवा केंद्र पर रक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं व्यवसायिक सरदार हरवीर सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन पवित्रता को धारण करने का संदेश देने वाला पर्व है। ईश्वरी विश्वविद्यालय सारे देश में पवित्र संबंध स्थापित कर नैतिक एवं ज्ञान की शिक्षा दे रहे हैं। सेवा केंद्र की राजयोग शिक्षिका दीपिका बहन ने कहा कि परमात्मा पिता के सत्यम शिवम सुंदरम कहा जाता है। स्वागत नृत्य नव्या ने प्रस्तुत किया। वही परमात्मा ईश्वरी विश्वविद्यालय के माध्यम से जीवन में सत्यता को धारण कर जगत कल्याण की भावना से सुंदर समाज बनाने की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं जिसे प्राप्त का जीवन के सुखी संपन्न बनाएं। तलैया मोहल्ला सेवा केंद्र की संचालिका मधु बहन, ज्योति बहन, सुमन बहन ने विचार व्यक्त किए और राखी बांधी। इस मौके पर सुधीर धवन, मीनू धवन, संजय मेहरोत्रा, रविंद्र भदोरिया, सौरव गुप्ता मौजूद रहे। बीके मुरलीधर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी को व्यसन मुक्त पर्यावरण संरक्षण, भारत की सुरक्षा एवं नए भारत के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प कराया गया।



पुलिस कर्मी के राखी बांधती विधि सिंह

## विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिस कर्मियों के बांधी राखी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मोहन लाल शुक्ला इंटर कॉलेज में विश्व हिंदू परिषद (दुर्गा वाहिनी) द्वारा मेंहदी एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्राकृतिक परिवेस में पीपल वृक्ष की छाया में सभी बहनों ने एक दूसरे को मेंहदी लगाकर रक्षाबंधन एवं श्रावण मास की बधाई दी। जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी विधि सिंह ने पुलिस कर्मियों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधा। पुलिस व होमगार्ड जवानों ने राखी बंधवाकर बहनों को आशीर्वाद दिया। सनातन धर्म की अखण्डता हेतु आम जन मानस के बीच रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बहनों ने पुलिस कर्मियों व होम गार्ड जवानों के राखी बांधी। इस मौके पर अनन्या, तृषा, भूमि, अंशिका, छवि, सोनाक्षी, सरस्वती, सोनम, कंचन चौहान, काजल गुप्ता, पूनम आदि मौजूद रही।

# 12 व 13 अगस्त को मण्डल में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा: अश्नील दिवाकर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने बढ़पुर पूर्वी मण्डल की बैठक में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक मण्डल में कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की शान है। भाजपा सरकार ने आजादी दिवस को उत्सव के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। देश के प्रत्येक नागरिक व देशभक्त इस उत्सव में भाग ले रहे है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने जिस प्रकार आतंक और आतंकवाद व पनाह देने वालों को सबक सिखाने का कार्य किया है। 10 अगस्त से 12 अगस्त तक मण्डल में यात्रा निकलेगी और 12, 13, 14 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और 1947 को देश विभाजन के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर बढ़पुर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अमित पाल, मण्डल महामंत्री विजय राठौर, शैलेन्द्र भदौरिया, राकेश राजपूत, शिवम कटियार आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते अश्नील दिवाकर

## क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज में एनसीसी भर्ती परीक्षा संपन्न



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। क्रिश्चियन इण्टर कालेज में एनसीसी सीनियर डिवीजन और जूनियर डिवीजन की भर्ती संपन्न हुई। सीनियर डिवीजन में 120 छात्रों ने प्रतिभाग किया और जूनियर डिवीजन में 76 छात्रों ने प्रतिभाग किया। भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता/परीक्षण एवं लिखित परीक्षा कराई गई। 12 यूपी बटालियन के एडम ऑफिसर ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। छात्रों की फिजिकल परीक्षा हुई। मेरिट के आधार पर परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट अवधेश खोजी, थर्ड ऑफिसर अमित नोएल दयाल, सूबेदार मेजर नवीन, जोगेंद्र आदि मौजूद रहे।

# जुल्फिकार अब्बास जैदी बने सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अनुमति पर जुल्फिकार अब्बास जैदी निवासी हाता रोशन खां बजरिया को सपा अल्पसंख्यक सभा का जिला महासचिव मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि जुल्फिकार अब्बास जैदी का परिवार बहुत लम्बे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़ा रहा है, संघर्ष के साथी हैं।

पार्टी संगठन ने इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद है कि ये अनुशासित तरीके से राष्ट्रीय अध्यक्ष की पीडीए की विचारधारा को मजबूत करेंगे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि जैदी हमारे पुराने समाजवादी साथी है, बूथ कमेटियों के गठन में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि उम्मीद करते है कि जुल्फिकार अब्बास जैदी एक जिम्मेदार साथी के रूप में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। जुल्फिकार अब्बास जैदी का पार्टी कार्यालय पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया और साजिद अली ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर सह मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता, मनोज यादव मौजूद रहे।

# ई-लाटरी से कृषकों का हुआ चयन, 38 यंत्रों के लिये कुल 138 हुए आवेदन




बच्ची से बात करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत की गई कृषि यंत्रों, स्माल गोदाम आदि की बुकिंग हेतु ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना एवं अन्य संचालित योजनाओं के अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य के आधार पर कृषक विकास खण्डवार यंत्र की उपलब्धता के सापेक्ष आवश्यकतानुसार बुकिंग करते हैं। बुकिंग की अवधि 15 दिवस तक होती है। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर ई-लाटरी आयोजित कराई जाती है लक्ष्य से कम अथवा बराबर आवेदन आने पर निदेशालय स्तर से आवेदन स्वीकृत किया जाता है। डीएम के निर्देशानुसार विकास खण्डवार हुई बुकिंग के आधार पर ई-लाटरी कृषि विभाग के पोर्टल से निकाली गई। जिसमें 38 यंत्रों के लिये कुल 138 आवेदन प्राप्त हुये थे। प्राप्त आवेदन पत्रों में से ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अरविन्द मोहन मिश्र उप कृषि निदेशक, राघवेन्द्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी, सुधीर कुमार गुप्ता जिला गन्ना अधिकारी, डॉ. अभिमुन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, आर.के. राठौर प्रतिनिधि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं ज्योती चौधरी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कनोडिया बा.इं.का. की छात्राओं ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम में लिया भाग



हाथों में तिरंगा लिये छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम को आंदोलन के रूप में मनाए जाने के लिए शुक्रवार को मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में प्रथम चरण 2 अगस्त से 8 अगस्त के मध्य विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में विद्यालय में हर घर तिरंगा से संबंधित रंगोली तथा राखी बनाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की नोडल प्रभारी पूनम शुक्ला के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता में सीवी तिवारी ने प्रथम व अमृता कश्यप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने सुंदर राखियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने तिरंगे का मान रखते हुए कुछ क्राफ्ट भी प्रदर्शित किया। सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# झूला झूलकर महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में महिलाओं ने सावन महोत्सव मनाया। एक दूसरे को झूला झुलाकर सावन के गीत गाये।

पहले की तरह अब बागों में उतने झूले नहीं पड़ते। महिलाएं एक जगह जमा होकर सावन की मल्हार नहीं गाती हैं, लेकिन फिर भी इन परंपराओं को कुछ लोगों ने जीवंत रखा है। छोटे शहरों और कस्बों में सावन को लेकर अभी भी उत्साह और उमंग देखने को मिलती है।

शाम होते ही कहीं भजन-कीर्तन शुरु हो जाते हैं तो वहीं कहीं झूलों पर बैठकर सावन के गीत गाए जाते हैं। सावन आया अम्मा मेरी रंग भरा जी, एजी कोई आई हैं हरियाली तीज।। घर-घर झूला झूलें कामिनी जी आदि गीत गाये गये। व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की बहनों ने दुर्गा कालोनी में सावन झूला महोत्सव कार्यक्रम रखा और हर्षोल्लास के साथ हरी साड़ी, हरी चूड़ी पहनकर सावन गीत गाये और झूला झूला। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला, जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा, रमा राठौर, यशोदा सिंह, माला चौधरी, बिटाना चौहान, रूबी चतुर्वेदी, उर्मिला भदौरिया, सीमा चतुर्वेदी, नीलम राठौर, सीमा भदौरिया, अनिल गंगवार, सुमन राठौर, निर्मला देवी, राधा राठौर, संगीता चौहान आदि मौजूद रहे।



झूला झूलती महिलायें

# एनएकेपी इंटर कालेज में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एनएकेपी बालिका इंटर कालेज में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष वत्सल अग्रवाल के द्वारा विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किया गया। प्रधानाचार्य इंदु मिश्रा ने पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। वत्सला अग्रवाल ने छात्राओं भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में विद्यालय की शिक्षिका ऋतु सक्सेना, मीनू आनंद, कल्पना वर्मा आदि मौजूद रहे।

# इस सप्ताह जनपद को मिली यूरिया की 22222 बोरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिदिन सुबह जिला कृषि अधिकारी एवं उर्वरक से जुड़े समस्त अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण तथा उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक वितरण की स्थिति पर सजग निगरानी की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में गत वर्ष की तुलना में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है एवं जनपद में रेलवे रैक एवं सडक मार्ग से लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। निजी क्षेत्र में आने वाले उर्वरक का 50 प्रतिशत मात्रा भी सहकारिता के केन्द्रों पर दिया जा रहा है, जिससे कृषकों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। आगामी समय में आलू की बुवाई को ध्यान में रखते हुए कृषि निदेशालय स्तर से जनपद को डी0ए0पी0 एवं एन.पी.के. की भरपूर आपूर्ति हेतु जानकारी दी गयी है। किसान बिक्री केन्द्र पर खतौनी एवं आधार अवश्य लेकर जायें जिससे उनकी भूमि के अनुपात में उर्वरक मिल सके। कृषक मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। भूमि के अनुपात में किसानों को ज्यादा यूरिया देने के कारण अब तक जनपद के 07 विक्रेताओं का लाइसेन्स तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिये गये हैं। डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद के समस्त खुदरा एवं थोक विक्रेता अपनी दुकान पर रेटबोर्ड, स्टाकबोर्ड, लगाना स्टाक एवं विक्री रजिस्टर जोकि जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए, उसमें उर्वरकों की बिक्री आदि का विवरण प्रतिदिन अंकन किया जाना अनिवार्य है।

कृषक अपनी आवश्कतानुसार ही उर्वरक खरीदें भण्डारण न करें। जिन विक्रेताओं के द्वारा अभी तक रजिस्टरों का सत्यापन नहीं कराया है उनको थोक विक्रेताओं के द्वारा उर्वरक की आपूर्ति नहीं की जायेगी। जांच के समय जिस विक्रेता के पास प्रमाणित रजिस्टरों पर प्राप्त/विक्रय की गयी उर्वरकों का अंकन नहीं पाया जायेगा, उर्वरक विक्रय की रसीद कृषकों को नहीं दी जाती है तथा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जाता है एवं जबरिया टैगिंग की जाती है, तो सम्बन्धित कम्पनी/ थोक /खुदरा विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सुसंगत नियमों के तहत विधिक कार्यवाही की जायेगी। निर्धारित मात्रा से अधिक उर्वरक कृषकों को एक साथ दिये जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने विगत माह में यूरिया उर्वरक की अधिक बिक्री किये जाने पर 07 विक्रेताओं मेसर्स कुशवाह खाद भण्डार याकूतगंज, यादव कृषि केंद्र अमृतपुर, मोहन ट्रेडर्स जैनापुर, खुशी केंद्र राजपुर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया।

# अध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार भारतीय पाठशाला के बने प्रवक्ता



प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सहायक अध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा का प्रवक्ता पद के लिए प्रमोशन हो गया है। पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र सियाराम शर्मा निवासी मंझना के रहने वाले है। उनकी प्रथम नियुक्ति 14 दिसम्बर 2004 को एलबीजेपी इंटर कालेज शाहजहांपुर में हुई। उन्होंने सहायक अध्यापक पद पर 1 वर्ष 8 माह 18 दिन कार्य किया। वहां से स्थानांतरण 1 सितम्बर 2006 को भारतीय पाठशाला इंटर कालेज फर्रुखाबाद में हुआ। 18 वर्ष 11 माह 7 दिन के कार्यकाल के बाद उनका प्रमोशन इस विद्यालय में अर्थशास्त्र प्रवक्ता पद पर हुआ। 8 अगस्त 2025 को उन्होंने प्रवक्ता पद का कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा के सहयोग से वह निरंतर विद्यालय की प्रगति व बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए चिंतित रहते थे। परिणाम स्वरुप सभी शिक्षकों, प्रबंधक व प्रधानाचार्य के सहयोग से वह विद्यालय के प्रवक्ता बने। पुष्पेन्द्र कुमार ने विद्यालय में स्काउट गाइड के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनके पास स्काउट गाइड की एचडब्लूबी की योग्यता है। 4 वर्ष 6 माह सीपी विद्या निकेतन इंटर कालेज में भी पूर्व में अध्यापन भी किया। अपने सरल स्वभाव शैली से शिक्षकों व बच्चों के बीच समानता बनाये हुए है। शुक्रवार को प्रवक्ता पद ग्रहण करने के बाद प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी व मिठाई खिलाई।

## जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का पुलिस सभागार में किया गया भव्य आयोजन

# काकोरी ट्रेन एक्शन के इतिहास व वीर सपूतों के बारे में दी जानकारी

- लखनऊ के काकोरी में आयोजित कार्यक्रम का दिखवाया गया सजीव प्रसारण
- जनपद की बहनों ने पुलिस व पीएसी के जवानों को बांधा रक्षा सूत्र



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उ0प्र0 सोहन लाल श्रीमाली, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां शुचिस्मिता मौर्य, छानबे रिंकी कोल, चेयरमैन सहकारिता जगदीश सिंह पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिर्जापुर श्याम सुन्दर केसरी ने समारोह का शुभारम्भ करते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन में शामिल स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उनकी वीर गाथाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन के अवसर पर लखनऊ के काकोरी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व जनपद के लगभग 200 से अधिक बहनों के द्वारा पुलिस जवानों व पी0ए0सी0 बल के जवानों को राखी बांधा तो वहीं पुलिस के जवानों के द्वारा उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनकी रक्षा व जनपद की सुरक्षा के बारे में संकल्प लिया।

उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत देश को आजाद कराने के लिए हमारे क्रांतकारियों के अन्दर दीवानगी थी राष्ट्र के प्रति वे सभी समर्पित रहें तभी हमें गुलामी की जंजीरो से छुटकारा मिला हैं। उन्होंने कहा कि देश की विषम परिथितियों में हम सभी को भी यह संकल्प लेना चाहिए कि देश के प्रति समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक नगर ने अपने सम्बोधन में बताया कि हमारे देश के वीर सपूत क्रांतकारियों के अन्दर देश को गुलामी की जंजीरो से छुड़ाकर स्वतंत्रता दिलाने की जब्जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह, चन्द्र शेखर आजाद सहित कई क्रांतकारियों ने 09 अगस्त 1925 को काकोरी के पास ट्रेन रोकर अंग्रेंजो द्वारा भेजे जाने वाले धन को लूटकर आजादी की लड़ाई के लिए अस्त्र शस्त्र के लिए प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि क्रांतकारियों द्वारा हमेशा अंग्रेजों को चुनौती दी जाती रही है उन्हीं के बदौलत आज हम सब स्वंतत्र भारत में सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, सदर अमर बहादुर सिंह, यातायात शिखा भारती, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी बब्बन मौर्या, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित प्रशासनिक, विकास व पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहें।

### वीर सपूतों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आजादी का बिगुल बजाया : विधायक

विधायक मड़िहान ने कहा कि हमारे देश के वीर सपूतों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आजादी के लिए बिगुल बजाया उसी कड़ी में काकोरी काण्ड भी अंग्रेजो के अत्याचार के तबाही का मुहतोड़ जवाब था। उन्होंने कहा कि क्रांतकारियों व वीर सपूतो के संघर्ष का परिणाम है कि हम सब आज आजाद भारत में रह रहें। हम सभी को भी संकल्प लेने की आवश्यकता है कि देश की आजादी एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए एक सूत्र में बंधकर निरंतर विकास के मार्ग पर बढ़े और अपने देश, की रक्षा व सम्मान के लिए हमेशा कटिबद्ध रहें। विधायक मझवां ने आजादी के बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन अंग्रेजो के शासन के विरोध के दृष्टिगत महत्वपूर्ण घटना है जिस क्रांतकारियों को आगे बढ़ने में एक नई दिशा मिली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पवन कुमार गंगवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि शासन के निर्देश पर शहीदों की स्मृति को स्मरण, नमन करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है ताकि आने वाली पीढ़ी के अन्दर राष्ट्र प्रेम भावना जागृत हो सकें।

### जवानों को सम्मान देने के उद्देश्य से रक्षाबंधन का हुआ भव्य आयोजन

कार्यक्रम में देश के विभिन्न बार्डरो पर तैनात सेनाओं, पुलिस के जवानों व अन्य विभिन्न विंग में विभिन्न जनपदो से अपने घरों को छोड़कर यहां तैनात/कार्यरत सिपाहियों/जवानों को सम्मान देने के उद्देश्य से रक्षाबंधन का भी भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद की लगभग 200 से अधिक बहनों द्वारा मौके पर उपस्थित पुलिस व पी0ए0सी0 के रक्षासूत्र बांधकर अपनेपन का एहसास दिलाया तो वहीं पुलिस/सिपाही जवान भाइयों ने भी उनका आशीर्वाद लेकर उन्हें पुष्प भेंटकर उनके साथ पूरे जनपद की सुरक्षा दिलाने के प्रति संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने भी बहनों से राखी बंधवाई तथा सेल्फी प्वाइंट पर जाकर सेल्फी भी ली गई।

### तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

इस कार्यक्रम के पश्चात विधायगण, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा तिरंगा रैली, मोटरसाइकिल तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं के द्वारा स्वनिर्मित बनारसी साड़ी, राखी, एल0ई0डी0 बल्ब सहित कई निर्मित उत्पादों का स्टाल लगाया जिनके सामानों को अधिकारियों, कर्मचारियों व पुलिस जवानों के द्वारा क्रय किया गया।

## बारिश से कच्चा मकान हुआ धरासाई खाद्यान व गृहस्थी का सामान नष्ट



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में रविवार की दोपहर बारिश के दौरान कच्चा मकान गिरकर धरासाई हो गया। कच्चा मकान गिरने से उसमे रखा खाद्य सामग्री व गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट को गया। कच्चा मकान के गिरने से गृहस्वामी को बारिश के मौसम में परेशान होना पड़ रहा है। पीड़िता महिला ने क्षत्रिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को दे दिया है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी आशमा बेगम पत्नी स्व अजीम व जुलेखा पत्नी स्व0 इदरीस अली दोनों कच्चे मकान में रहकर गुजर बसर करती थीं की शुक्रवार की दोपहर कच्चे मकान की दीवार भरभराकर मकान का एक हिस्सा गिर गया जिससे मकान के अंदर रखा खाद्य समाग्री व गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। जिससे दोनों महिलाओ के समक्ष खाने पीने रहने के लिए लाले पड़ गए पीड़ित दोनों महिलाओ ने मकान के क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया है। जिससे महिलाओ को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके।

## खबरें एक नजर में

### अदवा नदी में आठ हजार क्यूसेक व मेजा ददरी बांध से 17 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से हो रही बारिश के कारण अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा बांध के तीन गेट खोलकर अदवा नदी में 8000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे अदवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है और पानी अदवा नदी के पुल के समीप पहुंच गया है। अदवा नदी का जलस्तर बढ़ जाने से नदी में पानी का तेज बहाव हो रहा है। मौजूदा समय में अदवा बांध का 191 मीटर पानी है। अदवा बांध का जलस्तर मेंटेन होने के बाद बांध का गेट बंद किया जायेगा। अदवा नदी के समीप बने घरों के समीप अदवा बांध का पानी पहुंच गया है। इसी प्रकार मेजा बांध का जलस्तर बढ़ने पर बांध के आठ गेट खोलकर 17000 क्यूसेक पानी बेलन नदी में छोड़ा जा रहा। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता सिरसी बांध प्रखंड रमाशंकर राजपूत ने बताया कि अदवा बांध का जलस्तर बढ़ जाने अदवा बांध का तीन गेट खोलकर अदवा नदी में आठ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और मेजा बांध का आठ गेट खोलकर 17000 क्यूसेक पानी बेलन नदी में छोड़ा जा रहा है। दोनों बांध का लेवल मेंटेन होने पर दोनों बांध का गेट बंद किया जायेगा।

### 10 टूरिस्ट बसों का चालान, एक सीज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** आरटीओ और परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर सोनौली बॉर्डर पर अवैध रूप से संचालित हो रही डग्गामार टूरिस्ट बसों के खिलाफ कार्रवाई की है। सोनौली रोडवेज बस स्टैंड के एक किलोमीटर की परिधि के अंदर अवैध रूप से संचालित हो रही 10 टूरिस्ट बसों का चालान किया गया। साथ ही एक टूरिस्ट बस को सीज कर दिया गया। एआरटीओ मनोज सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री संघ के नाम पर कई टूरिस्ट बसें भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से अवैध रूप से संचालित हो रही थीं। इससे रोडवेज को रोजाना लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। इसी को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। सोनौली बस डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार प्रेमी ने बताया कि रोडवेज स्टैंड के एक किलोमीटर के परिधि के अंदर दर्जनों टूरिस्ट डग्गामार वाहन अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। ये वाहन नेपाल से भारत आने वाले यात्रियों को कम किराए का लालच देकर बैठा लेते थे। इससे परिवहन विभाग को रोजाना लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोनौली अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर अवैध रूप से संचालित हो रहे टूरिस्ट वाहनों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### दुरुस्त होगा फुलवरिया-सेमराडाड़ी मार्ग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के फुलवरिया से सेमराडाड़ी को जोड़ने वाली संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव के कारण जगह जगह कट पिट गया है कहीं कहीं सडक टूट गयी है आवागमन अवरूद्ध होने के बाद ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए मार्ग को ठीक करने की मांग की उपजिलाधिकारी फरेंदा से की है। एसडीएम फरेंदा शैलेंद्र गौतम ने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर हालात का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को संपर्क मार्ग दुरूस्त करने के निर्देश दिए। सेमराडाड़ी-फुलवरिया मार्ग बुधवार को दिन में नहर के पानी का तेज बहाव होने के कारण टूट गया था। इस मार्ग से फरेंदा बाजार व विद्यालय सहित अस्पताल पहुंचने में परेशानी हो रही है। गांव के राकेश विश्वकर्मा व ग्राम प्रधान दिनेश चंद्रा ने बताया कि नहर विभाग को इस पर पुलिया बनाने की मांग ग्रामीणों ने की थी।

## रक्षा बंधन : बाजारों में उमड़ी भीड़

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कस्बा में रक्षा बंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर बाजारों में देखी गई रौनक श्रावण मास अब अंतिम पड़ाव पर है और रक्षाबंधन पर्व की पुर्व संध्या पर बहनों की भीड उमड़ पड़ी। ऐसे में रक्षाबंधन त्योहार को लेकर खासा उल्लास है।

बाजार में खरीदारी के लिए बहनों की भीड़ उमड़ रही है। राखियां मिठाई से लेकर गिफ्ट और नारियल की खरीदारी बढ़ गई है। खासतौर से शहर का आजाद चौक बहनों से गुलजार रहा। अच्छी ग्राहकी से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हैं। उधर, भाई के घर पहुंचने की बहनों में खुशी थी। 9 अगस्त को मनाया जाने वाला त्यौहार रक्षाबंधन पर दुर्लभ और शुभ योग बन रहे हैं जो न केवल राखी बांधने के लिए बल्कि खरीदारी और निवेश के लिए भी अत्यंत लाभकारी माने जा रहे हैं आचार्य पंडित कमला कान्त शुक्ला ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण नक्षत्र और सौभाग्य योग का अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है। यह तीनों योग मिलकर दिन को अत्यंत शुभ और फलदायी बनाते हैं।

यह संयोग सूर्योदय से लेकर दोपहर बाद तक प्रभावी रहेगा जिससे इस अवधि में की गई खरीदारी, निवेश और शुभ कार्य विशेष रूप से लाभकारी रहेंगे जिसको लेकर बहन भाई एक दुसरे के लिए खरीदारी करने में लगे रहे जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान, ज्वेलरी, कपड़े, मिठाइयां, सजावटी वस्तुएं और उपहार की दुकानों पर खास भीड़ देखी जा रही है। भीड वाले स्थानों पर उपनिरीक्षक श्याम लाल, सुरेंद्र कुमार मय पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता, संतोष कुमार यादव के साथ तैनात रहे।

### ग्राम प्रधानों के खिलाफ अब हलफनामे पर ही शिकायत होगी मान्य

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों के खिलाफ होने वाली शिकायतों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। पंचायती राज निदेशालय की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है कि अब ग्राम प्रधानों के खिलाफ कोई भी शिकायत तभी स्वीकार की जाएगी, जब वह संबंधित ग्राम सभा के निवासी की ओर से हलफनामे के साथ की गई हो। इसके साथ ही फर्जी शिकायत की स्थिति में शिकायतकर्ता के खिलाफ विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। संयुक्त निदेशक (पंचायती राज), उत्तर प्रदेश, एसएन सिंह की ओर से 31 जुलाई को जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में यह साफ किया गया है कि शासन के पत्र 10 जुलाई के अंतर्गत यह निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश का आधार ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय की ओर से छह जून को भेजा गया पत्र है।

## ग्राम पंचायत कोटार व भटपुरवा में आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लॉक कर्मियों ने सुनी समस्याएं

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटार व भटपुरवा गांव में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लाक कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत कोटार के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ समाज कल्याण राजेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमे हैंडपम्प, शौचालय आवास व वृद्धा पेंशन के मांग की समस्या को रखा। एडीओ समाज कल्याण ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया है। ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भटपुरवा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव व प्रधान शिव गोविन्द चौरसिया ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे सचिव ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत कोटार व भटपुरवा में आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लॉक कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह, सचिव संदीप कुमार, पंचायत सहायक आदेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने किया बैठक का आयोजन

- 11 अगस्त को तिरंगा यात्रा 13 से 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान




**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलिया के पंचायत भवन सभागार में भारतीय जनता पार्टी हलिया मंडल द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति कार्यक्रम उल्लास के साथ आयोजित करते हैं। जिसमें देश की एकता अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेवा का सौर एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतया सफल रहा। मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है हम सभी को इस पर गर्व है। बैठक में 11 अगस्त को बजे से बरी गांव स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल के प्रतिमा से हलिया बाजार से ब्लॉक रोड़ तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी एवं संचालन मंडल महामंत्री दिलीप सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह चंदेल, अवधेश पाल, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फबबलू, आत्म देव सिंह, रविशंकर सिंह, अंशु मिश्र आदि मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी पूर्ण



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के मगरहा स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार में भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र नारायण सिंह रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति कार्यक्रम उल्लास के साथ आयोजित करते हैं। जिसमें देश की एकता अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेवा का सौर एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतया सफल रहा। मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है हम सभी को इस पर गर्व है। बैठक में 11 अगस्त को पुरानी पेट्रोल पंप बगहा से खैरा बाजार होते हुए आजाद चौक खैरा तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय सिंह भारद्वाज एवं संचालन मंडल मंत्री अनूप सिंह ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह, संजय मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह, रणवीर प्रताप सिंह, एस पी पाठक, प्रेमचंद सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीखड़ डॉ निलेश कुशवाहा आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बंद मिली परसाबेनी सहकारी समिति

- उपजिलाधिकारी फरेंदा ने औचक निरीक्षण उपरांत तत्काल शुरू कराया वितरण



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेंदा तहसील क्षेत्र में स्थित परसाबेनी सहकारी समिति का बीते बृहस्पतिवार सुबह एसडीएम शैलेन्द्र गौतम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति बंद मिली। गेट पर 7 से 9 अगस्त तक मांगलिक कार्यक्रम के चलते बंद रहने की सूचना चस्पा थी।

बिना पूर्व अनुमति के समिति का इस प्रकार बंद रहना अधिकारियों को संदेहास्पद लगा। एसडीएम ने मौके पर तत्काल नायब तहसीलदार को बुलाकर समिति को खुलवाया। इसके बाद गोदाम का स्टॉक चेक करवाया गया। जांच के दौरान समिति में 280 बोरी खाद का स्टॉक उपलब्ध पाया गया। एसडीएम ने एडीओ (सहकारिता) को निर्देशित किया कि इस खाद का वितरण तत्काल प्रभाव से शुरू कराया जाए। जिससे किसानों को समय पर खाद मिल सकेगी। उन्होंने सहायक आयुक्त (सहकारिता) को निर्देश दिया कि बिना पूर्व अनुमति समिति बंद करने के मामले में संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। एसडीएम शैलेन्द्र गौतम ने स्पष्ट कहा कि किसानों की आवश्यकताओं की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सहकारी समितियों को निर्धारित समय पर खोलना अनिवार्य है। अनुशासनहीनता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से क्षेत्रीय प्रशासन की सक्रियता और जवाबदेही तय करने की मंशा स्पष्ट होती है।

## मंडलायुक्त ने सहकारी समितियों का किया निरीक्षण खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



खाद के लिए सहकारी समितियों पर किसानों की भारी भीड़ को शासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है। इसी क्रम में मंडलायुक्त गोरखपुर द्वारा आज नौतनवा विकासखंड के सिरसिया सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान समिति पर मौजूद भारी भीड़ को देखते हुए मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों को तत्काल खोला जाए और खाद का आवंटन बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंडलायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने खाद वितरण व्यवस्था का भी गहन अवलोकन किया और मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। किसानों को आश्वस्त किया गया कि उन्हें खाद की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

इसी क्रम में मंडलायुक्त और जिलाधिकारी द्वारा जारा सहकारी समिति का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। यहां भी उन्होंने किसानों से सीधे बातचीत कर खाद की उपलब्धता, वितरण प्रक्रिया और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। किसानों को भरोसा दिलाया गया कि आवश्यकतानुसार खाद की आपूर्ति की जा रही है और यदि जरूरत पड़ी तो आपूर्ति और बढ़ाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे अनावश्यक रूप से खाद का भंडारण न करें, जिससे अन्य जरूरतमंद किसानों को भी समय पर खाद मिल सके। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की कालाबाज़ारी या अव्यवस्था न होने पाए।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को 12 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मांगों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा चयन वेतनमान का है। जनवरी 2025 से इसे बंद कर दिया गया है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। शिक्षकों की पत्रावलियां पिछले आठ महीनों से लंबित हैं।

बीएसए ने चयन वेतनमान से जुड़ी पोर्टल की तकनीकी समस्या को स्वीकार किया है। उन्होंने ऑफलाइन आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है। साथ ही अन्य मांगों के समाधान का भी वादा किया है। शिक्षकों की अन्य प्रमुख मांगों में प्रोन्नत वेतनमान के आदेश, स्थानांतरण में इच्छित स्थान न मिलने पर नोटिसों की सहानुभूतिपूर्वक समीक्षा शामिल है। एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती, बाधित वेतन का भुगतान और नगरीय आवासीय भत्ता निस्तारण भी मांगों में है। सत्यापन के आधार पर एरियर भुगतान, मानव संपदा पोर्टल की त्रुटियों का सुधार और मर्ज विद्यालयों का पुनः संचालन भी मांगा गया है। परीक्षा संचालन की धनराशि के खाते में हस्तांतरण, बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति और समर कैंप का मानदेय भी मांगों में शामिल है। बीएसए ने बीएलओ कार्य से शिक्षकों को मुक्त कराने के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र और जिला संयुक्त मंत्री अखिलेश पाठक भी मौजूद थे।

## मिलावट खोरों की सक्रियता से रक्षाबंधन पर्व पर बाजार मिठाइयों से पटा, विभाग मौन

- सस्ते दामों पर विभिन्न प्रकार की मिठाई खरीद कर लाए दुकानदार, महंगे दामों पर धड़ल्ले से बेंच रहे



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन पर्व को लेकर मिलावट खोरों की बढ़ती सक्रियता से हाट बाजार मिलावटी मिठाईयों से सजी हुई है। सस्ते दामों पर विभिन्न प्रकार की मिठाई खरीद कर लाए दुकानदार महंगे दामों पर खुलेआम बेचने में परहेज नहीं कर रहे हैं। जिससे भाई-बहन के पवित्र त्यौहार पर भाई बहन इन मिलावट खोरों के हाथों ठगे जा रहे हैं। खुलेआम बिक रहे सडे गले मिठाईयों से लोग विभिन्न बीमारियों के शिकार हों रहें हैं। जिम्मेदार चुप्पी साधे तमाशबीन बने हुए हैं। अतिशयोक्ति यह होगा जो कभी नहीं मिठाई बेचता था आज वह भी मिठाई बेच रहा है, केमिकल युक्त दूध से बनी मिठाई आज पूरे बाजार में बिक रही है। खरीदारी करेंने वाले के पूछने पर दुकानदार सफाई देते में पीछे नहीं है। आधुनिकता के दौर में रेडीमेड खाद्य पदार्थ खुले आम बिक रहा है। जिम्मेदारों ने कभी मुड़कर देखा नहीं कि इसका लोगों के सेहत पर अनुकूल या प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिससे छोटे बड़े बाजारों व चौराहों पर मिलावट खोर अपना धंधा चमकायें हुए हैं। इससे लगता है कि मिलावट खोर सम्बन्धित अधिकारियों पर अपना कब्जा जमाये हुए है। फरेंदा में पूर्व इन्स्पेक्टर के सागिर्द के द्वारा मिलावट खोरों से व मिठाई विक्रेताओं सहित खाद्य पदार्थ बेच रहे दुकानदारों से मधुर संबंध रहे। उसकी कृपा पर उक्त दुकानदार थडल्ले के साथ अपनी दुकान चमकायें रहते थे आज भी वही परम्परा चली आ रही है।

### कहावत है कि सइयां भये कोतवाल अब डर काहे का

इसी क्रम में महराजगंज, फरेंदा, धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर भैया फरेंदा कोल्हुई व बहादुरी में मिलावट खोरों की कृपा पर बेरोकटोक विभिन्न प्रकार की मिलावटी मिठाईयों की बिक्री जोरों पर है।